ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :20°C न्यूनतम: 05°C

सेंसेक्स 71,595.49 निफ्टी 21,782.50

सोना 63,220 चांदी 74,500

नई दिल्ली, शनिवार 10 फरवरी 2024 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 21 अंक 321 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2080 29 रजब 1445 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**चोटिल अय्यर तीसरे टेस्ट से हो सकते हैं बाहर**

## हल्द्वानी बवाल: सीसीटीवी फुटेज से हो रही उपद्रवियों की पहचान

### पांच हजार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज, चार को हिरासत में लिया, मृतकों की संख्या छह हुई, धामी पहुंचे हल्द्वानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी/ नैनीताल।** बनभूलपुरा हिंसा मामले में पुलिस ने अब तक पांच हजार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, चार लोगों को हिरासत में लिया है। हल्द्वानी हिंसा में नगर निगम को पांच करोड़, जबकि पुलिस को एक करोड़ से ज्यादा के नुकसान की आशंका है।

हल्द्वानी हिंसा में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मरने वाले दो लोगों की पहचान हो चुकी है। हल्द्वानी में हिंसा के बाद इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। वहीं, इसके साथ ही केबल टीवी का प्रसारण भी रोक दिया गया। पुलिस बनभूलपुरा में हुई हिंसा के उपद्रवियों और पत्थरबाजों की पहचान मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर रही है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। एहतियात के तौर पर हल्द्वानी में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात कर स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हिंसा की घटना के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी हल्द्वानी पहुंचे और यहां घायलों व पीड़ितों से कुशलक्षेम पूछी। साथ ही पुलिस अधिकारियों से इस मामले की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने का काम कोर्ट के आदेश पर पहले से हो रहा था। लेकिन यह हमला सुनियोजित था। जिस तरह से हमारी पुलिस पर हमला हुआ है। यह बहुत ही दुख की बात है। यह देवभूमि है। इन लोगों ने कानून तोड़ा है और देवभूमि की छवि को खराब करने का काम किया है। कई पत्रकारों को भी बुरी तरह से पीटा गया है।



■ सीएम धामी ने कहा: किसी भी उपद्रवी को बख्शा नहीं जाएगा

### 1937 से मुस्लिम पक्ष के पास थी मदरसे की जगह

■ मौलाना महमूद मदनी ने अमित शाह को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर में गुरुवार को हुई हिंसा मामले में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है कि 1937 से मुस्लिम पक्ष के पास मदरसे की जगह थी। जिसे नेस्तनाबूद कर दिया गया।

मौलाना महमूद मदनी ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उत्तराखंड की धामी सरकार पर सवाल उठाए हैं। महमूद मदनी ने पत्र में कहा कि हल्द्वानी के थाना बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक के बगीचे स्थित मस्जिद और मदरसे को नगर निगम के बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया है। इस मामले में हाई कोर्ट में 14 फरवरी को सुनवाई होनी थी। यह स्थान मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र का है। साल 1937 से मुस्लिम पक्ष इस जगह को लीज पर लिए हुए है। गृह मंत्री को लिखे पत्र में मदनी ने कहा कि मस्जिद और मदरसे के ध्वस्तीकरण का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है।

## बरेली में पथराव, तोड़फोड़, भीड़ हुई बेकाबू, आगजनी की कोशिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ ज्यादती हुई, तो हालात होंगे खराब: मौलाना तौकीर रजा

**बरेली।** बरेली के श्यामगंज में शुक्रवार शाम को बवाल हो गया। दोपहर के वक्त इत्तेहाद ए मिल्लत काउंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा ने देश में मुसलमानों के खिलाफ नफरत का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए गिरफ्तारी देकर विरोध जताया।

गिरफ्तारी से पहले वह इस्लामिया मैदान के पास आला हजरत मस्जिद पहुंचे। यहां उन्होंने जुमे की नमाज अदा की। मौलाना तौकीर रजा के समर्थन में भारी भीड़ जुटी। मौलाना तौकीर रजा ने आला हजरत मस्जिद की छत से अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम हल्द्वानी जैसा हाल बरेली में नहीं होने देंगे। इस दौरान तौकीर के समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। वहीं, पुलिस ने तौकीर रजा को इस्लामिया ग्राउंड में गिरफ्तारी देने से रोक दिया।भीड़ ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। बाद में मौलाना की अपील के बाद भीड़ वहां से चली गई। इस पूरे घटनाक्रम के बाद शाम करीब चार बजे श्यामगंज में अराजकतत्वों की भीड़ ने बवाल कर दिया। भीड़ ने पथराव और तोड़फोड़ की। इससे बाजार में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि पथराव से तीन लोग जख्मी हुए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने लाठी फटकारते हुए भीड़ को खदेड़ा। डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

## चौ.चरण सिंह, नरसिम्हा राव व स्वामीनाथन को भारत रत्न

### पीएम मोदी ने 'एक्स' पर अपनी सरकार के फैसले को सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के बड़े किसान नेता और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और कृषि विशेषज्ञ डा. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की मंजूरी दे दी है।

राष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में इस निर्णय को साझा करते हुए कहा कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृह मंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है। श्री राव को भारत रत्न के लिए चुने जाने का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में, श्री नरसिम्हा राव ने विभिन्न क्षमताओं में भारत की बड़े पैमाने पर सेवा की। उन्हें अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और कई वर्षों तक संसद और विधानसभा सदस्य के रूप में किए गए कार्यों के लिए समान रूप से याद किया जाता है। उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने, देश की समृद्धि और विकास के लिए एक ठोस नींव रखने में सहायक था। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरसिम्हा राव गारू का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला। श्री मोदी ने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डा. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए। हम एक अन्वेषक और संरक्षक के रूप में और कई छात्रों के बीच सीखने और अनुसंधान को प्रोत्साहित करने वाले उनके अमूल्य काम को भी पहचानते हैं। डा. स्वामीनाथन के दूरदर्शी नेतृत्व ने न केवल भारतीय कृषि को बदल दिया है, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा और समृद्धि भी सुनिश्चित की है। वह ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें मैं करीब से जानता था और मैं हमेशा उनकी अंतर्दृष्टि और इनपुट को महत्व देता था।



पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह | पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव | डा. एमएस स्वामीनाथन

**चौ. चरण सिंह को किसानों व देश के लिए समर्पित होने व पीवी नरसिम्हा राव को विभिन्न क्षमताओं में देश की बड़े पैमाने पर सेवा करने व डा. एमएस स्वामीनाथन को कृषि क्षेत्र में योगदान के लिए मिला सम्मान**

### तीनों महापुरुषों को भारत रत्न देने का कांग्रेस ने किया स्वागत



**नई दिल्ली।** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव तथा चौधरी चरण सिंह और महान कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने का स्वागत करते हुए कहा है कि इन तीनों महापुरुषों का देश के विकास में अतुलनीय योगदान रहा है। श्री खड़गे ने सम्मान की घोषणा के बाद गदगद होकर इसका स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से हम पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और डा. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हैं।

## भाजपा से गठबंधन पर जयंत की मुहर

### राजग के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेगा रालोद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चवन्नी पलट गई**



■ गठबंधन के सवाल पर बोले रालोद प्रमुख जयंत चौधरी, बीजेपी को किस मुंह से मना करूं
■ दादा को भारत रत्न मिलने पर जताई खुशी
■ सीटों के बारे में बात से यह दिन कम महत्वपूर्ण हो जाएगा
■ यह मेरे लिए भावुक और यादगार पल है

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के अध्यक्ष और राज्य सभा सदस्य जयंत चौधरी ने अगला आम चुनाव भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ मिल कर लड़ने की अपनी योजना स्पष्ट की।

मोदी सरकार ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने का ऐलान किया है। इस पर उनके पोते और आरएलडी नेता जयंत चौधरी की प्रतिक्रिया सामने आई है। जयंत चौधरी ने बड़े किसान नेता रहे चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के सरकार के फैसले पर खुशी जताई है। इसके बाद आरएलडी प्रमुख ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ा ऐलान कर दिया। जयंत चौधरी से जब सवाल पूछा गया कि क्या बीजेपी के साथ जाएंगे? इस पर उन्होंने कहा कि किस मुंह से इन्कार करूं? आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने कहा कि कोई कसर रहती है? आज मैं किस मुंह से इन्कार करूं आपके सवालों को। एनडीए में शामिल होने की अफवाहों के बीच बीजेपी के बारे में पूछे जाने पर आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने कहा कि सीटों या वोटों के बारे में बात करने से यह दिन कम महत्वपूर्ण हो जाएगा। पीएम मोदी ने एक निर्णय दिया है जो साबित करता है कि वह मूल भावनाओं को समझते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए भावुक और यादगार पल है। भारत के राष्ट्रपति और विशेष रूप से पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। देश की भावना इस फैसले से जुड़ी है। इससे पता चलता है कि पीएम मोदी देश की भावना को बखूबी समझते हैं। पीएम मोदी ने पापा अजित सिंह जी का सपना साकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति, भारत सरकार और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं। इससे बहुत बड़ा संदेश पूरे देश में गया है। देश की भावनाएं सरकार के इस फैसले से जुड़ी हैं। मोदी जी ने साबित किया है कि वे देश की मूलभावना को समझते हैं। जो आजतक पूर्व की सरकार नहीं कर पाई वो फैसले नरेंद्र मोदी ने लिए हैं। गठबंधन और सीटों की बात नहीं, आज का फैसला पीढ़ी दर पीढ़ी याद रहेगा। चुनाव से जोड़कर दिए गए बयानों पर जयंत ने कहा कि अगर ये कांग्रेस का आधिकारिक बयान है, तो ये छोटी बात है। जिसकी मैं निंदा करता हूं। चवन्नी वाले बयान पर जयंत ने कहा कि मैं कोई ट्वीट डिलीट नहीं करूंगा। विपक्ष क्या कहता है इसे भूल जाना चाहिए। सरकार ने दिल जीता है, खरीदने की बात नहीं है।

### अखिलेश यादव ने भी जताई खुशी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के ऐलान पर कहा कि उन सब को बधाई और धन्यवाद। देश के पूर्व प्रधानमंत्री, किसान नेता ने अपनी पूरी जिंदगी किसानों की खुशहाली के लिए लगा दी। अखिलेश यादव ने कहा कि चौधरी चरण सिंह के लिए भारत रत्न की मांग समाजवादी पार्टी ने की थी। जितने भी लोगों को भारत रत्न मिला है, मैं उनको बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी से बात होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इधर बात नहीं हुई है। जो बातें होनी हैं वे सब अखबारों में छप रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर में आरक्षण से जुड़े विधेयक राज्यसभा से पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) से जुड़े तीन विधेयकों को ध्वनिमत से पारित कर दिया। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने ओबीसी को स्थानीय निकायों में आरक्षण दिए जाने से संबंधित जम्मू-कश्मीर स्थानीय निकाय विधियां (संशोधन) विधेयक 2024 पर हुई चर्चा का जवाब दिया।

### हेमंत सोरेन के पूर्व प्रेस सलाहकार पिंटू से ईडी ने की पूछताछ

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से शुक्रवार को यहां ईडी कार्यालय में पूछताछ हो रही है। ईडी के अधिकारियों ने छापेमारी के दौरान अभिषेक प्रसाद के ठिकानों से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए थे। हालांकि ईडी के अधिकारी ने इसके पहले भी उनसे अवैध खनन मामले में पूछताछ की थी। फिलहाल ईडी के अधिकारी आर्किटेक्ट विनोद सिंह और अभिषेक से पूछताछ कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर में एवलांच व हिमाचल में भी अलर्ट

**नई दिल्ली।** उत्तरी हवाओं ने उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में ठंड बढ़ा दी है। मौसम साफ है, लेकिन ठंडी हवा के चलते लोगों को ठिठुरन महसूस हो रही है। छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में बारिश हुई है। मध्य प्रदेश में दिन और रात में ठंडी हवा महसूस की जा रही है, कई शहरों में दिन और रात का तापमान 2. 3 डिग्री गिरा है। पंजाब-हरियाणा में दिन गर्म है, लेकिन रातें ठंडी हैं। 8 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग के सरबल इलाके में हिमस्खलन हुआ। गमीमत रही कि इस एवलांच में न तो कोई घायल हुआ और न ही किसी की मौत हुई।

### असम-मिजोरम के बीच सुलझेगा सीमा विवाद

**गुवाहाटी।** असम और मिजोरम के बीच लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने के लिए दोनों राज्य के मुख्यमंत्रियों ने सहमति जताई है। शुक्रवार को असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने मिजोरम के सीएम लालडुहोमा को भोजन के लिए आमंत्रित किया। दोनों नेताओं ने सीमा विवाद पर बातचीत की। हिमंत बिस्व सरमा ने मिजोरम के सीएम से कहा कि असम विधानसभा का बजट सत्र खत्म होने पर वह सीमा प्रभारी मंत्री को मिजोरम भेजेंगे। दोनों नेताओं ने राज्यों की सीमाओं पर शांति बनाए रखने के लिए सहमति बनाई है।

## श्वेत पत्र पर चर्चा में वित्त मंत्री का तीखा प्रहार

नई दिल्ली, वार्ता

■ संप्रग सरकार रह जाती, तो ईश्वर ही जाने देश का क्या होता: सीतारमण

**वित्त मंत्री निर्मला** सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के वर्ष 2004 से 2014 के बीच के कार्यकाल के दौरान देश की अर्थव्यवस्था की हालत बदतर कर दी गई थी और यदि वही सरकार बनी रहती तो ईश्वर ही जाने देश का क्या हाल होता।

श्रीमती सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था की 2004 से 2024 की अवधि की दो गठबंधनों की सरकारों के समय की तुलनात्मक स्थिति पर प्रस्तुत श्वेतपत्र पर सदन में चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण दस्तावेज है और इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2010 के नई दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों में करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ, जिससे भारत पूरी दुनिया में बदनाम हुआ। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 सम्मेलन पूरे देश को साथ लेकर इतने बेहतर तरीके से संपन्न करवाया कि भारत का पूरी दुनिया में सम्मान बढ़ा।

### मेयर चुनाव: चंडीगढ़ प्रशासन को हाईकोर्ट का नोटिस

**चंडीगढ़।** मेयर पद के चुनावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की टिप्पणी के बाद से इस मुद्दे पर विवाद थम नहीं रहा। इसी बीच चंडीगढ़ मेयर चुनाव के दौरान विवाद के बावजूद हुए सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव को चैलेंज करने वाली कांग्रेस की याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी किया है और मामले की अगली तारीख यानी 26 फरवरी तक जवाब देने के लिए कहा है। बीते दिनों चंडीगढ़ मेयर पद के चुनावों में धांधली के आरोप लगे थे। सर्वोच्च अदालत ने कहा था कि यह स्पष्ट है कि रिटर्निंग अधिकारी ने मतपत्रों को नष्ट किया है। कोर्ट ने कहा था कि इस अधिकारी पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

## मुजफ्फरनगर स्कूल थप्पड़ मामले में अदालत सख्त

### सुप्रीम आदेश की अनदेखी करने पर यूपी सरकार को फटकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुस्लिम लड़के को थप्पड़ मारने के विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। आदेश का पालन न करने पर शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को एक बार फिर फटकार लगाई।

बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने उन छात्रों की काउंसलिंग करने का आदेश दिया था, जिन्हें कथित तौर पर उनके स्कूल शिक्षक द्वारा होमवर्क नहीं करने पर एक मुस्लिम लड़के को थप्पड़ मारने का निर्देश दिया गया था। यह देखते हुए कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अदालत के निर्देशों का पूर्ण उल्लंघन किया गया है, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह घटना के गवाह बच्चों की काउंसलिंग करें और दो सप्ताह के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करें। पीठ ने कहा कि हमने टीआईएसएस की हालिया रिपोर्ट देखी है, जिसमें घटना के दौरान मौजूद सभी छात्रों की काउंसलिंग की मांग की गई है। इस मामले में राज्य द्वारा कुछ भी नहीं किया गया है। दिन ब दिन मामला टलता जा रहा है। इसलिए अब हम राज्य को सीधे तौर पर निर्देश दे रहे हैं कि आदेश का तुरंत पालन कराया जाए। अदालत ने दो सप्ताह के भीतर अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही मामले की सुनवाई एक मार्च के लिए स्थगित कर दी। उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है।



■ अब सुप्रीम कोर्ट में एक मार्च को होगी सुनवाई

### परीक्षाओं में धांधली रोकने के विधेयक पर संसद की मुहर

**नई दिल्ली।** सरकारी सेवाओं की भर्ती परीक्षाओं को अनुचित साधनों से प्रभावित करने वाले अपराधियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक प्रावधानों वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 पर शुक्रवार को संसद की मुहर लग गई। राज्यसभा में इस विधेयक को संक्षिप्त चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित किया गया, जबकि लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है। कार्मिक, जनशिकायत एवं पेंशन मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. जितेन्द्र सिंह ने सदन में संक्षिप्त चर्चा के बाद कहा कि इस विधेयक से उच्च परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के हितों की रक्षा होगी और नियत समय के भीतर परिणाम आ सकेंगे।

## पीएम ने सांसदों से कहा: साथ चलिए, सजा नहीं दूंगा

नई दिल्ली, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शुक्रवार को संसद की कैंटीन में कई राजनीतिक दलों के सांसदों के साथ लंच किया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया कि इन सांसदों को दोपहर ढाई बजे इस अनौपचारिक लंच की सूचना मिली।

प्रधानमंत्री जब कैंटीन में पहुंचे, तो सांसदों से कहा मेरे साथ चलिए, आपको सजा नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री के साथ लंच में भाजपा सांसद हिना गावित, एस. फेंगनोन कोन्याक, जामयांग नाम्ग्याल, एल मुरुगन, टीडीपी सांसद राम मोहन नायडू, बसपा सांसद रितेश पांडे और बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा मौजूद थे। प्रधानमंत्री और सांसदों की यह लंच मीटिंग करीब 45 मिनट चली। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि पीएम और सांसदों का लंच करीब 45 मिनट तक चला। इस दौरान सांसदों ने प्रधानमंत्री से उनकी लाइफ स्टाइल के बारे में सवाल किया। सवाल पूछे कि वो उठते कब हैं, इतने बिजी शेड्यूल को मैनेज कैसे करते हैं। पीएम और सांसदों ने चावल, दाल, खिचड़ी, रागी और तिल के लड्डू खाए। लंच के बाद प्रधानमंत्री ने पीएमओ को लंच का बिल पे करने को कहा। लंच में मौजूद एक सांसद ने को बताया कि ये बिल्कुल अनौपचारिक लंच था। ऐसा लगा ही नहीं कि हम लोग प्रधानमंत्री के साथ बात कर रहे हैं। ये बहुत अच्छा अनुभव था। प्रधानमंत्री ने सांसदों के साथ अपने विदेश दौरों, नवाज शरीफ के साथ मुलाकात, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, अबु धाबी के मंदिर के बारे में बात की। अबुधाबी में पहले मंदिर की नींव 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने ही रखी थी। 14 फरवरी को वे इसका उद्घाटन करेंगे। भाजपा ने शुक्रवार को लोकसभा- राज्यसभा सांसदों को व्हिप जारी किया है। इसमें लिखा गया है कि कुछ जरूरी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, इस पर समर्थन के लिए सभी सांसद 10 फरवरी को सदन में मौजूद रहें। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार राम मंदिर पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश कर सकती है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी।



■ बसपा, टीडीपी, भाजपा और बीजेडी मेंबर्स के साथ कैंटीन में लंच किया
■ बिल पीएम ने भरा- भाजपा ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी किया, कहा- कुछ जरूरी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी

## अयोध्या के बाद मथुरा की ओर चली भाजपा

नई दिल्ली, वार्ता

■ राष्ट्रीय परिषद की बैठक में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का प्रस्ताव लाने की तैयारी

**भाजपा के एजेंडे** में अयोध्या के बाद अब मथुरा शीर्ष पर रहेगा। पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का प्रस्ताव लाने की तैयारी है। ठीक वैसे ही जैसे 1989 में श्रीराम जन्मभूमि का प्रस्ताव लाया गया था।

दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 18 फरवरी के बीच भाजपा के राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी। इसमें भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय परिषद के 8,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे। सूत्र बता रहे हैं कि इस बैठक का प्रमुख एजेंडा श्रीकृष्ण जन्मभूमि का प्रस्ताव हो सकता है। अभी पार्टी के शीर्ष नेताओं में इस बात को लेकर मंथन हो रहा है कि इस प्रस्ताव को सीधे तौर पर खुद भाजपा पेश करे या फिर किसी अन्य संगठन जैसे विहिप आदि के जरिये लाया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा सरकार में कोई बड़ा अर्थशास्त्री ही नहीं है: तृणमूल

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस ने मोदी सरकार पर बड़े आर्थिक घोटाले करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि देश की आर्थिक तरक्की के बड़े-बड़े दावे करने वाली इस सरकार के पास कोई बड़ा अर्थशास्त्री ही नहीं है। लोकसभा नें नियम 342 के तहत आर्थिक श्वेत पत्र प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने कहा कि मोदी सरकार में बड़े आर्थिक घोटाले हुए हैं। नोटबंदी उसी का परिणाम है और देश की जनता की खातों में 15 लाख रुपए नहीं आना इसी घोटाले का परिणाम है। बैंकों को हजारों करोड़ का चूना लगाने वाला नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या कहां है। ए सब घोटालेबाज देश से बाहर मौज ले रहे है और भाजपा सरकार को इसके लिए देश से माफी मांगी मांगनी चाहिए। उनका कहना था कि नोटबंदी पर जो रिपोर्ट वीरप्पा मोइली के नेतृत्व में तैयार की गई थी वह रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि अडानी को लाभ पहुंचाने के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहल करते हैं।

### भारत रत्न थे नरसिम्हा राव, चरण सिंह व स्वामीनाथन: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह तथा कृषि वैज्ञानिक डा. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने के सरकार की घोषणा पर कहा है कि ये तीनों भारत रत्न थे और हमेशा रहेंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और डा. एमएस स्वामीनाथन जी भारत के रत्न थे, हैं और सदैव रहेंगे। उनका योगदान अभूतपूर्व था, जिसका हर भारतीय सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि डा. स्वामीनाथन फॉर्मूले के आधार पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का क़ानूनी दर्जा दिए जाने पर मोदी सरकार चुप है। प्रधानमंत्री की हठधर्मिता के कारण 700 किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए, मगर सरकार ने किसानों के साथ वादा खिलाफी की। आज भी किसान दिल्ली कूच के लिए तैयार बैठे हैं, मगर सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है।

### 32वां ताज महोत्सव 17 फरवरी से

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में 32वां ताज महोत्सव 17 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। संस्कृति और समृद्धि की थीम पर होने जा रहे भव्य आयोजन में इस बार देश भर से आए प्रमुख कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मंडलायुक्त ऋतु माहेश्वरी और अन्य अधिकारियों ने होटल ताज खेमा में पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी दी है। इस दौरान ताज महोत्सव कार्यक्रम विवरणिका व ब्रॉशर का विमोचन किया तथा ताज महोत्सव के आयोजन और विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। पूर्व के वर्षों में शिल्पग्राम, सूरसदन प्रेक्षागृह और सदर बाजार में ताज महोत्सव आयोजन होता था, लेकिन इस बार आई लव सेल्फी प्वाइंट, ग्यारह सीढ़ी, कीठम सूर सरोवर, ताज व्यू पॉइंट आदि नए स्थलों को भी शामिल किया गया है। 17 से 27 फरवरी तक आयोजित होने वाले 32वें ताज महोत्सव में इस बार 370 स्टाल सुसज्जित किए जाएंगे। ओडीओपी के अंतर्गत यूपी के 50 जनपदों के स्टाल भी लगवाए जायेंगे। छह दिवसीय नाट्य महोत्सव में नेशनल, इंटरनेशनल ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

# ओबीसी बने मोदी को दूसरों की चिंता नहीं: खड़गे



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम पर लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि वह बिना संघर्ष के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में आ गए, लेकिन वर्षों से इस सूची में शामिल होने के लिए संघर्ष कर रहे लोगों की उन्हें चिंता नहीं है। खड़गे ने सोशल मीडिया पोस्ट पर आज कहा कि आजकल पूरे देश को मोदी सामाजिक न्याय का पाठ पढ़ा रहें हैं। उनकी कास्ट को तो ओबीसी का दर्जा मिल गया। वो अपने आप को 'सबसे बड़ा ओबीसी' भी कहने लगे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी को तो बिना सड़कों पर आंदोलन करे ओबीसी वर्ग का दर्जा मिल गया, पर देश में करोड़ों लोग ओबीसी लिस्ट में अपने आप को शामिल कराने के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। देश की कई सारी ऐसी पिछड़ी जातियां हैं, जो मोदी जी के हठ के कारण गणना के विरोध के चलते ओबीसी श्रेणी का दर्जा नहीं ले पाएंगी। खड़गे ने कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात में लाखों लोग कई वर्षों से अपनी जाति को ओबीसी का दर्जा दिलवाने के लिए सड़कों पर उतरें हैं। ओबीसी में विश्वगुरु तो मोदी जी बन गए! पर ए नहीं बता रहे कि जातिगत जनगणना कब होगा। सामाजिक न्याय को लागू करने के लिए जातिगत जनगणना सबसे ज़रूरी है। कांग्रेस का वादा है कि हम जाति जनगणना ज़रूर करवाएंगे।

# किसानों को उपज का सही मूल्य मिले: द्रोपदी मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**

## आईसीएआर के 62वें दीक्षांत समारोह में बोली राष्ट्रपति



■ हमारे कितने ही किसान भाई-बहन आज भी गरीबी में जीवन-यापन कर रहे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किसानों की गरीबी की स्थिति को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनको उसकी उपज का सही मूल्य दिलाने और उनकी समृद्धि बढ़ाने के प्रयास अधिक तेज करने की जरूरत पर बल दिया। श्रीमती मुर्मू ने सरकार द्वारा इस दिशा में उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को पूरने की यात्रा में देश का किसान अग्रदूत होगा।

राष्ट्रपति यहां भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर) के 62वें दीक्षांत समारोह में दीक्षांत भाषण दे रही थीं। उन्होंने कहा कि हम सब किसान एवं कृषि संबंधी समस्याओं से अवगत हैं। हमारे कितने ही किसान भाई-बहन आज भी गरीबी में जीवन-यापन कर रहे हैं। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले, वह अभावग्रस्त जीवन से समृद्धि की ओर बढ़े, इस दिशा में हमें और भी तत्परता से आगे बढ़ाना होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि मुझे पूर्व विश्वास है कि कि वर्ष 2047 में जब भरत विकसित राष्ट्र बन कर उभरेगा, तब भारत का किसान इस यात्रा का अग्रदूत होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में काफी वृद्धि की है, ताकि किसानों को आय सुरक्षा प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को बढ़ा देने से मृदा-स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। किसान सम्पदा योजना से देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ किसानों को बेहतर मूल्य पाने में सहायता मिलेगी और यह किसानों की आमदनी दोगुना करने दिशा में एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार किसानों की आय को बढ़ाने, नवीन कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए, सिंचाई व्यवस्था सुचारु रूप से उपलब्ध करने के लिए सकरार बहुत तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने इसी संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड और फसल बीमा योजना का भी उल्लेखनीय किया। कृषि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसा कहा जाता है कि किसान के हल की नोक से खींची गई रेखा सभ्यता के पूर्व के समाज और विकसित समाज के बीच की रेखा है। किसान न केवल विश्व के अन्नदाता हैं, बल्कि सही अर्थों में जीवनदाता हैं। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि भारत को खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का योगदान अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने न केवल कृषि से संबंधित अनुसंधान एवं विकास कार्यों को कुशलतापूर्वक किया है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि ऐसे अनुसंधान जमीन पर दिखें। उन्होंने कहा कि यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि संस्थान ने 200 से अधिक नई प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं। आईएआरआई ने 2005 और 2020 के बीच 100 से अधिक किस्में विकसित की हैं और इसके नाम पर 100 से अधिक पेटेंट हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में एक बड़ी आबादी का जीविकोपार्जन खेती से होता है। भारत की सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए यह सुनिश्चित करना काफी आवश्यक है कि हमारी अर्थव्यवस्था का यह आधार यथासंभव बढ़े और इसमें किसी तरह की कोई बाधा न आए।

## ब्लैक और व्हाइट पेपर चुनावी स्वार्थ के लिए उठाया गया कदम: बसपा

# अच्छे दिन के लिए तरस रही जनता: माया

**लखनऊ, वार्ता**



■ ऐसी संकीर्ण राजनीति से देश व जनता का कल्याण कैसे हो सकता है, महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी से सब त्रस्त

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच ब्लैक पेपर और व्हाइट पेपर को चुनावी स्वार्थ के लिए उठाया गया कदम बताया है।

मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा के बीच आगामी लोकसभा चुनाव से पहले गंभीर आरोप-प्रत्यारोप और ब्लैक पेपर व व्हाइट पेपर जारी कर एक-दूसरे को गलत व जनविरोधी साबित करने का खेल सिर्फ और सिर्फ चुनावी स्वार्थ है और ऐसी संकीर्ण राजनीति से देश व जनता का कल्याण कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर देश के करोड़ों लोग जबरदस्त महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली और ग्रामीण भारत की दुर्दशा आदि के तनावपूर्ण जीवन की मार झेलने को मजबूर हैं, इसलिए राजनीतिक दलों को स्वार्थ त्याग कर राष्ट्रीय समस्याओं पर जनता को संगठित प्रयास करने की जरूरत है। मायावती ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल को अन्यायकाल बताने से पहले कांग्रेस को यह जरूर सोचना चाहिए कि अगर उनके अपने 10 साल के कार्यकाल का रिकार्ड शानदार होता तो फिर भाजपा को देश की सत्ता में आने का मौका ही नहीं मिलता।

उन्होंने कहा कि ठीक इसी प्रकार अगर भाजपा सरकार का पिछले 10 वर्षों का कार्यकाल जनहित, जनकल्याण, देशहित, सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द, शान्ति-व्यवस्था आदि के मामले में बेहतरीन होता, तो करोड़ों लोग आज जीवन के हर क्षेत्र में इतने परेशान व बदहाल कभी नहीं होते और न ही महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन आदि के तंग जीवन गुजारने को मजबूर होना पड़ता। मायावती ने कहा कि वास्तव में अगर देखा जाए तो केन्द्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या फिर वर्तमान में भाजपा की दोनों के शासनकाल में देश के करोड़ों दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीबों, बेरोजगारों, युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं अन्य मेहनतकश समाज का जीवन हर प्रकार से लाचार व मजबूर बना हुआ है और वे लोग अपने थोड़े अच्छे दिन को लगातार तरस रहे हैं।

### श्वेत पत्र नहीं, सफेद झूठ पेश किया: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि अर्थव्यवस्था पर मोदी सरकार का श्वेत पत्र एक 'सफेद झूठ पत्र' है और इसके बजाय केंद्र सरकार को रोजगार, नोटबंदी, सीमा पर तनाव और मणिपुर जैसे मुद्दों पर ऐसा दस्तावेज लेकर आना चाहिए। सरकार के 'श्वेत पत्र' के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हमारे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कल '10 साल अन्य काल' नाम से एक 'ब्लैक पेपर' जारी किया। उनका कहना था कि कांग्रेस का 'ब्लैक पेपर' सरकार के 'श्वेत पत्र' पर 'सर्जिकल स्ट्राइक है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि सरकार सफेद झूठ पत्र लेकर आई है। रमेश ने कहा कि श्वेत पत्र में नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती आर्थिक असमानता का कोई जिक्र नहीं है। जिन मुद्दों पर उन्हें श्वेत पत्र लाना चाहिए, उनमें चीन के साथ सीमा पर तनाव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी मणिपुर पर श्वेत पत्र की मांग कर रही है, लेकिन सरकार इस पर चुप है।

### नाकामयाबी छुपाने को श्वेतपत्र लाई मोदी सरकार: गोगोई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार नाकामयाबी छुपाने के लिए आर्थिक श्वेत पत्र लाई है और वह प्रवर्तन निदेशालय-ईडी का इस्तेमाल सिर्फ विपक्ष के नेताओं को भारतीय जनता पार्टी में शामिल करने के लिए कर रही है। गोगोई ने लोकसभा में नियम 342 के तहत लाए आर्थिक श्वेत प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि यह प्रस्ताव अपनी नाकामयाबी छुपाने का मोदी सरकार का एक सोचा समझा प्रस्ताव है, लेकिन देश की जनता असलियत समझती है, इसलिए इस तरह के प्रयास का कोई महत्व नहीं है।

# मुख्तार की पत्नी व सालों की 2.35 करोड़ की संपत्ति जब्त

**गाजीपुर, वार्ता**

■ उप्र गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम- 1986 के तहत कार्रवाई की

उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिला निवासी बाहुबली मुख्तार अंसारी की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अंसारी परिवार द्वारा अपराध कृतियों से अर्जित धन द्वारा खरीदी गई 2.35 करोड़ की संपत्तियों को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने आईएस-191 गैंग के सरगना मुख्तार अंसारी गिरोह की सक्रिय सदस्य पत्नी आफसा अंसारी तथा मुख्तार के सगे साले अनवर शहजाद व सरजील उर्फ आतिफ रजा की आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन. राशि दो करोड़ 35 लाख 13 हजार 803 रुपए को धारा 14 (1) उप्र गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 के तहत कुर्क कर जब्तीकरण की कार्रवाई की। अभियुक्तों द्वारा संचालित कम्पनी आगाज इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट लिमिटेड, ग्लोराइज लैण्ड डेवलपर, इनजियो नेटवर्क साल्यूसन, कुसुम विजन इंफ्रा प्रोजेक्ट व मेसर्स विकास कंसट्रक्शन के विभिन्न बैंक खातों से ट्रांसफर करके स्पेक्ट्रम इंफ्रा सर्विसेज प्रालि के बैंक आफ बड़ौदा शाखा लंका, वाराणसी के खाते में मौजूद दो करोड़ 35 लाख 13 हजार 803 रुपए को जब्त किया गया।

### सोपोर में गोला-बारुद का जखीरा बरामद

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के सोपोर उप जिले में दो ठिकानों से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद करने के साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 2023 में दर्ज एक मामले की जांच के तहत कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए सोपोर थाने में बुलाया गया था। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की टीम ने संदिग्ध के घर में तलाशी ली। तलाशी के दौरान सोपोर में तारज़ू के अब्दुल रशीद नज़र के घर के अंदर एक गुप्त कंक्रीट ठिकाने का पता चला, जहां से आईईडी, पिस्तौल, पिस्तौल पत्रिका, जीवित गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे हथियार और गोला-बारुद बरामद किए गए।

## अर्थ व्यापार

# दो दिन गिरावट से उबरा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



■ रिलायंस समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार लिवाली

विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एसबीआई, आईसीआईआई बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत शेयर बाजार पिछले दो दिनों की गिरावट से उबरकर आज मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 167.06 अंक की तेजी के साथ 71,595.49 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 64.55 अंक चढ़कर 21,782.50 अंक हो गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में गिरावट का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.82 प्रतिशत गिरकर 39,569.57 अंक और स्मॉलकैप 1.36 प्रतिशत का नुकसान उठाकर 45,650.30 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3932 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1316 में लिवाली जबकि 2518 में बिकवाली हुई वहीं 98 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 27 कंपनियों में तेजी जबकि 23 में गिरावट रही। बीएसई के पांच समूहों में लिवाली हुई। इससे एफएमसीजी 0.23, वित्तीय सेवाएं 0.37, हेल्थकेयर 0.34, बैंकिंग 1.48 और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समूह के शेयर मजबूत रहे। वहीं, ऊर्जा 1.30, इंडस्ट्रियल्स 1.21, दूरसंचार 1.45, यूटिलिटीज 1.36, धातु 1.62, तेल एवं गैस 1.97, पावर 1.10 और कैपिटल गुड्स समूह के शेयर 0.86 प्रतिशत गिर गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.08, जर्मनी का डैक्स 0.02, जापान का निक्केई 0.09 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.28 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.83 प्रतिशत की गिरावट रही। कारोबार की शुरूआत में 18 अंक फिसलकर 71,410.29 अंक पर खुला संसेक्स बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 71,200.31 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 71,676.49 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 71,428.43 अंक के मुकाबले 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,595.49 अंक पर रहा। वहीं निफ्टी नौ अंक बढ़कर 21,727.00 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,629.90 अंक के निचले, जबकि 21,804.45 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,717.95 अंक की तुलना में 0.30 प्रतिशत चढ़कर 21,782.50 अंक हो गया। इस दौरान संसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एसबीआई 3.55, सन फार्मा 2.31, आईसीआईआई बैंक 2.14, एक्सिस बैंक 1.39, बजाज फाइनेंस 1.17, टाइटन 1.17, नेस्ले इंडिया 1.09, एशियन पेंट 0.76, कोटक बैंक 0.69, रिलायंस 0.67, इंडसइंड बैंक 0.55, विप्रो 0.29, आईटीसी 0.28, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.26, टेक महिंद्रा 0.15 और बजाज फिनसर्व 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

## अर्थ व्यापार

## अर्थ व्यापार

# थोक जिंस बाजार में उठाव सुस्त

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव, दामों में स्थिरता रही

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 3935 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की गिरावट लेकर 47.71 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 12000-12100 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपए और चावल: 2825-2925 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 3740-3840, चीनी एम. 4100-4200, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4500-4600 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 13259 रुपए, मूंगफली तेल 19780 रुपए, सूरजमुखी तेल 12088 रुपए, सोया रिफाइंड 11209 रुपए, पाम ऑयल 8066 रुपए और वनस्पति तेल 9733 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

आपके व्यापार को दे मजबूत आधार शाह टाइम्स का बाजार

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# यूपी के सरकारी स्कूलों में 40 लाख विद्यार्थी बढ़े



■ विधान परिषद में सीएम योगी ने दी जानकारी

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 40 लाख से अधिक नए बच्चों ने प्रवेश लिया है और शिक्षा में समानता लाने के व्यापक प्रयास हुए हैं, जो सामाजिक असमानता को दूर करने में सहायक होगा।

राज्य विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान निर्दलीय सदस्य आकाश अग्रवाल के सवाल पर जवाब देते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले सात वर्षों में राज्य के शिक्षा स्तर को सुधारने का प्रयास सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 40 लाख से अधिक नए बच्चों ने प्रवेश लिया है। बेसिक शिक्षा परिषद में 1,32,000 विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं को सुधारने का प्रयास हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी बच्चों को बैग, पुस्तकें, जूते, वर्दी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि यही नहीं चरणबद्ध तरीके से एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम को उप्र बोर्ड में भी लागू करने का प्रयास हो रहा है। आज जब बेसिक शिक्षा परिषद वही पाठ्यक्रम प्रदान कर रहा है तो आवश्यक नहीं कि हम निजी स्कूलों में अपने बच्चों को भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रैल और जुलाई में स्कूल चलो अभियान चलाया जाता है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में 40 लाख नए बच्चों की वृद्धि ये दिखाती है कि सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों का परिणाम सामने आ रहा है।

# बंगाल के संदेशखाली में घरों में लगाई आग

**कोलकाता, वार्ता**



■ तोड़फोड़, टीएमसी नेता की गिरफ्तारी की मांग पर बवाल

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के संदेशखाली में हंगामा मचा हुआ है। टीएमसी नेता शेख शाहजहां की गिरफ्तारी की मांग पर कई घरों पर आग लगा दी गई है। रिपोर्टिंग के दौरान एक बांग्ला चैनल के पत्रकारों पर हमला हुआ। कैमरे तोड़े गए और मारपीट की गई। पुलिस ने उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे हैं। बता दें कि संदेशखाली लंबे समय से ग्रामीणों के गुस्से की आग में जल रहा है। गुरुवार के बाद शुक्रवार को शेख शाहजहां का दाहिना हाथ शिबू हाजरा पोल्ट्री फार्म में आग लगा दी गई।

आरोप है कि शेख शाहजहां, उसके करीबी शिबू हाजरा, उत्तम सरदार, लाल्टू बोस जैसे नेता इतने सालों से आम लोगों का शोषण करते आ रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर हजारों आदिवासी महिलाएं अपने घरों से निकलकर संदेशखाली की सड़कों पर आ गईं। प्रदर्शनकारियों के हाथों में बांस, लाठी, डंडे थे। गांव की महिलाओं ने शिबू हाजरा के पोल्ट्री फार्म में आग लगा दी। एक के बाद एक घरों में आग लगा दी गई है। शिबू हाजरा का जेलियाखाली के हलदरपाड़ा में पोल्ट्री फार्म है। शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने वहां आग लगा दी। महिलाओं ने शिबू हाजरा को गिरफ्तार करने की मांग की। एक चैनल के पत्रकार सौरभ दत्ता उस इलाके में पहुंचे। तीन बाइक पर सवार लोगों ने उन्हें लिया। उन्होंने कैमरा बंद करने का आदेश दिया और फिर आगजनी की तस्वीर लेते कैमरा को तोड़ दिया गया, मारपीट की गई। घटना को लेकर बीजेपी प्रवक्ता शमिक भट्टाचार्य ने कहा कि इस राज्य में कानून का कोई शासन नहीं है। आग लगाने वालों ने शेख शाहजहां और उसके भाई आलमगीर के घरों में आग लगा दी। उस गांव की स्त्रियों से पूछें, वे सब कुछ बता देंगी कि टीएमसी के नेता कैसे आतंक फैलाए हुए थे। दूसरी ओर, पुलिस अधीक्षक हुसैन मेहेदी रहमान का कहना है कि इलाके में पुलिस भेजी गई है और स्थिति को संभालने की कोशिश की जा रही है। टीएमसी नेता शाहजहां और उनके करीबियों के खिलाफ शिकायत के दर्ज कराए जाने के बाद जांच की जा रही है। उन नेताओं की तलाश जारी है। टीएमसी नेता शाहजहां शेख पिछले महीने से लापता हैं। राशन घाटोले के दौरान रेड मारने गए ईडी अधिकारियों पर हमले किए गए थे। उसके बाद से वह फरार हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषिधया डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
09871683560
09811510106

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

स्थापित 1835 पछताना कैसा? मर्दाना कमजोरी
फोन उठायें और परामर्श लें
नसों की खराबी कमजोरी, लिंग का छोटापन, पतलापन, मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन व नामर्दी का सफल इलाज।
अलताज दवाखाना दिल्ली-53
09971207227
09899509822

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9027170666,9319393203

# पश्चिम थाने के सनसनीखेज दिनदहाड़े हुई रॉबरी के मामले को सुलझाया, छह गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पश्चिम विहार पश्चिम थाने के सनसनीखेज दिनदहाड़े हुई रॉबरी के मामले को सुलझाकर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से बीस लाख नकद,दो लाख रुपये की बैंक जमा रसीद ,दो मोबाइल फोन और लगभग सात लाख रूपये के आभूषण और अपराध करने में प्रयुक्त टीएसआर बरामद किया है।

दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) संजय भाटिया ने बताया कि १९ जनवरी को एक शिकायतकर्ता ने पांच लाख रुपये की चोरी के संबंध में पश्चिम विहार वेस्ट थाने में एक ई-एफआईआर दर्ज कराई गई थी।उसने बताया कि १७ जनवरी को कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके कर्मचारी से पांच लाख रूपये की रॉबरी की थी।मामला दर्ज होने के बाद स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच की. शिकायतकर्ता और पीड़ित की जांच करने पर पता चला कि उसके द्वारा किराए पर ली गई टीएसआर गाड़ी में पीड़ित से मारपीट कर और उसकी आंखों में मिर्ची स्प्रे फेंककर पचास लाख रुपये की रॉबरी की गई थी।अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस उपायुक्त संजय कुमार सैन की देखरेख में एसीपी नरेंद्र सिंह व इंस्पेक्टर संदीप तुषीर और नीरज शर्मा के नेतृत्व में एसआई सतेंद्र दहिया, योगेश दहिया, संजीव, परवीर, एएसआई परवीन, प्रदीप गोदारा, हेड कांस्टेबल प्रदीप, संदीप, अशोक, अजय,सचिन, संदीप दहिया, महिला हेड कांस्टेबल सुनीता राणा और महिला कांस्टेबल सोनम की टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की।. एसआई सतेंद्र दहिया द्वारा प्राप्त तकनीकी निगरानी और मैन्युअल जानकारी के माध्यम से, टीएसआर चालक की पहचान मिथुन सैनी उर्फ मन्नू (४४) के रूप में हुई, लेकिन वह फरार पाया गया। तकनीकी निगरानी की मदद से, टीम ने लाल बाग, आजादपुर के पास जाल बिछाया, जिसके परिणामस्वरूप दो आरोपी व्यक्तियों मिथुन सैनी उर्फ मन्नू उपरोक्त और सोनू (३३)को गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने उनकी निशानदेही पर दो अन्य आरोपियों अनिल (४७) और समय सिंह (३७)को भी विधानसभा मेट्रो स्टेशन के पास मेन रोड से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपियों के कहने पर १९ लाख नकद, दो लाख की नकद जमा रसीद रु. दो लाख (आरोपी अनिल द्वारा अपनी बेटी के खाते में), और दो मोबाइल फोन (आरोपी अनिल और सोनू द्वारा लूट के पैसे से खरीदे गए) बरामद किए गए। पूछताछ करने पर, उन्होंने बताया कि रानू प्रकाश शर्मा (३३) और कुछ और व्यक्ति भी इस मामले में शामिल थे। इसी के तहत एक टीम आरोपी रानू प्रकाश शर्मा की तलाश में बीकानेर पहुंची. तकनीकी निगरानी और स्थानीय इनपुट के आधार पर, आरोपी व्यक्तियों रानू प्रकाश शर्मा और गजानंद जाजड़ा (२२) को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## रोहिणी में सड़क किनारे मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रोहिणी में सड़क किनारे एक युवक का शव मिला है। मृतक के सिर और शरीर पर कई चोट के निशान भी मिले हैं। मृतक की पहचान रोहिणी सेक्टर 28 में रहने वाला गिल्लू के रूप में हुई। मूल रूप से वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। फॉरेंसिक और क्राइम टीम और स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर जांच में जुटी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह भेज दिया है।




अपराध शाखा ने पश्चिम विहार पश्चिम थाने में हुई रॉबरी के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# भाजपा दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा ने जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति के बारे में विवाद खड़ा करने का भाजपा ने कड़ा विरोध किया है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया और साथ ही राहुल गांधी के पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि राहुल गांधी इस मामले में पूरे राष्ट्र से माफी मांगें। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति एवं दिल्ली भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शन मोर्चा महामंत्री राम खिलाड़ी यादव, यूके चौधरी और मनीष चौधरी, मोर्चा उपाध्यक्ष लोकेश नंबरदार, अमित यादव, श्याम कुमार, चांदनी चौक का जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह सहित मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज पूरा विश्व सम्मान करता है। उन्हें किसी जाति या वर्ग से संबद्ध होने के कारण नहीं बल्कि पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान और गौरव बढ़ाने के लिए जाना जाता है।

तमाम बड़े देश भी आज मोदी जी के प्रभाव को स्वीकार करते हैं और हर महत्वपूर्ण मामले में उनके मार्गदर्शन की अपेक्षा करते हैं। ऐसे में राहुल गांधी द्वारा ऐसी तुच्छ टिप्पणी उनकी नीची सोच और मानसिकता को ही प्रकट करती है। राहुल गांधी ने पूरे देश के गरीबों और पिछड़ों का अपमान किया है। इसलिए वह सभी देशवासियों से माफी मांगें। प्रदर्शनकारियों को दिल्ली प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष सुनील यादव ने भी संबोधित किया और राहुल गांधी के बयान की निंदा की।

# सिविल लाइन्स थाने के स्टाफ ने रॉबरी के मामले को सुलझाया, दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के सिविल लाइन्स थाने के स्टाफ ने दिनदहाड़े हुई रॉबरी के मामले को सुलझा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से रॉब मोबाइल और पीड़ित का आधार कार्ड बरामद किया है।एक आरोपी तीन आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जबकि दूसरा आरोपी एक उभरता हुआ अपराधी है। दोनों आरोपी व्यक्ति स्कूल छोड़ने वाले और नशे के आदी हैं, जिन्होंने नशे की लालसा और आसान कमाई के लिए अपराध करना शुरू कर दिया।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीना ने बताया कि ४ फरवरी को एक शिकायतकर्ता ने एक ऑनलाइन शिकायत सिविल लाइन्स थाने में प्राप्त हुई , जिसमें उसने कहा कि ०४ फरवरी को दोपहर लगभग ०२:१५ बजे, वह अपने कार्यस्थल पर जा रहा था और जब वह बाबा गोपाल दास तालिब के पास पहुंचा । इसी बीच दो व्यक्ति उसके पास आए और उनमें से एक ने पीछे से उसकी गर्दन दबा दी और दूसरे व्यक्ति ने उसका मोबाइल फोन, और ८,०००/ रूपये जबरदस्ती छीन लिये और दोनों मौके से भाग गये।इसके बा शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज कर एसीपी सिविल लाइन्स धर्मेंद्र कुमार की देखरेख में एसएचओ सिविल लाइन्स राजीव कुमार के नेतृत्व में एसआई विजय मान, हेड कांस्टेबल विनीत,राहुल और कांस्टेबल राजन की टीम ने जांच शूरू की।

जांच के दौरान टीम ने शिकायतकर्ता से पूछताछ के साथ तकनीकी जांच की और घटना स्थल के आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया गया।इस दौरान तकनीकी निगरानी से पीड़ित से मोबाइल फोन और नकदी की लूट करने वाले दो व्यक्तियों की पहचान करने में सफल रही। इसके बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी ओम / काली (२३ ) को रात के समय मजनू का टीला के पास से पकड़ लिया।पूछताछ के दौरान,आरोपी ने पीड़ित की गर्दन दबाकर उससे मोबाइल फोन और नकदी लूटने के वर्तमान मामले में अपनी भूमिका कबूल की। इसके अलावा, आरोपी व्यक्ति ने अपने सह-आरोपी, कुणाल (१९)की पहचान का भी खुलासा किया, जो पीड़ित से लूटा गया मोबाइल और नकदी के साथ भाग गया था। इसके बाद, गिरफ्तार आरोपी व्यक्ति की निशानदेही पर अन्य आरोपी कुणाल/चीज को पकड़ कर उसके पास से लूटा गया मोबाइल फोन, और आधार कार्ड भी बरामद कर लिया गया।दोनों आरोपियों ने बताया कि वे स्कूल छोड़ चुके हैं और नशे के आदी भी हैं, उनमें से एक मजदूर के रूप में काम करता था और दूसरा रिक्शा चालक के रूप में काम करता था, लेकिन वे अपनी कमाई से संतुष्ट नहीं थे और अपनी बुरी आदतों के कारण वे आपराधिक घटनाओं में शामिल हो गए।

## दादी को गाली देने पर पोते ने युवक पर चलाई गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** छावला इलाके में बुधवार शाम दादी को गाली देने पर पोते ने पड़ोसी युवक पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली युवक को नहीं लगी। पीड़ित की पहचान सचिन के रूप में हुई है। गोलीबारी करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाम घुम्मनहेड़ा में एक युवक पर गोली चलाने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को शिकायतकर्ता सचिन मिला। जिसने बताया कि शाम में वह गांव के ही एक डॉक्टर से भाई के लिए दवा लेकर घर आ रहा था। उसने अपने दादा साहिब सिंह को पड़ोस में रहने वाले रवि की दादी से झगड़ा करते देखा। उसके दादा ने रवि की दादी को गाली दे दी। वह अपने दादा को लेकर घर जाने लगा। इसी दौरान गाली गलौज सुनकर महिला का पोता रवि अपने घर से बाहर निकला। उसके हाथ में पिस्टल था। रवि ने सचिन और उसके दादा पर पिस्टल तान दी। सचिन ने किसी तरह से अपने दादा को घर के अंदर भेजा। जैसे ही सचिन बाहर निकला रवि ने उसपर गोली चला दी। गोली उसके बगल से गुजर गया।

## विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आईजीआई थाना पुलिस ने फर्जी वीजा के जरिये विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी करने वाले जालसाज को पंजाब से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान फतेहगढ़ साहिब, पंजाब निवासी मुकेश के रूप में हुई है। आरोपी फेसबुक के जरिये दोस्ती कर लोगों को विदेश भेजने का झांसा देता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पिछले साल २३ जून को थाईलैंड से एक भारतीय नागरिक सहजप्रीत सिंह को निर्वासित किया गया था। उसके दस्तावेज की जांच में इमिग्रेशन अधिकारियों ने पाया कि यात्री के पासपोर्ट पर मलेशिया का नकली स्टांप लगा था। जिसके साथ यात्री ने छेड़छाड़ किया था। यात्री को आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने सहजप्रीत के खिलाफ फर्जीवाड़ा का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में यात्री ने बताया कि वह पैसा कमाने के लिए विदेश जाना चाहता था। २०२२ में उसकी फेसबुक पर मुकेश नाम के एक व्यक्ति से दोस्ती हुई। उसने बताया कि वह कई साल मलेशिया में काम कर चुका है और कई लोगों को विदेश भेज चुका है। इसके लिए उसने सारे दस्तावेज का इंतजाम करने की बात कही। इसकी एवज में उसने यात्री से एक लाख रुपये लिए। उसने बताया कि मुकेश ने उसकी थाईलैंड यात्रा की व्यवस्था की।

## मौसम के संभलते ही ट्रेनों की चाल में भी सुधार

**नई दिल्ली।** मौसम में सुधार के साथ ही ट्रेनों की चाल भी सुधरने लगी है। पिछले सप्ताह घंटों देरी से चलने वाली लंबी दूरी की कई ट्रेनें शुक्रवार को या तो समय से चल रही हैं या फिर पहले की तुलना में कम विलंब से। पहले पांच घंटे से अधिक विलंब से चलने वाली ट्रेनों की संख्या २० से ऊपर रहती थी और कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव करना पड़ता था।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति के बारे में विवाद खड़ा करने को लेकर भाजपा के नेतागण प्रदर्शन करते हुए।

# दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने ताजपुर गांव से शुरू किया गांव चलो बूथ चलो अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा मेरा बूथ सबसे मजबूत के ध्येय के साथ गांव चलो बूथ चलो अभियान के अंतर्गत आज ताजपुर गाँव में अपने प्रवास के दौरान वहां उपस्थित ग्रामीण किसानों को संबोधित किया और उनकी समस्याओं को सुनकर उसका समाधान करने का वायदा किया। इसके अलावा गांव के खिलाड़ियों के घर जाकर उनका उत्साह वर्धन किया। दिल्ली भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत, बूथ अध्यक्ष प्रवीण बाल्यान, निगम पार्षद जनता देवी, मोर्चा महामंत्री वेदपाल मान, सुमित चौहान एवं मंडल अध्यक्ष कुलदीप चौहान के आलावा गांव समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधी उपस्थित रहे। अपने प्रवास में आज प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने ताजपुर ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्र आज बदतर स्थिति में है तो उसका सबसे बड़ा कारण है कि दिल्ली के किसानों के साथ अरविंद केजरीवाल का सौतेला व्यवहार।

उन्होंने कहा कि दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के बदतर स्थिति में है और पिछले नौ सालों में अरविंद केजरीवाल सरकार ने एक भी राशनकार्ड नहीं बनाया है। सचदेवा ने कहा कि अपना काला चेहरा चमकाने के लिए केजरीवाल ने वृद्ध पेंशन बंद करके उन पैसों को अखबारों के विज्ञापनों में इस्तेमाल किया जो कि शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि गांव का किसान पूरे देश का पेट भरता है इसलिए हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनकी समस्याओं का समाधान करें। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के अंदर प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू नहीं किया गया लेकिन जहां झुग्गी वहीं मकान के तहत केन्द्र सरकार ने ३०२४ फ्लैट्स बनाकर गरीबों को दिये और साथ ही अभी ४००० फ्लैट्स बनकर तैयार है जो जल्द ही आवंटित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली राज्य में एक ऐसी सरकार है जो गरीब विरोधी है और अब समय आ गया है तय करने का कि हम केजरीवाल की जनता विरोधी सरकार को उखाड़ फेकेंगे। किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनोद सहरावत ने कहा की प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो गरीब अंतोदय के लियें काम करती है।

## एक नजर

### भारत सरकार की भारत रत्न घोषणा पर खुशी जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ बरवाला के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भारत सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी नरसिम्हा राव और महान कृषि विज्ञानी और भारत में हरित क्रांति के जनक एम एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा पर अपनी खुशी जताई है। वत्स ने कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरणसिंह सिंह, भारत में आर्थिक सुधारों के सूत्रधार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री पी.वी नरसिम्हा राव और भारत में हरित क्रांति के जनक महान कृषि विज्ञानी स्वर्गीय डॉ. एम.एस स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करने से भारत सरकार ने 140 करोड़ भारतीयों को सम्मानित कर दिया है। यह तीनों ही महान विभूतियों ने अपने -अपने क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है। वत्स ने इन तीनों विभूतियों को मरणोपरांत भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार जताया है। इस खुशी के मौके पर वत्स ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया है कि वे हिंदू हृदय सम्राट शिव सेना प्रमुख स्वर्गीय श्री बाल ठाकरे और दलितों के मसीहा मान्यवर कांशीराम को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की कृपा करें।

### चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलना स्वागत योग्य पर किसानों को हक भी दिलाए सरकार: चौधरी सुनील सिंह



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने का ऐलान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर इसका ऐलान किया। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक दल चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह भारत रत्न के हकदार थे उनको भारत रत्न मिलना स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग उनके जन्म दिन पर चौधरी सुनील सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष लोक दल के नेतृत्व में किसान घाट दिल्ली में की गई थी आज वह मांग पूरी कर दी गई है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की अपनी मांगों को लेकर हजारों को संख्या में किसान किसान घाट पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि जयंती से पहले ही लोकदल की तरफ से चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री को पत्र भी भेजा गया था। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हित में बड़े काम किए हैं। हम उनके बताए रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। लोकदल हमेशा किसानों का अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ रहा है।

# केजरीवाल सरकार के आने के बाद दिल्ली की शिक्षा में बदलाव: आतिशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि आज जिस स्कूल का शिलान्यास किया गया है, वह २००२ से टीन-टप्पड़ और पोर्टा केबिन में चल रहा था। इस दौरान कई सरकारें आई और चली गई, कई मुख्यमंत्री आए और चले गए, लेकिन हमारे बच्चे टीन-टप्पड़ में ही रह गए। पहले यही दिल्ली के शिक्षा व्यवस्था की सच्चाई थी। लेकिन आज दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली की शिक्षा में बहुत बड़ा बदलाव आया है। यह बदलाव कोंडली विधानसभा के मयूर विहार फेज तीन तक भी पहुंचा गया है और यहां शानदार तीन मंजिला स्कूल बिल्डिंग का शिलान्यास किया गया है।

स्कूल में ८० कमरे, ५ लैब और ३ लाइब्रेरी और लिफ्ट की सुविधा होगी। हमारे सरकारी स्कूलों में जितनी सुविधाएं बच्चों को मिल रही है, उतनी दिल्ली के किसी बड़े प्राइवेट स्कूल में भी नहीं मिल रही होगी। उन्होंने कहा कि स्कूल की नई बिल्डिंग बनवाने में इतना समय इसलिए लगा, क्योंकि यहां आसपास के स्कूलों में भी बहुत ज्यादा बच्चे थे। इसलिए इसका समाधान नहीं था कि नई बिल्डिंग बनाने के लिए पोर्टा केबिन्स हटाने के बाद बच्चों को कहां शिप्ट किया जाएगा। जब आसपास के सरकारी स्कूलों में नई बिल्डिंग बनी तो यहां पढ़ रहे बच्चों को अस्थाई तौर पर वहां शिफ्ट किया गया। अब यह नई बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सीएम बनने से पहले दिल्ली के स्कूलों का बहुत बुरा हाल था।




दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ताजपुर गांव से शुरु किया गांव चलो बूथ चलो अभियान की शुरूआत करते हुए।

## विपक्षी पार्टियों के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही केंद्र सरकार: भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आप के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्षी पार्टियों के नेताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही है। वह जानबूझकर पीएमएलए एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज करा रही है। पीएमएलए एक्ट आतंकवादियों और ड्रग माफियाओं से समाज और देश को सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया था। भारद्वाज ने कहा कि ऐसा कानून मानवता को बचाने और देश की अखंडता और सुरक्षा को बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन अब केस को प्रिडिकेट ऑफेंस बनाकर पीएमएलए के तहत एक मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है और ऐसा करके ईडी किसी के भी घर में घुस रही है। पार्टी मुख्यालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि पिछले कुछ महीनों से भाजपा शासित केंद्र सरकार ने पूरे देश में एक ऐसा माहौल बना रखा है कि जिस किसी को भी भाजपा शासित केंद्र सरकार और केंद्र सरकार की जांच एजेंसियां किसी भी झूठे मामले में पूछताछ के लिए बुला ले, तो वह देश का सबसे भ्रष्ट आदमी हो जाता है।

## आप की पीएसी की बैठक 13 फरवरी को

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने १३ फरवरी को राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक बुलाई है। जिसमें गोवा, हरियाणा और गुजरात की लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों का निर्णय होगा। आप गुजरात, हरियाणा और गोवा के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए १३ फरवरी को अपनी राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक करेगी। इससे पहले इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारा में हो रही देरी से नाराजगी का संकेत देते हुए आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को असम में तीन लोकसभा क्षेत्रों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इससे पहले आप नेताओं ने कहा था कि पार्टी दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और गोवा में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है।

## ले-विटेसे 2024 में धूम मचा रहे यूईआई ग्लोबल एजुकेशन के छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यूईआई ग्लोबल एजुकेशन का खेल और सांस्कृतिक महोत्सव ले-विटेसे २०२४ शुक्रवार को भी जारी रहा। इस महोत्सव में यूईआई ग्लोबल के सभी नौ परिसरों से ५०० से अधिक छात्र भाग ले रहे हैं। यह महोत्सव जीवंत भारतीय संस्कृति और परंपरा का मिश्रण है। जहां भारत के विभिन्न शहरों और राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, आगरा, लखनऊ ,पंजाब, लुधियाना, जालंधर, नई दिल्ली ,चंडीगढ़, जयपुर, पुणे और त्रिवेंद्रम से छात्र इस महोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव में पहले दो दिन खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इनमें इंडोर और आउटडोर दोनों खेल गतिविधियां जैसे क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस और बैडमिंटन के मैच शामिल रहे। इनमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शुक्रवार को सभी टीमों के बीच फाइनल मैच खेले गए। अब शनिवार को सांस्कृतिक उत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमे समूह नृत्य प्रतियोगिता, गायन, जैम सत्र और गाला नाइट में प्रत्येक राज्य के छात्र अपने अपने राज्य की सांस्कृतिक झलक को प्रस्तुत करेंगे।

## केजरीवाल सरकार ला रही वन टाइम वाटर बिल सेटलमेंट योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पानी के बिलों की समस्या से जूझ रहे दिल्लीवालों को बड़ी राहत दे दी। मुख्यमंत्री ने एलान किया है कि जल्द ही श्वन टाइम सेटलमेंट योजनाश लेकर आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जिस जिसके पानी के बिल बढ़कर आ रहे हैं। वो अपना बिल जमा न करें। मैं जल्द ही ठीक कराऊंगा। आगे कहा कि पानी के बिलों में गड़बड़ी हो रही है। मैं जानता हूं। आप लोग चिंता मत कीजिए। जिस जिसके पानी के बिलस बढ़कर आ रहे हैं, वो बिल अदा मत करना, मैं जल्द ही ठीक कराऊंगा। पानी के बिलगड़बड़ आ रहे हैं लोगों के, मैं जानता हूं।

## स्वदेशी म्यूजिक थेरेपी से स्ट्रोक के रोगियों का इलाज करेगा एम्स

**नई दिल्ली।** स्ट्रोक के बाद बोलने में दिक्कत और भाषा की समस्या को स्वदेशी म्यूजिक थेरेपी से दूर किया जाएगा। एम्स ऐसे रोगियों की समस्याओं को दूर करने के लिए शोध कर रहा है। मौजूदा समय में डच, स्पेनिश सहित कुछ अन्य देशों में इस्तेमाल होने वाली थेरेपी को भारत में इस्तेमाल किया जाता है। भारत के मरीजों पर उक्त थेरेपी सीधे कारगर नहीं है। ऐसे में भारत के लोगों की जरूरत के आधार पर इस थेरेपी को तोड़मरोड़ कर इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में इसका प्रभाव कम दिखता है। विशेषज्ञों की माने तो स्ट्रोक के बाद २१ से ३८ फीसदी मरीजों में अफेजिया रोग हो जाता है। इसमें बोलने की क्षमता या भाषा की दिक्कत हो जाती है। अफेजिया लिखी और बोली जाने वाली भाषा को अभिव्यक्त करने और समझने की क्षमता पर असर डालता है। एक बार मूल कारण का इलाज हो जाने के बाद अफेजिया का मुख्य इलाज स्पीच थेरेपी से होता है।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# पूर्व प्रधान के खेत में गोकशी कर आरोपी फरार, ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम ऐंची खुर्द में पूर्व प्रधान के खेत में गुरुवार रात कुछ लोगों ने गोकशी कर दी। शुक्रवार सुबह पता चलने पर गांव के लोगों में रोष फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को गड्ढा खुदवाकर दबा दिया। ग्रामीणों ने पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आरोपियों को शीघ्र ही नहीं पकड़ा गया तो लोग आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

ग्राम ऐंची खुर्द निवासी पूर्व प्रधान समय सिंह के खेत में गुरुवार रात गौ तस्करों ने गोवंशों को काट दिया तथा गौ मांस को अपने साथ ले गए जबकि अवशेष वहीं पड़े छोड़ गए। शुक्रवार सुबह जब किसान खेतों में काम करने गए तो खेत के किनारे भारी मात्रा में खून पड़ा देखा वहीं खेत के अंदर गोवंश के अवशेष पड़े हुए थे जिसकी सूचना पर अनेक ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। कंट्रोल रूम को सूचना देने पर थाना प्रभारी चमन प्रकाश शर्मा मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझाते हुए अवशेषों को जेसीबी से खेत में गडढ़ा खुदवा कर दबा दिया और मामले को रफा-दफा कर दिया। मगर ग्रामीणों ने पुलिस को चेतावनी देते हुए बताया कि गौ तस्करों ने यहां लाकर गोकशी की है ग्रामीण इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। थाना प्रभारी चमन प्रकाश शर्मा ने बताया कि अभी तहरीर नहीं आई है तहरीर आने पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।



पूर्व प्रधान के खेत में पड़े अवशेष।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह भारत रत्न से सम्मानित...

# उनके कार्य को देखकर दिया जा रहा है रत्न सम्मान: प्रतीक जैन

■ सरकार के इस फैसले से राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पीएम मोदी ने अपने अकाउंट पर चौधरी चरण सिंह को याद करते हुए अपने पोस्ट कर कहा, हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। इस निर्णय से राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के जनप्रति. निधियों में खुशी की लहर दौड़ उठी है। राष्ट्रीय सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता प्रतीक जैन ने भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस निर्णय पर और चौधरी चरण सिंह जी को रत्न सम्मान देने के लिए अपनी और से अभिनंदन किया है। और कहा यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा



जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई-बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।

# हल्द्वानी हिंसा के बाद मेरठ में अलर्ट

**अधिकारी सड़कों पर, जुमे की नमाज के बाद प्रशासन ने ली राहत की सांस**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। गुरुवार को हल्द्वानी में मदरसा गिराए जाने पर भारी हंगामा हो गया था। जिसमें लगभग आधा दर्जन लोग मारे गए और एक दर्जन से ज्यादा घायल हो गए। भीड़ ने चौकी पर भी हमला किया। पुलिसकर्मी भी इस घटना में घायल हुए हैं। वहीं प्रशासन ने एतिहात के तौर पर हल्द्वानी में कर्फ्यू की घोषणा कर दी बता दें कि शुक्रवार को बरेली के समाजवादी पार्टी के तौकीर राजा की गिरफ्तारी देने का भी ऐलान था। जिसमें भारी समर्थक उनके साथ थे। उत्तर प्रदेश में सभी जिलों में जुमे की नमाज के दौरान अलर्ट के आदेश दिए गए थे। वहीं हापुड़ अड्डा की इमलियान मस्जिद छिपी टैंक की मस्जिद के अलावा शहर की चर्चित मस्जिदों के पास पुलिस बल तैनात था नमाज अदा होने के बाद पुलिस ने लोगों को एक जगह रुकने नहीं दिया और उन्हें घर जाने के लिए कहा। वहीं शहर में भारी पुलिस बल को देखकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं थी शुक्रवार की सुबह से ही अधिकारी सड़कों पर थे। एसएसपी रोहित सिंह ने भी अधिकारियों के साथ संवे. दनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निक. ाला व शांति बनाए रखने को कहा।

# किसानों व गरीब मजदूरों में अपार खुशियां: राजेन्द्र शर्मा



राजेन्द्र शर्मा



सुरेन्द्र शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक राजेन्द्र शर्मा ने कृषक मसीहा, गरीब पिछड़े व दलितों के उन्नायक तथा स्वतंत्रता संग्राम के अग्रिम पंक्ति के सेनानी चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। रालोद नेता राजेन्द्र शर्मा सहित राष्ट्रीय मीडिया सचिव सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि, भारतीय राजनीति के ईमानदार व आदर्श व्यक्तित्व के साथ ही चौ. चरण सिंह ने गांव, गरीब और किसान हित में नीतियों को आगे बढाया। कहा कि, देश की जनभावनाओं के मद्देनजर चौ. चरण सिंह को भारत रत्न बहुत पहले ही दिया जाना चाहिए था, किंतु इसकी घोषणा के साथ ही किसानों व गरीब - मजदूरों में फिर एकबार खुशी की लहर देखी जा रही है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र हैं। इसके लिए रालोद व किसानों की ओर से हर जिले में समारोह आयोजित किए जाएंगे।

## यूटीआई मिड कैप फंड बाजार की संभावित स्वीट स्पॉट से लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रोजमर्रा की जिंदगी के बीच कंपनियां विकास और संतृप्ति के दौर से गुजरती हैं। मिड कैप कंपनियां विशिष्ट व्यावसायिक दौर में एक अवधि पर कब्जा कर लेती हैं, जिसमें कंपनियों ने छोटी कंपनियों में निहित चरण को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। जैसे प्रारंभिक पूंजी जुटाना, प्रारंभिक विकास चुनौतियों का प्रबंधन करना। हालांकि, इन कंपनियों के नेतृत्व को बनाए रखने, महत्वपूर्ण अन्तर के साथ काम करने की संभावना है, और वे इतनी बड़ी नहीं हैं कि तेजी से बढ़ने की उनकी क्षमता निराशाजनक हो। इसलिए, मिड-कैप कंपनियां तेजी से बढ़ते छोटे व्यवसायों और अच्छी तरह से स्थापित बड़ी कंपनियों के बीच एक अच्छा स्थान प्रदान कर सकती हैं। मिड कैप स्टॉक लार्ज कैप और स्मॉल कैप शेयरों के बीच आते हैं और आमतौर पर कंपनियों के बाजार पूंजीकरण के आधार पर निर्धारित होते हैं। सेबी की परिभाषा के अनुसार, पूर्ण बाजार पूंजीकरण के हिसाब से 101वीं से 250वीं कंपनी मिड कैप स्टॉक हैं।

# सड़कों में गड्ढे व गंदगी के विरोध में कांच के पुल पर धरने पर बैठे पार्षद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कांच के पुल अहमद नगर पर इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के तत्वधान एवं पार्षद रिजवान अंसारी के नेतृत्व में अन्य पार्षदगण की मौजूदगी में धरने के माध्यम से मांग की गई कि स्मार्ट सिटी मेरठ के 48 शहर विधानसभा क्षेत्र की मलिन, दलित, अल्पसंख्यक बस्तियों में विकास कार्यों का दोहरा मापदंड है इन क्षेत्रों में न तो शहर विधायक की रुचि है न ही नगर निगम गंभीर है। लिसाड़ी गेट चौपला से ओडियन नाला रोड ढवाई नगर पुल तक, गोला कुआं चौराहा से कांच के पुल तक, कांच के पुल से अहमद नगर रोड इन क्षेत्रों के रास्ते टूटे है।

नाले कच्चे है जलभराव की स्थिति बनी रहती है। जो दुर्घटनाओं का कारण बन रही है यही हाल कमोबेश अन्य दलित, मालिन अल्पसंख्यक बस्तियों के अन्य क्षेत्रों का भी है। शहर के जनप्रतिनिधियों की निधि का पैसा लेप्स होने जा रहा है। जिसका खुलासा समाचार पत्रों ने




किया है। क्षेत्रीय पार्षदो द्वारा विकास हेतु 6 महीने पहले प्रस्ताव दिए गए थे जो कि अब तक नजर अंदाज किए जा रहे है जबकि इस संबंध में सर्वदलीय पार्षदो के प्रतिनिधि मंडल द्वारा कई बार महापौर, जिलाधिकारी कमिश्नर एवं नगर आयुक्त से मिलकर विकास की इस भेदभाव नीति से अवगत कराया जा चुका है। समस्त मलिन, दलित अल्पसंख्यक क्षेत्रों के वार्डो में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाए सभी वार्डों का सर्वे कराया जाए। सर्वे एवं प्राथमिकता के आधार पर वार्डो में विकास कराया जाए। उनका कहना था कि मलिन, दलित, अल्पसंख्यक बस्तियों में न तो पेयजल की सुचारु रुप से सुविधा है और सफाई व्यवस्था भी चरमराई हुई है। गंदे पानी की निकासी न होने के कारण गंदा पानी रास्तों पर भरा रहता है। वायु प्रदूषण 400 के ऊपर प्रतीत होता है। खतरे का निशान क्रस कर चुका है। इस दौरान पार्षदगण रिजवान अंसारी, फजल करीम, शाहिद अंसारी ,ताहिर अंसारी रेशमा दिलशाद, मेहसर गुडडू, शमीम हसन, गुड्डी आदि मौजूद रहे।

# दो टुकड़ों में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के आमिर गार्डन में खाली प्लाट में दो टुकड़ों में अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शुक्रवार सुबह एक युवक के शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर खाली प्लाट में डाला गया था। पास से गुजर रहे राहगीरों ने प्लाट में एक बोरी देखा फिर उसे खोलकर देखा तो उसमें युवक का शव था। शव की सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरी को पुरा खोल कर देखा तो उसमें दो टुकड़ों में युवक का शव मिला। शव कि गर्दन धड़ से अलग थी और पैर अलग दो हिस्से में थे। शव के सीधे हाथ पर सोहेल लिखा हुआ था। पुलिस मानकर चल रही है शायद सो. हेल इसी युवक का नाम होगा। देखने से लग रहा है किसी धारदार हथियार से शरीर को काटा गया। पुलिस के अनुसार शव 20 से 25 साल के युवक की लग रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को मोर्चरी



भेजा है। आस पास में लगे सीसीटीवी भी चेक किए जा रहे हैं। आसपास के लोगों से भी पूछताछ हो रही है। साथ ही पुलिस ने लाश की तस्वीर ली है जिसे सर्कुलेट कराया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों की जांच कर पता चल सकेगा कि शव यहां कब, कैसे फेंका गया। पुलिस जांच में जुटी है। अनुमान लगाया जा रहा है। कि आसपास के जिलों से किसी ने हत्या कर यहां शव को फेंक दिया है। पहले भी एक गैस गोदाम पर महिला का बोरे में शव को फेंका गया था जिसकी अभी तक पुलिस शिनाख्त नहीं कर पाई।

# वेंक्टेश्वरा इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024 से नवाजे गए

■ पश्चिमी यूपी के ग्रामीणों को वेंक्टेश्वरा अस्पताल मुफ्त चिकित्सा देने का कर रहा है काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेंक्टेश्वरा समूह के खाते में आज एक और शानदार उपलब्धि दर्ज हो गयी। मेडिकल एजुकेशन एवं शानदार चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को एक्सीलेन्स इन हैल्थ एण्ड मेडिकल सर्विसेज के लिए हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024 से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रदान किया।

नई दिल्ली प्रगति मैदान स्थित भारत मण्डपम में आयोजित हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024 का शुभारम्भ केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, वेंक्टेश्वरा समूह के




चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी की गारन्टी के कारण भारतीय टेलेंट अब विदेशों का रूख न करके अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगे हैं। मोदी के विकसित भारत 2047 अभियान में स्वास्थ्य संस्थानों की भूमिका सर्वोच्य होगी। केन्द्रीय मंत्री ने वेंक्टेश्वरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वेंक्टेश्वरा मेडिकल कालेज की तर्ज पर देश के बाकी स्वास्थ्य संस्थानों को भी आगे आकर राष्ट्र विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के बल पर भारत अगले एक दशक में दुनिया का सिरमौर बनेगा। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि के अधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने उपस्थित जनसमूह को विश्वविद्यालय एवं मेडिकल कालेज द्वारा शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में किये जा रहे शानदार कार्यों की विवरण रिपोर्ट प्रस्तुत की। वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि को हेल्थ एक्सीलेंस अवॉर्ड-2024 मिलने पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। उनको बधाई देने वालों में प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, कुलपति डॉ. अनिल कुमार शुक्ला, प्रतिकुल. पति राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग रहे।

## आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक टैक्स एफीशिएंट पेंशन प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू गोल्ड पेंशन सेविंग्स लॉन्च किया है। इसमें ग्राहकों को व्यवस्थित योगदान करने और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सेवानिवृत्त जीवन जीने के लिए वांछित सेवानिवृत्ति कोष बनाने की सुविधा मिलती है। यह प्लान देश का पहला ऐसा प्रोडक्ट भी है, जो ग्राहकों को निवेश की गई पूंजी की सुरक्षा, कॉम्प्लीमेंट्री स्वास्थ्य जांच और आंशिक निकासी की सुविधा प्रदान करता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पलटा ने कहा, ग्राहक तीन साल की अवधि के बाद किए गए योगदान का 25 प्रतिशत तक हिस्सा निकाल सकते हैं, जिससे वे लिक्विडिटी संबंधी अपनी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। इसके अलावा, वार्षिक बोनस, जब भी घोषित किया जाता है, कॉर्पस और परिणामस्वरूप एन्यूटि को और मजबूत करने की क्षमता रखता है।

# नगर पंचायत के प्रांगण में लगा रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर पंचायत के प्रांगण में भारतीय चैरिटेबल ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शि. विर में 74 लोगों ने अपना रक्तदान दिया। इस मौके पर डॉक्टर अमित निर्मल, अरीब रिजवी, आकाश कुमार, अंकित कुमार, योगेंद्र यादव, आदिल आदि ने कैंप में लोगों से 74 लोगों का ब्लड लिया।

इस मौके पर आदर्श नगर पंचायत अध्यक्ष सचिन सुकड़ी ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। हर एक व्यक्ति को अपना रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि एक रक्तदान करने से दूसरे की जिंदगी बच सकती है। हमें रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान करना चाहिए। जिससे हम दूसरे की जिंदगी बचा सके। रक्तदान शिविर में 74 लोगों ने अपना रक्तदान दिया। इस मौके पर अध्यक्ष सचिन सुकड़ी, सभासद राजू राठी, मनीष अहलावत, रवि कुमार, मास्टर विकास कुमार, गौरव राजवंशी, राजेंद्र शर्मा, रजनी देवी, वीरेंद्र नागर, मोनू जाटव, वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खा, संदीप प्रजापति, विकास लाम्बा आदि ने अपना रक्तदान दिया।



## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने खाया जहर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर के मौहल्ला निधापुरी में एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी मेरठ भेज दिया। महिला के परिजनों ने तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार ने बताया कि सैफपुर-फिरोजपुर के मौहल्ला निधापुरी निवासी काजल पत्नी जॉनी उम्र 25 वर्ष ने ग्रह कलेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने स्थानीय डाक्टर के यहां उपचार कराया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी मेरठ भेज दिया है। मृतका के एक पुत्री चार वर्ष तथा एक पुत्र दो वर्ष तथा गर्भवती भी बताई जा रही है। मृतका के परिजनों ने जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक

# सियासी कस्बे में आपस में भिड़े दो महकमों के हाकिम

**जोर आजमाइश हुई, आला अफसरान की दखल से निकला सुलह का रास्ता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर में मेरठ-गढ़ मार्ग पर भारतीय स्टेट बैंक से नहर पुल तक हाईटेंशन लाइन रोड किनारे खड़े पेड़ों को छूकर गुजर रही है। जिससे लाइन में अक्सर फाल्ट और इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित होती रहती है। इस समस्या के समाधान के लिए शुक्रवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों ने श्रमिकों से उन पेड़ों की छंटाई शुरू करा दी जिनसे होकर लाइन गुजर रही है। इस बीच वन रेंजर परीक्षितगढ़ उधर से गुजरे तो उन्होंने नहर के पास शीशम के हरे पेड़ की छंटाई कर रहे व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में व्यक्ति ने बताया कि वह विद्युत लाइन सुरक्षा के लिए एसडीओ विद्युत के कहने पर बतौर श्रमिक पेड़ों की छंटाई कर रहा है। मामला एसडीओ विद्युत तक पहुंचा तो वे भी मौके पर आ धमके और जनहित में सरकारी काम का हवाला देते हुए सरकारी पेड़ छंटाई को उचित ठहराने लगे। इस पर वन रेंजर भड़क गए। उन्होंने वन्य कानून का हवाला देते हुए पेड़ छंटाई को अवैध और ग्रोथ में बाधक बताया। रेंजर हरज्ञान सिंह ने पेड़ों की छंटाई के लिए विभागीय अनुमति की पेशकश की जिस पर दोनों अधिकारियों में काफी देर बहस भी हुई। बताया गया कि रेंजर से गुस्साए एसडीओ विद्युत अनिकेत कुमार ने पहले अपने ऑफिस के सामने किराए के कमरे में रह रहे वनकर्मचारी की विद्युत आपूर्ति कटवाई। फिर कनेक्शन काटने के लिए वन चौकी किठौर पहुंचे लेकिन वहां सौर उर्जा प्लेट लगी देख बैरग लौट गए। मामला दोनों महकमों के आला अफसरान तक पहुंचा तो उन्होंने दखल कर सुलह का रास्ता निकाला। एसडीओ वन अंशुल चावला ने उक्त विवाद को रफा-दफा कर एसडीओ विद्युत को भविष्य में सरकारी व प्रतिबंधित पेड़ों छंटाई के लिए अनुमति लेने की नसीहत के साथ विद्युत विभाग द्वारा मांगे जाने पर शीघ्र अनुमति देने का आश्वासन दिया।

"किठौर विद्युत लाइन सुरक्षा के लिए एसडीओ विद्युत सरकारी व प्रतिबंधित पेड़ों की छंटाई करा रहे थे। मैंने परमीशन मांगी। जिस पर एसडीओ विद्युत से नोंकझोंक हुई मामला निपट उच्चाधिकारियों की दखल से मामला निपट गया है।"

**-हरज्ञान सिंह वन क्षेत्राधिकारी परीक्षितगढ़**

"सुचारू सप्लाई के लिए विद्युत लाइन में आड़े आ रहे पेड़ों की छंटाई कराई जा रही थी। वन रेंजर ने आपत्ति जताई। भविष्य में छंटाई की परमीशन को लेकर एसडीओ वन से बातचीत हो गई है।"

**-अनिकेत कुमार एसडीओ विद्युत**

# चौ. चरण सिंह विवि में परीक्षा समिति की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय परिसर में कुलपति कार्यालय के भूतल पर कमेटी हॉल में कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला की अध्यक्षता में परीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। परीक्षा समिति की नौ अक्टूबर 2023 को संपन्न हुई बैठक की कार्यरत का संपुष्टीकरण किया गया। एनसीसी कैडेट्स जो प्रतिवर्ष नवंबर में दिसंबर माह में आयोजित गणतंत्र दिवस कैंप में प्रतिभा करते हैं ऐसे छात्र व छात्राओं जो अंतिम वर्ष में है ऐसे छात्र व छात्राओं की विशेष परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। बैठक में कुल सचिव व परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा डिप्टी रजिस्ट्रार विकास कुमार सत्य प्रकाश प्रोफेसर जयमाला, प्रोफेसर शैलेंद्र शर्मा, डॉ. आर.सी. गुप्ता, डॉक्टर विभू साहनी, डॉ. मुकेश जैन, प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद है।



# विद्युत सखियों ने की रिकार्ड राजस्व वसूली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण एवं महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिये सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। पूर्व में जहां उपभोक्ताओं को बिजली का बिल जमा कराने के लिये बिजलीघर पर जाकर अपना बिजली बिल जमा कराना पड़ता था, बल्कि लम्बी-लम्बी कतारों में भी खड़े रहकर, बिजली का बिल जमा कराने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था वहीं अब स्वयं सहायता समूह से जुड़ी विद्युत सखियों द्वारा उपभोक्ताओं को जागरूक कर, नियमित रूप से बिजली का बिल जमा कराया जा रहा है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के अन्तर्गत विद्युत सखियों ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर बिजली के बिलों की वसूली में नये आयाम स्थापित किये है। पश्चिमांचल डिस्कॉम के अन्तर्गत विद्युत सखियों द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक 9 करोड़ 77 लाख रुपये से ज्यादा के विद्युत बिल वसूल कर, रिकार्ड राजस्व वसूली की है। विद्युत सखियों की बढ़-चढ़कर सहभागिता का परिणाम है कि पश्चिमांचल में 889 सखियों द्वारा 50350 बिलों के सापेक्ष लगभग 9 करोड़ 77 लाख रुपये बिल वसूल कर, रिकार्ड राजस्व वसूली की गई।

## चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा से दबथुवा में लोगों ने ढोल नगाड़े बजाकर मनाया जश्न

**सरधना।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से उनके समर्थकों व किसानों में हर्ष का माहौल छा गया। दबथुवा गांव में अनिल चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीण ने ढोल नगाड़े बजाकर जश्न मनाया। साथ ही लडडू बाटकर अपनी खुशी का इजहार किया। अनिल चौधरी दबथुवा ने कहा कि किसान मजदूरों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह भारत रत्न के हकदार थे। कई वर्षो से उन्हें भारत रत्न दिए जाने की मांग की जा रही थी। पिछली सरकारों ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने से परहेज किया।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/23-24/डब्लू- I (NIT-56) दिनांक: 08.02.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता / प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता-प्रथम/दिल्ली के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/वर्क्स/सोनीपत सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अधीन अनुभाग में 2 वर्ष की अवधि के लिए डीयूके अनुभाग पर तकनीकी कारीगर कर्मचारियों और कारीगर खलासी कर्मचारियों की तैनाती। |
| अनुमानित लागत | रु. 8984556.58 /- |
| धरोहर राशि | रु. 179700 /- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 24 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 01.03.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 01.03.2024 को 15:00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.Gem.gov.in पर उपलब्ध है। |
| सामान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए कारीगर/माली और सहायक खलसी आदि की जनशक्ति आपूर्ति से संबंधित कोई भी कार्य। |

नोट :- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। 426/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीटीसी कर्मचारियों के लिए केजरीवाल ने किया बड़ा एलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के पूर्व कर्मचारियों के लिए दिल्ली सरकार ने अच्छी खबर दी है। पूर्व कर्मचारियों के बकाए पेंशन का सरकार ने भुगतान कर दिया है। उन्होंने कहा-डीटीसी के सभी रिटायर्ड बुजुर्गों के लिए खुशखबरी लाया हूं। पकी सारी बकाया पेंशन आपके खाते में चली गई है। देरी के लिए माफी चाहता हूं।

मैं जानता हूं आप मुझसे नाराज हो। पर आपका बच्चा हूं। देरी के लिए माफ कर देना। उन्होंने कहा कि पिछले साल-डेढ़ साल से आपको पेंशन मिलने में बड़ी परेशानी हो रही थी। २०१५ में जब हमारी सरकार बनी थी, उससे पहले आपको पेंशन मिलने में बड़ी परेशानी होती थी। तब की सरकार कहती थी कि डीटीसी के पास फंड नहीं है। हम आपको पेंशन नहीं दे सकते। लेकिन हमारी सरकार आने के बाद दिल्ली सरकार अपने फंड से आपके लिए पेंशन की व्यवस्था की है। आपको हर महीने पेंशन मिल रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ साल से जो आपको दिक्कत हुई है, उसके लिए आपसे माफी मांगना चाहता हूं। आप जानते हैं कि केंद्र सरकार हमारे काम में अड़चन डाल रही है। लेकिन मैं पेंशन मिलने की देरी के लिए खुद को जिम्मेदार मानता हूं। बाकी मैं ठीक कर लूंगा। केजरीवाल ने कहा कि पिछले साल एक गांव में गया था। तब डीटीसी के एक कर्मचारी ने मुझसे पेंशन के लिए कहा था। तब मैं उनसे वादा किया था कि आपका बच्चा हूं और आपसे वादा करता हूं कि आपको पेंशन जरूर मिलेगी। मैंने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर आपके पेंशन का प्रावधान किया। अब आपकी सारी पेंशन आपके अकाउंट में आ गया है। आगे जब भी कोई दिक्कत आई तो भरोसा रखना क्योंकि केजरीवाल आपकी सारी पेंशन दिलाकर रहेगा।

केजरीवाल ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार और अन्य पार्टी पूरी दिल्ली में गुंडागर्दी मचा रखी है। हम कोशिश कर रहे हैं कि आपके सारे काम करके रहेंगे। अभी हमारे पास ज्यादा पावर आई नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जो भी शक्तियां दी है, वह भी छीन ली गई है। दिल्ली के लोग मेरा परिवार है और आपको पिता सामान मानता हूं। आप अपना आशीर्वाद बनाए रखिएगा।

# गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन की घटना में एक की मौत, परिजन को 25 लाख का मुआवजा, दो अफसर सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को दिल्ली मेट्रो के गोकुल. पुरी स्टेशन पर हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि स्टेशन का एक हिस्सा गिर गया। इसके मलबे की चपेट में आने से एक शख्स की मौत हो गई है। दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर मौजूद गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन पर बृहस्पतिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्लेटफॉर्म की साइड वॉल का बड़ा हिस्सा स्लैब समेत चलते ट्रैफिक पर गिर गया। हादसे में चार दोपहिया वाहन पर सवार पांच लोग मलबे के नीचे दबकर बुरी तरह जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा बचाव दल मौके पर पहुंच गया।

आनन-फानन में घायलों को मलबे से निकाल. कर जीटीबी अस्पताल भेजा गया, जहां एक शख्स को मृत घोषित कर दिया गया जबकि चार का अस्पताल में इलाज जारी है, इसमें एक की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक की शिनाख्त करावल नगर निवासी विनोद कुमार (५३) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हादसे पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने अफसोस जताते हुए मृतक के परिजनों को २५ लाख, गंभीर रूप से घायल को पांच लाख और मामूली रूप से जख्मी हुए व्यक्तियों को एक-एक लाख रुपये देने का ऐलान किया है। डीएमआरसी अधिकारियों ने हादसे के फौरन बाद सिविल डिपार्टमेंट के मैनेजर और जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर कर मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि हादसा बृहस्पतिवार सुबह करीब ११.०० गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन पर हुआ। यहां प्लेटफॉर्म के पूर्वी ओर बनी एक ओर की दीवार, स्लैब समेत नीचे चलते ट्रैफिक पर गिर गई। करीब ४० से ५० मीटर लंबी दीवार और स्लैब का मलबा सड़क से गुजर रहे वाहन चालकों पर गिर गया। एकाएक हुए हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीर मदद को भागे। मामले की सूचना पुलिस के अलावा दमकल विभाग को दे दी गई। चूंकि घटना स्थल से थाना चंद कदमों की दूरी पर था, इसलिए कुछ ही मिनटों बाद पुलिस की टीम वहां पहुंच गई। पब्लिक की मदद से घायलों को मलबे से निकाला गया।

बाद में दमकल की चार गाड़ियां भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने घायल करावल नगर निवासी विनोद कुमार (५३), बलराम नगर, लोनी निवासी अजीत कुमार (२१), गंगा विहार गोकुलपुरी निवासी मोनू (१९), इंद्रापुरी, लोनी निवासी संदीप (२७) और लक्ष्मी गार्डन, लोनी निवासी मो. ताजिर (२४) को पीसीआर और एंबुलेंस की मदद से तुरंत जीटीबी अस्पताल भेजा। जहां विनोद को मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल में अजीत की हालत नाजुक बनी हुई है। उसकी एक टांग में फ्रेक्चर हो गया है, उसको बाकी जगह भी चोट लगी है। बाकी घायलों का भी अस्पताल में इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कई लोग और भी हादसे में जख्मी हुए हैं जिन्होंने प्राइवेट अपना इलाज कराया है।

## अब सीवर, सेप्टिक टैंक व नालियों की मैनुअल सफाई होगी बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सीवर, सेप्टिक टैंक और नालियों की मैनुअल सफाई बंद होगी। इसे रोकने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सभी जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) को उनके संबंधित अधिकार क्षेत्र में जिम्मेदार स्वच्छता प्राधिकरण (आरएसए) के रूप में नामित किया है। करीब तीन साल की देरी के बाद इस संबंध में शहरी विकास विभाग ने जनवरी के अंतिम सप्ताह में एलजी को प्रस्ताव भेजा था, जिसे एलजी ने मंजूरी दे दी। इस प्रस्ताव के तहत डीएम अपने क्षेत्र में आपातकालीन प्रतिक्रिया स्वच्छता इकाइयां (ईआरएसयू) तैयार करेंगे।

इस मुद्दे की निगरानी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। उन्होंने इस दिशा में समीक्षा की थी। इस प्रस्ताव का उद्देश्य देश में हाथ से मैला ढोने की प्रथा को पूरी तरह से खत्म करना है। साथ ही, समाज के सबसे वंचित वर्गों की जरूरत को पूरा करना है। इसे लेकर केंद्र सरकार के मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने १९ फीसदी २०२० को एक बैठक में निर्णय लिया था कि प्रत्येक जिले में डीएम को आरएसए के रूप में नामित किया जाना चाहिए।



दिल्ली नगर निगम ने अवैध निर्माण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य क्षेत्र के हजरत निजामुद्दीन इलाके में अवैध निर्माण ध्वस्त करते हुए।

# मुख्यमंत्री ने मयूर विहार में नई स्कूल बिल्डिंग का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार कोंडली इलाके में विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस स्कूल बनाएगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मयूर विहार फेज तीन में नई स्कूल बिल्डिंग का शिलान्यास किया। २००२ से इस स्कूल में पोर्टा केबिन में बने क्लासरूम में बच्चे पढ़ रहे थे, जिन्हें पास के स्कूलों मे शिफ्ट कर यहां नई बिल्डिंग बनाई जा रही है, जहां ५० क्लास रूम, ५ लैब, ३ लाइब्रेरी, एक्टिविटी रूम समेत सभी सुविधाएं होंगी। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये लोग जितने समन भेजेंगे, मैं उतने स्कूल बनाऊंगा। इन लोगों का धर्म फर्जी केस बनाना, समन भेजना है और स्कूल, अस्पताल बनाना, लोगों की सेवा करना मेरा धर्म है। आज दिल्ली और पंजाब को छोड़कर देश में कहीं भी स्कूलों पर काम नहीं चल रहा है। भाजपा की केंद्र सरकार ने दिल्लीवालों के लिए कुछ अच्छा काम नहीं किया। ये लोग न खुद कुछ करते हैं और न मुझे करने देते हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी, स्थानीय विधायक कुलदीप कुमार व अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। कोंडली विधानसभा के मयूर विहार फेज तीन में स्कूल बिल्डिंग का शिलान्यास करने पहुंचे सीएम अरविंद' केजरीवाल का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सीएम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और नारियल फोडकर स्कूल की नई बिल्डिंग बनाने की नींव रखी। इस दौरान उन्होंने नाम गवर्नमेंट गर्ल्स एवं ब्यॉज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नाम पट्टिका का अनावरण किया। सीएम ने नई बिल्डिंग के मॉडल को भी देखा और अफसरों से बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के बारे में जाना। बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया और सीएम को नवांकुर भेंट किया।

इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार बनने से पहले २०१४ सरकारी स्कूलों का बहुत बुरा हाल होता था। बच्चे स्कूल जाते थे और एक-दो घंटे बाद वापस घर आ जाते थे। स्कूलों में पढ़ाई के नाम पर कुछ नहीं होता था। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से लगातार दिल्ली के अंदर शानदार स्कूल बनते जा रहे हैं। कुछ दिन पहले बुराड़ी में चार स्कूलों का शिलान्यास किया, उसमें १० हजार बच्चे पढ़ेंगे। ८ फरवरी को पालम में एक नए स्कूल का शिलान्यास किया है। वहां २५०० बच्चे पढ़ेंगे। इससे पहले रोहिणी में नए स्कूल का उद्घाटन किया।

# साइबर फ्रॉड धोखाधड़ी मामले का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने ऑनलाइन साइबर फ्रॉड धोखाधड़ी मामले का भंडाफोड़ किया है, जो फर्जी बैंक वेबसाइट के जरिए लोगों को चूना लगाते थे।पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन बरामद किए है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि ०६ फरवरी को एक व्यक्ति की शिकायत पर -साइबर जिला थाने के तहत मामला दर्ज किया गया था जिसमे बताया कि उसे अज्ञात नंबर से एक टेक्स्ट संदेश प्राप्त हुआ कि उनके एक्सिस बैंक रिवॉर्ड पॉइंट समाप्त होने वाले हैं। शिकायतकर्ता ने दिए गए लिंक पर क्लिक किया जिससे वह एक्सिस बैंक की फर्जी वेबसाइट पर पहुंच गया। शिकायतकर्ता ने इस पर अपने बैंक खाते का विवरण भरा जिसके बाद उसके बैंक खाते से १८७८६८/- रुपये काट लिए गए। मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए एसीपी ऑपरेशन गुरुदेव सिंह की देखरेख में एसएचओ साइबर शाहदरा मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार, अवधेश कुमार, हेड कांस्टेबल सचिन, दीपक, रविंदर, विकास शर्मा राजेश और विकास की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान उन बैंक खातों का विवरण प्राप्त किया गया जिनमें धोखाधड़ी की गई राशि हस्तांतरित की गई है और संदिग्ध मोबाइल नंबर के कॉल विवरण का विश्लेषण किया गया।इसके बाद टीम ने कॉल डिटेल, फर्जी वेबसाइट होस्ट और डोमेन डिटेल और अन्य तकनीकी निगरानी के आधार पर तीन आरोपी भरत (२६), अमित (२३) और अभिषेक (२७) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त तीन मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं।

## निगम ने अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ह. निजामुद्दीन में अवैध निर्माण ध्वस्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने अवैध निर्माण के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए आज मध्य क्षेत्र के निजामुद्दीन बस्ती इलाके में जियारत गेस्ट हाउस में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। निगम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए गेस्ट हाउस के पहले एवं दूसरे तल को पूरी तरह से ध्वस्त किया। दिल्ली नगर निगम ने यह कार्रवाई डीडीए के साथ मिलकर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की गई है। दिल्ली नगर निगम ने मध्य क्षेत्र के कालिंदी कुंज इलाके में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इसी क्रम में दिल्ली नगर निगम ने फरवरी माह में तोड़फोड़ की १३१ कार्रवाई, सीलिंग की ३५ कार्रवाई, अवैध प्लाटिंग/ कॉलोनाइजेशन के खिलाफ १० कार्रवाई कर १८ एकड़ जमीन मुक्त कराई गई। आने वाले दिनों में तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम देने के लिए इस तरह की और कड़ी कार्रवाई पहले से ही प्रक्रियाधीन है। यह कार्रवाई डेरा, मंडी, भाटी, छतरपुर, जोनापुर, जैतपुर, मीठापुर, बुराड़ी, नरेला, भलस्वा, कादीपुर, अलीपुर, जींदपुर और भोरगढ़ आदि इलाकों में की गई है। जनवरी २०२४ में निगम ने ४९५ तोड़फोड़ की कार्रवाई की, १३७ सीलिंग की कार्रवाई की एवं अवैध प्लॉटिंग/ कॉलोनाइजेशन के खिलाफ ६९ कार्रवाई की और १२५ एकड़ जमीन को मुक्त कराया।

इसके साथ ही ६६ अपराधियों पर मुकदमा भी चलाया गया है। दिल्ली नगर निगम अवैध निर्माण को लेकर जीरो टॉलरेंस का अनुसरण कर रहा है और निगम अवैध प्लाटिंग/ कॉलोनाइजेशन के खिलाफ तोड़फोड़/सीलिंग की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रखेगा।

# वायु प्रदूषण से शहर में मर रहे हैं लोग, वन ही हमारे रक्षक : हाईकोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को वन भूमि के अंदर अनधिकृत अतिक्रमण और धार्मिक संरचनाओं के निर्माण पर चिंता व्यक्त की है। अदालत ने कहा, शहर में पर्याप्त धार्मिक संरचनाएं हैं और जंगलों को बहाल करने के लिए इसे छोड़ दिया जाना चाहिए। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा, वायु प्रदूषण के कारण शहर में लोग मर रहे हैं। यही हमारा एकमात्र रक्षक है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने टिप्पणी की कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) या राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित किसी भी स्मारक को संरक्षित किया जाएगा लेकिन अनधिकृत निर्माण को कोई सुरक्षा नहीं मिल सकती। पीठ ने स्पष्ट किया कि ऐसा कुछ भी नहीं उठाया जाएगा जो वास्तव में विरासत के रूप में घोषित किया गया हो। इससे हमारा कोई झगड़ा नहीं है। पीठ ने वन क्षेत्रों में बढ़ते अनधिकृत निर्माण पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, छोटे बच्चे खराब फेफड़ों के साथ पैदा हो रहे हैं। जब कोई सर्जन आज किसी का शरीर खोलता है, तो उसे फेफड़े लाल नहीं मिलते, वे सभी काले होते हैं। ऐसा सभी डॉक्टर कह रहे हैं। वन क्षेत्र में यदि संरक्षित स्मारक और राष्ट्रीय स्मारक है तो इसे संरक्षित किया जाएगा। लेकिन वहां कोई नहीं रहेगा। वहां जाने के लिए कोई मोटर योग्य सड़कें नहीं होंगी, जो दर्शनीय स्थल बनाए जा रहे हैं वे वहां नहीं होंगे।

# रैपिडो बाइकर के साथ हुई रॉबरी के मामले को सुलझाया, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस ने शाहदरा थाने के स्टाफ ने रैपिडो बाइकर के साथ हुई रॉबरी के मामले को सुलझा कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके के पास शिकायतकर्ता की रॉब बाइक और अपराध करने के दौरान इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की है।दोनो आरोपी सगे भाई है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि ७ फरवरी को एक शिकायतकर्ता ने बताया कि वह पेशे से रैपिडो राइडर है। आज वह किसी सवारी को हनुमान रोड, रोहताश नगर,छोड़ने जा रहा था। जब वह यात्री को उतार रहा था तो स्कूटी पर सवार दो लड़कों ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। अचानक माहौल गर्मागर्म बातचीत में बदल गया और दोनों लड़कों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। अपने मकसद को पूरा करने के लिए एक रॉबर ने थप्पड़ मारकर और धमकी देकर उसकी बाइक लूट ली और वे दोनों भाग गए। इसके बाद शाहदरा थाने के तहत मामला दर्ज कर एसएचओ शाहदरा की निगरानी में एएसआई राहुल चौधरी, हेड कांस्टेबल रवि की एक टीम गठित की गई।

टीम ने सभी विवरण एकत्र किए। टीम ने २ किलोमीटर तक के सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया. अंततः टीम आरोपी व्यक्तियों द्वारा अपराध करते समय इस्तेमाल की गई स्कूटी का पंजीकरण नंबर हासिल करने में सफल रही। आगे उक्त स्कूटी विश्वास नगर के एक पते पर मिली। वहां टीम ने जमीनी स्तर पर जानकारी विकसित की और आरोपी व्यक्तियों की पहचान राहुल और दीपक के रूप में की जो सगे भाई हैं। टीम ने आगे उनके ठिकानों पर छापेमारी की और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। इसके अलावा उनकी निशानदेही पर एसआई संजय मीना के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने उनके पास से रॉब बाइक और अपराध में प्रयुक्त वाहन भी बरामद कर लिया।पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे सगे भाई हैं। उन्होंने आगे बताया कि वे दोनों शराबी हैं और उसी के खर्च को पूरा करने के लिए उन्होंने दुर्घटना के बहाने पैसे हड़पने के लिए शिकायतकर्ता की बाइक को टक्कर मार दी। जब शिकायतकर्ता ने उनकी मांगें अस्वीकार कर दीं तो उन्होंने शिकायतकर्ता को थप्पड़ मारा और उसकी बाइक लूट ली।पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल पेशे से इलेक्ट्रीशियन है।

## पुलिसकर्मी ने खुद की जेब कटवाकर दबोचा बदमाश को

**नई दिल्ली।** सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने खुद की जेबतराशी करवाकर एक बदमाश को दबोच लिया। बदमाश की पहचान आनंद पर्वत निवासी शादाब के रूप में हुई है। बदमाश सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन पर जेबतराशी करता था और आईटीबीपी के एक हवलदार का मोबाइल चुरा लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हवलदार का मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईटीबीपी में तैनात हवलदार टी सैमुअल ने सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन थाना पुलिस से मोबाइल चोरी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि वह सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन से हिसार एक्सप्रेस स्पेशल में चढ़ रहे थे, तभी किसी ने उसे धक्का दिया और उनका मोबाइल चुरा लिया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया।

थाना प्रभारी उपाध्याय बाला शंकरन के नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। तकनीकी जांच से मोबाइल का लोक. ेशन सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशन का ही आ रहा था। पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिए योजना बनाई। हवलदार सुरजीत और सिपाही प्रीतम ने सादी वर्दी में उस जगह पर पहुंचे, जहां फोन का लोकेशन आ रहा था। एक पुलिसकर्मी को यात्री बनाया गया और जान बूझ कर अपने फोन को पेंट के पिछले जेब में रखकर टिकट खरीदने वाले कतार में खड़ा किया गया। जबकि अन्य पुलिसकर्मी उनपर निगरानी रख रहे थे।




मीडिया, राजनीति विषय पर दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म (डीयू) के मानक निदेशक प्रोफेसर जेपी दुबे के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## एनडीएमसी आयोजित करने जा रहा ट्यूलिप महोत्सव-2024

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पिछले साल जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी जनता से मिली सफलता और सराहना के बाद नई दिल्ली नगरपालिका पालिका परिषद (एनडीएमसी) इस साल अपने ट्यूलिप फेस्टिवल का दूसरा संस्करण आयोजित कर रही है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद १० से २१ फरवरी, २०२४ तक शांतिपथ, चाणक्यपुरी के लॉन में अपने खिलते ट्यूलिप के साथ वसंत ऋतु का स्वागत करने जा रही है।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के ट्यूलिप महोत्सव में आम जनता और फूल प्रेमियों के लिए ट्यूलिप पर एक प्रदर्शनी देखने के लिए ट्यूलिप वॉक, फूलों की सुंदरता से सक्रिय रूप से जुड़े लोगों के लिए फोटो प्रतियोगिता और फूलों की पृष्ठभूमि में संगीत प्रेमियों के लिए एक संगीत कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शामिल होगी। : ट्यूलिप वॉक १० फरवरी, २०२४ से शांतिपथ के लॉन में आयोजित किया जाएगा। शांतिपथ के इतिहास के आसपास के स्मारकों, ट्यूलिप के इतिहास और शांतिपथ, चाणक्यपुरी, में उगने वाले ट्यूलिप की विविधता पर आधारित एक प्रदर्शनी भी होगी । इस दौरान एनडीएमसी २१ फरवरी, २०२४ तक ट्यूलिप सौंदर्यीकरण पर एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता भी आयोजित कर रही है। एनडीएमसी फोटोग्राफी के शौकीनों को लगाए गए ट्यूलिप की तस्वीरें क्लिक करने और फोटोग्राफी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित करती है। फोटोग्राफी प्रतियोगिता के नियम और विनियम एनडीएमसी वेबसाइट पर उपलब्ध हैंउ ट्यूलिप महोत्सव में जनता से तस्वीरें आमंत्रित करती है। एनडीएमसी प्रतिदिन तीन सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों का मूल्यांकन करेगी और दिन की तीन सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करेगी । फोटोग्राफी प्रतियोगिता के समापन पर सर्वश्रेष्ठ निर्णायक फोटोग्राफ को पुरस्कृत किया जाएगा। एनडीएमसी १६ फरवरी, २०२४ को नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में ट्यूलिप फेस्टिवल के आसपास आकर्षण बढ़ाने के लिए ट्यूलिप इंडो-डच म्यूजिक इवेंट का आयोजन करेगी जिसमें इंडो-डच कलाकार प्रदर्शन करेंगे। संगीत कार्यक्रम की अवधारणा पानी के गीत, संगीत में समुद्र और कला सुनने पर आधारित है।

## स्कूल ऑफ जर्नलिज्म ने आयोजित की कार्यशाला

**नई दिल्ली।** मीडिया, राजनीति और कानूनी प्रणाली के विषय पर दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म (डीयू) के मानक निदेशक प्रोफेसर जेपी दुबे के मार्गदर्शन में कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में फैकल्टी ऑफ लॉ, (यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली) की सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर व अकादमिक परिषद सदस्य डॉ. सीमा सिंह विशिष्ट वक्ता रहीं। कार्यशाला का मुख्य केंद्र छात्रों को भारत में मीडिया, राजनीति और कानूनी प्रणाली के मुख्य तत्वों को समझाने की तरफ रहा।

डॉ. सीमा सिंह ने मीडिया और राजनीति के साथ जुड़े विधिक पहलुओं की विस्तृत परिप्रेक्ष्य प्रदान की और समृद्धि भरी चर्चा की। मीडिया की भूमिका व उसके बदलते रूप व लोकतंत्र में उसके कर्तव्य के बारे में बताया। उन्होंने आज के समय में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया विभिन्न प्लेटफॉर्म द्वारा मंच प्रदान करता है जहाँ हर व्यक्ति अपने विचारों को व्यक्त कर सकता है। वहीं पत्रकार की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि एक पत्रकार के लिए जरूरी है कि वह सही जानकारी लोगों तक पहुंचाए। ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए और स्वामी विवेकानन्द को उद्धृत करते हुए कहा, ष्ज्ञान ही शक्ति है।ष डॉ. सिंह ने सूचना के निष्पक्ष प्रसार की वकालत करते हुए नागरिकों तक सही सूचना पहुँचने के अधिकार व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर दिया। कार्यशाला में अनुचित टीआरपी कल्चर और सनसनीखेज के हानिकारक प्रभाव, मीडिया और सरकार के बीच चल रहे संघर्ष और लोकतंत्र में सूचित नागरिकों के महत्व जैसे कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित किया गया।

# किसान आंदोलन को लेकर बैठकों का दौर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक बार फिर किसान आंदोलन खड़ा हो सकता है। पंजाब व हरियाणा के किसान दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस को इस तरह के इनपुट मिले हैं। इन इनपुट के बाद बैठकों को दौर शुरू हो गया है। एक दिन पहले दिल्ली पुलिस के दोनों विशेष आयुक्त (कानून व्यवस्था) ने सभी जिला डीसीपी की बैठक बुलाई थी। दिल्ली पुलिस ने गृहमंत्रालय से अतिरिक्त फोर्स मांगी है ताकि किसानों को बॉर्डर पर ही रोक दिया जाए।

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने इनुपट दिए हैं कि किसान १३ फरवरी को दिल्ली की ओर कूच करेंगे। हरियाणा व खासकर पंजाब के किसान दिल्ली में पहले जैसा किसान आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं।

हालांकि, यह पता नहीं है कि कितनी संख्या में किसान दिल्ली आएंगे। इतना ही बताया गया है कि भारी संख्या में किसान दिल्ली आएंगे। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार ये १० व ११ फरवरी को ही स्पष्ट हो पाएगा कि कितनी संख्या में किसान दिल्ली की ओर कूच करेंगे। इनपुट मिलने के बाद दिल्ली के दोनों विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) रविंद्र कुमार यादव व मधुप तिवारी ने एक दिन पहले सभी जिला पुलिस उपायुक्त व उनके ऊपर के अधिकारियों की बैठक बुलाई थी। पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक करीब डेढ़ घंटे चली थी। इस बैठक में जिला पुलिस उपायुक्त को कहा गया है कि वह सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करें। दिल्ली के सीमाओं पर बैरिकेड लगाकर भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही इलाके में गश्त बढ़ाने के लिए कहा गया है।

पुलिस स्टेशनों में तैनात सभी पुलिसकर्मी को बुलाने का कहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

दिनांक 28.08.2015 को मेरी पुत्री (Akshita) कर जन्म हुआ। जिसकी सूचना नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में जन्म रजिस्ट्रार में क्र0सं 5390, दिनांक 07.09.2015 को हास्पिटल द्वारा दर्ज करा दी गई थी। नियमों की जानकारी न होने से एक वर्ष होने के पश्चात भी बच्चे का विवरण अंकित नहीं करा सके थे।

**रवि कांत पुत्र सुभाष**
निवासी: रामपुरी उत्तरी,
जिला: मुजफ्फरनगर

### जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या

# चाचा की हत्या के आरोप में भतीजे को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कोतवाली की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के गांव इस्माइलपुर में जमीनी विवाद को लेकर हुई हत्या में पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए चाचा की हत्या के आरोप में भतीजे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने घटना के संबंध में 21 जनवरी को नामजद मामला दर्ज किया था।

कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि खेड़ा मुगल क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर निवासी सोरण ने अपने भाई राजपाल की हत्या के आरोप में गोली मारकर घायल करने का मामला मामला दर्ज कराया था। बताया कि घटना के बाद आरोपी संजय ही चाचा राजपाल को उपचार के लिए चड़ीगड़ लेकर गया था। जिसकी उपचार के दौरान 23 जनवरी को मृत्यू हो गई थी। जबकि संजय के पिता सोरण ने ही उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर गांव फरीदपुर के मोड़ पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक अवैध तंमचा व कारतूस बरामद कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।

# सफाई को लेकर युवक ने की सफाईकर्मी के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** साफ सफाई को लेकर युवक ने पालिका के सफाई कर्मचारी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीडित ने अन्य कर्मियों के साथ कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

वाल्मीकि बस्ती निवासी राकेश ने बताया कि वह रोज की तरह मोहल्ला नेचलगढ़ में साफ सफाई का कार्य कर रहा था। इसी दौरान मोहल्ले का एक युवक वहां पहुंचा और नाली आदि की सफाई ठीक प्रकार से न करने को लेकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त युवक ने उसके साथ मारपीट शुरु कर दी। जिसमें घ्वह घायल हो गया। पुलिस का कहना है तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## कहासुनी के चलते युवको में हुई मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सामान लेने जा रहा युवक के साथ अकारण गाली गलौज कर मारपीट करने का आरोप लगाया। कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में मामूली कहासुनी को लेकर दो युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें राजकुमार नामक युवक घायल हो गया।

घायल युवक राजकुमार का कहना है कि शुक्रवार की दोपहर वह गांव में स्थित दुकान से सामान लेने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में मिले पडोसी युवक ने उसे रोक लिया तथा उसके साथ अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरु कर दी। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस का कहना है कि अभी तक तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जुमा की नमाज को लेकर प्रशासन रहा सर्तक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में धार्मिक स्थल को तोड़ने पर हुई हिंसा के बाद शुक्रवार को देवबंद में भी जुमा की नमाज को लेकर प्रशासन सर्तक रहा। हालांकि नगर की सभी मस्जिदों में जुमा की नमाज शांति पूर्वक अदा होने पर प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

हल्द्वानी की घटना के बाद सर्तक शुक्रवार को जुमा की नमाज से पूर्व डीआईजी अजय कुमार साहनी के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने दारुल उलूम स्थित खानकाह पुलिस चौकी पर कैंप किए रहे। नमाज के दौरान डीआईजी अजय कुमार साहनी, एसपी देहात सागर जैन, एसडीएम अंकुर वर्मा, सीओ अशोक सिसोदिया, कोतवाली प्रभारी संजय कुमार और नगर शांति सेवा समिति के अध्यक्ष अंसार मसूदी एवं पुलिस बल केसाथ खानकाह पुलिस चौकी से लेकर मरकजी जामा मस्जिद तक गश्त कर असमाजिक तत्वों को सख्ती के साथ निबटने का



संदेश दिया। हालांकि इस दौरान नगर की सभी मस्जिदों में शांति पूर्वक जुमा की नमाज अदा होने पर डीआईजी अजय साहनी ने बताया कि देवबंद के लोगों ने हमेशा सूझबुझ के साथ अमन का संदेश दिया। उन्होने कहा कि देवबंद का असर पूरे देश में देखा जाता है। इस दौरान चौ. ओमपाल सिंह, अंसार मसूदी, नजम उस्मानी, शहजाद कासमी, कफील अहमद, जुनैद सिद्दीकी आदि मुख्य रूप से शाामिल रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ दी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून हिल्स एकेडमी में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें जूनियर छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुतियों के माध्यम से कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को विदाई दी।

दून हिल्स एकेडमी में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 11 के छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों ने कैटवाक के साथ ही टैलेंट शो में भाग लिया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने विभिन्न गीतों पर नृत्य कर समां बांधा। अनिकेत राणा को मिस्टर और कशिश को मिस फेयरवेल चुना गया। प्रधानाचार्या अंजली वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र के निर्माता होते हैं। छात्रों को अपने कठिन परिश्रम से अभिभावक व विद्यालय व परिवार का नाम रोशन करना चाहिए। प्रबंधक डा. प्रदीप वर्मा व डायरेक्टर तनुराज वर्मा ने






छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपप्रधानाचार्य नीलम शर्मा, अरुण कर्णवाल, सावन कुमार, मनीष कुमार, वर्णिका, नेहा, मेहरप्रीत, सृष्टि, बिंदु, अंशिका, तुषार, देव, वंश, रजत, लक्की, विशाल, मोहित, अनमोल व आर्यन आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## महिला मुशायरा का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल में रविवार को ऑल इंडिया महिला मुशायरा का आयोजन होगा। जिसमें देश की नामचीन शायरा अपना कलाम पेश करेंगी।

नवाज गर्ल्स स्कूल के संस्थापक एवं प्रख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी ने बताया कि स्कूल प्रांगण में सुबह 11 बजे होने वाले ऑल इंडिया लेडीज मुशायरा का उदघाटन डीआईजी सहारनपुर अजय कुमार साहनी की पत्नी रिचा साहनी और अध्यक्षता डीएम सहारनपुर डा. दिनेश चंद्रा की पत्नी सपना रानी सिंह करेंगी। जबकि एसडीएम देवबंद अंकुर वर्मा की पत्नी मोनिका वर्मा और सीओ देवबंद अशोक सिसोदिया की पत्नी उमा सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। डा. नवाज ने बताया कि मुशायरे में मशहूर शायरा शबीना अदीब, अना देहलवी, मनिका दूबे, मुमताज नसीम, निगहत अमरोहवी, खुशबू शर्मा, मेहनाज स्योहारवी और दानिश गजल अपना कलाम पेश करेंगी।

# कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं से सरकार की नीतियों को जन-जन पहुंचाने का आह्वान किया गया।

शुक्रवार को भायला रोड पर आयोजित बैठक में मोर्चा के नगर अध्यक्ष नसीम सिद्दीकी उर्फ राजू ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव सर्वसमाज का विकास कर रही है। इससे विपक्षी दल बौखलाए हुए हैं और वह भाजपा पर तरह तरह के इल्जाम लगाकर जनता को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। लेकिन जनता अब इन दलों के बहकावे में आने वाली नहीं है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने तथा भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इसमें बबलू, आलम सिद्दीकी, तौसीफ, अकरम, राशिद, मेहरबान, जीशान, अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।

# चौ. चरण सिंह को भारत रत्न दिलाने को विजेंद्र सिंह की मुहिम लाई रंग

- **लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने भारत रत्न के लिए चलाया था जनआंदोलन**
- **भारत सरकार ने की स्व. चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिलाने के लिए लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह द्वारा छेड़ी गई मुहिम आखिरकार रंग ले ही आई। शुक्रवार को सरकार ने स्व. चौधरी साहब को भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की। इसे लेकर लोकदल में हर्ष की लहर दौड़ गई। लोकदल महासचिव ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पीएम नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पीएम ने किसानों का मान बढ़ाया है। उन्होंने इसके लिए लोकदल के सभी कार्यकर्ताओं व देशवासियों को बधाई दी।

## स्व. चौधरी साहब को भारत रत्न, लोकदल की जीत: विजेंद्र

अपने फेसबुक अकाउंट पर लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र ने वीडियो जारी की। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब को भारत रत्न मिलना लोकदल कार्यकर्ता और सभी किसानों की जीत है। उन्होंने कहा कि लोकदल स्व. चौधरी साहब के बताए आदर्शों पर चल रही है। चौधरी साहब के आदर्शों को किसी कीमत पर झुकने नहीं देंगे, मिटने नहीं देंगे और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी को भी बधाई दी।




## लोकदल ने चलाया था जन आंदोलन

लोकदल में राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद शुरू से ही चौधरी विजेंद्र सिंह भूतपूर्व प्रधानमंत्री को सम्मान दिलाने के लिए भारत रत्न दिए जाने की मांग कर रहे थे। अपने बैनर पोस्टर में उन्होंने अपनी मांग को नारे का रूप दिया था। जनआंदोलन की बात करें तो स्व. चौधरी साहब की जयंती पर उनकी जन्मस्थली नूरपुर मढैया में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया। लोकदल के बैनर तले सहारनपुर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, हापुड़, अलीगढ़, आगरा से हजारों की संख्या में दिल्ली के किसान घाट पर पहुंचे थे। लोकदल ने सरकार को किसानों की ताकत का एहसास कराते हुए चेता दिया था कि स्व चौधरी साहब को भारत रत्न का सम्मान देना ही होगा। लोकदल की किसान जोड़ों यात्राओं के माध्यम से पार्टी महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने प्रमुखता से स्व चौधरी साहब को भारत रत्न दिए जाने की मांग सरकार के सामने रखी थी।

## गौ पालकों ने नव नियुक्त भाजपा सरधना मंडल अध्यक्ष आलोक जैन का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गौवंश एवं पशु पक्षी संस्थान द्वारा संचालित अस्थाई गौशाला पर गौपालको ने माला व पटका पहनाकर संचालक पुरषोत्तम बंसल, अकरम ठेकेदार सिंह, नकुल, अर्जुन, जागीरा सुमित आदि समस्त स्टाफ ने आलोक जैन को सम्मानित किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष ने जीव दया के महत्वपूर्ण कार्य को कर रहे सभी साथियों को अपना पूर्ण सहयोग देने का वादा किया एवं मुजफ्फरनगर जिले में बनी काऊ सेंचुरी के विषय में बताया कि मौजूदा योगी सरकार गौ संवर्धन व संरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### दलदल में फंसे गोवंश को निकाला बाहर

**फलावदा।** क्षेत्र के गांव बातनौर में बस्ती के पीछे स्थित एक तालाब में हो रही दलदल में गोवंश बुरी तरह फंस गया। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल गोवंश को दलदल से बाहर निकाला। बातनौर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे तालाब है। तालाब में दलदल हो रही है। एक गोवंश तालाब में घुस गया गोवंश दलदल में फंस गया। जानकारी होने पर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक ओमपाल सैनी ने ग्रामीण लोकेश, रवि, मनीष, प्रमोद व अन्य के सहयोग से तालाब में फंसे गोवंश को बमुश्किल तालाब से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। बताया गया है कि गोवंश के तालाब में बुरी तरह फंसा हुआ था अगर ग्रामीणों को जानकारी न होती तो उसकी मौत भी हो सकती थी।

# हादसे में घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** दिल्ली-देहरादून हाईवे पर सिवाया टोल प्लाजा के पास शुक्रवार की सुबह बाइक पर सवार एक व्यक्ति को ट्रक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल बाइक सवार की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मलियाना निवासी आस मोहम्मद शुक्रवार की सुबह बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर से लौट रहा था। सिवाया टोल प्लाजा के पास एक ट्रक चालक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे टोल एंबुलेंस कर्मियों ने घायल को पास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना से मृतक परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर विष्णु कौशिक ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।


### पैदल मार्च कर पुलिस ने देखी सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** हलद्वानी में हुए बवाल के चलते सरधना में भी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरी सतर्कता बरती। जुमें की नमाज के चलते अधिकारी अलर्ट मोड़ पर रहे। नमाज के दौरान मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रही। इसके अलावा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पैदल मार्च कर हालात पर नजर भी बनाए रखी।

# एम.एस.बी. इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कॉलेज में ओलंपियाड 2023-24 का हुआ आगाज

**दौराला।** एम.एस.बी. इंटरनेशनल स्कूल में नर्सरी से कक्षा 12 तक का ओलंपियाड 2024 आयोजित किया जाएगा। इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन अजय भारद्वाज, प्रिंसिपल उमेश कुमार व मैनेजमेंट सदस्य नमन भारद्वाज व एचएनआईटी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर संजय शर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया की यह ओलंपियाड नर्सरी से कक्षा 11 व 12 के लिए आयोजित किया गया है जिसमें प्रश्न श्रंखला क्लास के सिल.ेबस के अकॉर्डिंग तैयार किए गए हैं और परीक्षा एम.सी.क्यू. पैटर्न पर आधारित होगी जैसे किंडर सेक्शन के लिए ड्राइंग, फ्रूट्स, एनिमल्स और इंग्लिश वर्ड पर विशेष ध्यान दिया गया है। ऐसे ही कक्षा 6 से 11, 12 की परीक्षा में साइंस, मैथ्स, जनरल नॉलेज व अन्य प्रकार की एक्टिविटी



पर ध्यान दिया गया है परीक्षा 11 फरवरी 2024 को एम.एस.बी. इंटरनेशनल स्कूल के कैंपस में आयोजित की जाएगी।

जिसमें हजारों की संख्या में विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को किसी भी प्रकार के टेस्ट को ओलंपियाड पैटर्न पर पास कराना है, जो विद्यार्थी कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा देंगे उन विद्यार्थियों को बोर्ड की परीक्षा में भी इस ओलंपियाड की मदद मिलेगी। बच्चें निडरता के साथ अपने सब्जेक्ट के प्रश्नों को सॉल्व कर सकेंगे, साथ ही कक्षा 12 के जो छात्र-छात्राएं यूजी कोर्सेज NEET, B-Sc, B.A., IIT, CLAT की परीक्षा को भी क्लियर करने में मदद मिलेगी।

## गेहूं पर आयात शुल्क कम करने का किया जाएगा विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** डेहरा गांव में हुई भारतीय किसान यूनियन (राष्ट्रवादी) की बैठक में संगठन के अध्यक्ष विनय त्यागी ने कहा कि गेहूं पर आयात शुल्क 40 फीसदी है जिसे सरकार कम करने पर विचार कर रही है। अगर ऐसा हुआ तो यूनियन सडकों पर उतरकर विरोध करेगी। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर भी विचार विर्मश किया गया। जुगनू त्यागी, अमरदीप चौधरी, अंकित शर्मा, रविकांत त्यागी, शफीक, रिफाकत खान, दीपक त्यागी, सेवाराम कश्यप व नीटू कश्यप आदि मौजूद रहे।

## रैली निकाल नई प्रजातियों की बुवाई का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** त्रिवेणी चीनी मिल में शुक्रवार को गन्ना विकास एवं बीज बदलाव कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन हुआ। जिसमें गन्ना अधिकारियों ने रोगग्रस्त हो चुकी गन्ना प्रजाति 0238 के विकल्प के रूप में नई प्रजातियों की बुवाई का आह्वान किया। रैली को उप गन्ना आयुक्त ओपी सिंह एवं चीनी मिल के यूनिट हेड पुष्कर मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाप्रबंधक (गन्ना) राजकुमार टाया, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अभय कुमार ओझा, प्रभारी सचिव प्रेमचंद चौरसिया, विपिन त्यागी, रणपाल तेवतिया व मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

### अध्यक्ष पद पर रोहिताश्व अग्रवाल और महामंत्री पद पर अमित ने मारी बाजी

**मेरठ।** अतिप्रतिष्ठित मेरठ बार एसोसिएशन के चुनाव में जहां अध्यक्ष पद पर रोहिताश्व अग्रवाल वहीं महामंत्री पद पर अमित दीक्षित निर्वाचित हुए है। रोहिताश्व अग्रवाल धुरंधरों में गिने जाते हैं कई बार मेरठ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं दो बार उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष रह चुके है। कांग्रेसी दिग्गजों में भी उनकी गिनती होती है। कांग्रेस की तरफ से मेयर पद का चुनाव लड़ते हुए उन्होंने 60 हजार से ज्यादा मत हासिल किये थे। बार अध्यक्ष के चुनाव में उनकी जीत पहले ही दिन से निश्चित मानी जा रही थी।

# शोभित विश्वविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव संगीतम का हुआ आयोजन

**मोदीपुरम।** शोभित विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विश्वविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव संगीतम का आयोजन किया जा रहा है जिसकी शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। शुरुआत में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ जयानंद द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया। शुरुआत से छात्र निष्ठा विहान द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति से माहौल खुशनुमा हो गया। इसके पश्चात अवनीश गौर द्वारा भगवान गणेश के भजन से विश्व विद्यालय का कंन-कंन पवित्र हो गया। सत्य कम इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने हनुमान चालीसा की मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत दी।

संगीतम 2024 के अवसर पर विश्वविद्यालय के म्यूजिकल बैंड राहे ने शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत दी। योगा के छात्रों ने योग नृत्य प्रस्तुत किया, शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम का छात्रों के विकास मे बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। कहा की क्रिएटिविटी चारो तरफ से आए वही संगीतम हैं। इस सांस्कृतिक महोत्सव के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा इस अवसर पर फेस पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, मिमिक्री, बीटबॉक्सिंग, अंताक्षरी इत्यादि कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए,जिसमें टी-शर्ट डिजाइनिंग में आकाश और मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, फेस पेंटिंग में तनीषा गोयल ने प्रथम स्थान स्थान पर रही, नुक्कड़ नाटक मे बीडीएस स्कूल ऑफ लॉ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मिमिक्री मे बादल और विवेक प्रथम, रैप में जोशुआ प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम की शाम को और हसीन बनाने के लिए मशहूर शायर अजहर इकबाल ने गुमान है या किसी विश्वास में हो, सभी अच्छे दिनों की आस में है, यह कैसा जश्न है घर वापसी का, अभी तो राम ही वनवास में है, शेर सुनाना कर जमकर तालियां बटोरी। इस मौके पर उनकी शानदार शायरी से पूरा विश्वविद्यालय शायराना हो उठा। इस मौके पर छात्रों ने भी शानदार शायरी प्रस्तुति दी। मशहूर शायर अजर इकबाल द्वारा जज किया गया। जिसमें शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के छात्र जिगर को प्रथम, इनायत द्वितीय, जब की निशिता विहान को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। सोलो एवं कपल डांस परफॉर्मेंस ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दियें। संगीतम 2024 में भाग लेते हुए अन्य शिक्षण संस्थानों व शोभित विश्वविद्यालय के छात्रों ने शानदार रैंप वॉक पर प्रस्तुति देते हुए देश की संस्कृति को प्रदर्शित किया।

# पुलिस ने चार बदमाशों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने अलग-अलग जगहों से चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन चारों बदमाशों के पास से चोरी की दो बाइक, तमंचे, कारतूस व चाकू बरामद हुए हैं।

थाना सेक्टर 58 पुलिस ने सेक्टर 58 के लेबर चौक की तरफ वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भाग निकले। बरामद हुए संदेह के आधार पर पुलिस ने पीछा कर दोनों को बदमाशों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से दो चाकू बरामद हुए, वहीं जब उनसे पूछताछ की गई तो युवकों ने अपना नाम उत्तम कुमार और शहजाद बताया। दोनों बदमाशों ने कबूल किया कि बरामद बाइक उन्होंने गाजियाबाद से बीते दिनों चोरी की थी।





वह आपराधिक घटना को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे।इस बारे में जानकारी देते हुए थाना सेक्टर 24 प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने झुंडपुरा गांव के पास से बाइक सवार राजवीर को गिरफ्तार किया तलाशी में इसके पास से एक तमंचा का कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के पास से बरामद बाइक भी चोरी की है। साख ही उन्होंने बताया कि वह चोरी की वारदात को अंजाम देने के राज्य से घूम रहा था।

थाना जेवर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर जट्टारी रोड के पास से शेखर उर्फ सतपाल को गिरफ्तार किया तलाशी में इसके पास से तमंचा का कारतूस बरामद हुए पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरा. ेपी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर इन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

## औद्योगिक प्लॉट दिलाने के नाम पर 35 लाख हड़पे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर निवासी व्यक्ति से दो लोगों ने दो औद्योगिक प्लॉट बेचने का झांसा देकर 35 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों प्लॉट पर 40 करोड़ रुपये का लोन बकाया है।

सेक्टर पाई-1 स्थित सोसाइटी निवासी श्योराज सिंह भाटी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सूरजपुर के साइट-सी औद्योगिक क्षेत्र स्थित इंडस्ट्री के दो प्लॉट खरीदने के लिए मोसिन मोहम्मद और नदीम अहमद से संपर्क किया। करीब 20 करोड़ रुपये में दोनों प्लॉट का सौदा तय हुआ। उन्होंने 11 नवंबर 2022 को उक्त प्लॉट के लिए 35 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद उन्हें पता चला कि मोहसिन मोहम्मद ने पहले भी राजीव गोयल के पक्ष में लिखित इकरारनामा कराकर 50 लख रुपये ले रखे हैं। उन्होंने जब प्लॉट के संबंध में और जानकारी हासिल की तो पता चला कि दोनों प्लॉटों पर 40 करोड़ रुपये का लोन बकाया है। बैंक दोनों प्लॉट के खिलाफ जब्ती और विक्रय की कार्रवाई करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने आरोपियों से अपने रुपये वापस मांगे तो उन्होंने इससे इनकार कर दिया। पुलिस ने आरोपी मोसीन मोहम्मद, नदीम अहमद, मोहम्मद साबिर और नासिरा बेगम के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### संक्षिप्त समाचार

### सोसाइटी से महिला का आईफोन चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित प्रतीक स्टाइलोम सोसाइटी निवासी महिला का आईफोन चोरी हो गया। महिला ने सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। दरखशॉ आलम ने पुलिस को बताया कि आठ फरवरी को उनका मोबाइल फोन सोसाइटी में किसी ने चोरी कर लिया। उन्होंने फोन को काफी तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिला। आरोपी की तलाश में पुलिस सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### सेक्टर-40 से किशोरी लापता

**नोएडा।** सेक्टर-40 के जनता फ्लैट में रहने वाली किशोरी अपने घर से लापता हो गई। परिजनों ने सेक्टर-39 थाने में उसकी गुमशुदगी का केस दर्ज कराया है। सुंदर ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी दो फरवरी को बिना बताए घर से कहीं चली गई। परि. जनों उसे काफी तलाश किया, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। उसका मोबाइल फोन भी बंद है। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-24 पुलिस ने रेकी करके वाहन चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की बाइक और तमंचा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान राजवीर निवासी चोटपुर कॉलोनी के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी के सात केस दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### महिला कांस्टेबल ने की जहर खाकर आत्महत्या

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी में तैनात एक महिला कांस्टेबल ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। महिला कांस्टेबल की मौत से उसके साथियों में शोक प्राप्त है। वहीं कई तरह की चर्चाएं भी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से मथुरा जिले की रहने वाली भावना वर्तमान में थाना दादरी में कांस्टेबल के पद पर तैनात थी। वह दादरी इलाके के गढ़ी गांव में किराए के मकान में रह रही थी। गुरुवार की दोपहर को वह कार्यालय में लंच करने की बात कह कर अपने कमरे पर चली गई। कमरे पर जाकर उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। भावना की गंभीर स्थिति को देखते हुए मकान मालिक ने थाना दादरी पुलिस को सूचना देकर उसे यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान भावना की मौत हो गई।

2020 **में भर्ती हुई थी भावना:** आपको बता दें कि भावना वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुई थी। बताया जा रहा है कि करीब 10 माह पहले उसकी शादी योगेंद्र से हुई थी। भावना का पति योगेंद्र भी उत्तर प्रदेश पुलिस में है और वर्तमान में मेरठ जिले में तैनात है। सूचना मिलने पर भावना के परिजन भी दादरी पहुंच गए। परिजनों ने भावना की मौत को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना की जानकारी देते हुए एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। परिजन अगर तहरीर देते हैं तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं भावना की मौत से उसके सहकर्मियों में शोक व्याप्त है।

## प्राधिकरण के स्वास्थ्य निरीक्षक की मातृ शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में एनईए पूर्व उपाध्यक्ष व स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षक चौधरी जगपाल सिंह की माता जी का बृहस्पतिवार सुबह 6:00 बजे के करीब सेक्टर 50 स्थित उनके आवास पर स्वर्गवास हो गया। माताजी का नाम चंदन कौर करीब 105 साल की उम्र में, भरे पूरे परिवार को छोड़कर इस दुनिया से अलविदा कह दिया। चौधरी जगपाल सिंह ने बताया कि सुबह 4:30 बजे माताजी से बात हुई थी। करीब 5:30 बजे माता जी के चरण छूकर ड्यूटी जा रहा था। इस बीच माता जी की अचानक तबियत बिगड़ गई और स्वर्गवास हो गया। रीति रिवाज के अनुसार ग्राम भंडोली जनपद बुलंदशहर में अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय श्रीमती चंदन कौर के सात पुत्र और भरा परिवार जिसे अच्छे संस्कार दिए।



### घरों पर धावा बोलकर नगदी-गहने चुराए

**नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के थापखेड़ा गांव में गुरुवार की रात बदमाशों ने चार घरों पर धावा बोल. कर नगदी, गहने और कीमती सामान चोरी लिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। थापखेड़ा गांव निवासी प्रदीप ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की रात गांव में बदमाशों ने धावा बोला। वे उनके घर से 10 हजार रुपये नगद और सोने-चांदी के गहने चुरा ले गए। बदमाशों ने प्रदीप के पड़ोसी बृजेश, गजेंद्र और राजवीर के घर में भी चोरी की। शुक्रवार सुबह पीड़ितों को चोरी का पता चला। कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## फोम व गद्दे बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजकुंड स्थित पीयू फोम व गद्दे बनाने वाली फैक्टरी एमएच पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड में शुक्रवार की अलसुबह भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की 28 फायर सर्विस यूनिटों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। राहत की बात है कि घटना में कोई जनहा. नि नहीं हुई।




पुलिस के मुताबिक, सुबह साढ़े तीन बजे सूरजपुर के बी-14,15 स्थित फैक्टरी में आग लगने की सूचना दमकल की टीम को प्राप्त हुई।

सूचना पर त्वरित कारवाई करते हुऐ फायर सर्विस यूनिट घटना स्थल पर रवाना हुई। अग्निकांड की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जनपद में उपलब्ध पांच निजी संस्थानों और अन्य जनपद से भी फायर सर्विस यूनिट मंगवाई गई। निजी संस्थान एवम् अन्य जनपद सभी को मिला कर कुल 28 फायर सर्विस यूनिटों द्वारा आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया है।

### झुग्गी में आग से लाखों का नुकसान

**नोएडा।** जेजे कॉलोनी स्थित झुग्गी में शुक्रवार सुबह आग लग गई। देखते ही देखते झुग्गी में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। लोगों ने झुग्गी से भागकर अपनी जान बचाई। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शुक्रवार 10:54 बजे सूचना मिली कि जेजे कॉलोनी स्थित हीर मलिक की झुग्गी में आग लग गई है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। स्थानीय लोग पहले से ही आग बुझाने में लगे थे। ऐसे में आग का दायरा नहीं बढ़ पाया।

## विवाद में अधिवक्ता पर चलाई गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में मोटरसाइकिल हटाने को लेकर विवाद हो गया। वहीं देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति ने अधिवक्ता पर गोली चला दी। इस हादसे में अधिवक्ता बाल ख्र बाल बच गया। जिसके बाद आरोपी उसे मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

ग्रेटर नोएडा के जेवर में हुई इस घटना के बारे में ग्राम इस्माइल नगर निवासी अधिवक्ता ललित कुमार ने बताया कि वह जेवर सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। बीते 7 फरवरी की शाम को वह बाइक से घर आ रहे थे। भीखनपुर गांव की पुलिया के पास बीच रास्ते में एक युवक अपनी बाइक को रास्ते में खड़ी करके बैठा हुआ था।



उसने जब उससे मोटरसाइकिल हटाकर रास्ता देने को कहा तो उक्त व्यक्ति ने कहा कि वह जहां खड़ा हो जाता है। वहां तिनका भी नहीं हिल सकता है। रास्ता देने को लेकर उसकी बाइक सवार से वाद विवाद हो गया। कुछ ही देर में विवाद इतने बढ़ गया कि व्यक्ति तमंचा निकाल लिया और अधिवक्ता पर फायर कर दिया और मौक से फरार हो गया। ग्रेटर नोएडा के जेवर में हुई इस फायरिंग में अधिवक्ता बाल-बाल बच गए। वहीं फरार होने से पहले आरोपी युवक ने अधिवक्ता को जान से मारने की धमकी दी और भाग गया।

इस हादसे की अधिवक्ता ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी। वहीं इस पूरे मामले पर थाना प्रभारी ने बताया कि पीडिघ्त की शिकायत पर डिंपल नामक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

### पुलिस ने दो गैंगस्टरों पर की कार्यवाही

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर स्तर पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इस कड़ी में शुक्रवार को पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के अंतर्गत अभियुक्त गैंगलीडर रवि नागर उर्फ रविन्द्र सिंह उर्फ रवि काना पुत्र यतेन्द्र निवासी गांव दादूपुर थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर और गैंगसदस्य राजकुमार पुत्र बलराज निवासी गांव दादूपुर थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर के द्वारा अवैध रुप से अर्जित निम्न सम्पत्तियों को कुर्क करने के आदेश पारित किये गये जो अ0सं0 02/24 अंतर्गत धारा 2/3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 से सम्बन्धित है।

## काशी, मथुरा के लिए नहीं खानी पड़ेगी लाठी : तोगड़िया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया आज नोएडा के छीजारसी कॉलोनी पहुंचे। वहां पर आयोजित कार्यक्रम में उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद वह ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक अन्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए।

छीजारसी कॉलोनी में आयोजित स्वगत कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक हिंदू नेता डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया ने कहा कि पहले मुझे सपने में भगवान राम का धनुष दिखाई देता था। अब कुछ दिनों से मेरे कान में डमरू और बांसुरी की आवाज आ रही है। उन्होंने कहा कि अब हिंदू भाई-बहनों को काशी, मथुरा में मंदिर बनाने के लिए लाठी-डंडे व गोली नहीं खानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनने की बहुत खुशी हुई। उन्होंने कहा कि अब देश में हर सप्ताह हनुमान चालीसा मंदिरों में चलेगा। उन्होंने कहा कि 496 वर्ष के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना। श्रीराम मंदिर बनाने के लिए मेरे आह्वान पर लाखों कार सेवक वहां पर गए थे, तथा लाठी-डंडे खाए और काफी लोग शहीद हुए। उन्होंने बताया कि श्रीराम मंदिर बनने के बाद 24 जनवरी को उन्होंने अयोध्या में हजारों कारसेवकों को बुलाकर उनका सम्मान किया तथा भव्य मंदिर का दर्शन भी करवाया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय बजरंग दल के महामंत्री एडवोकेट अंकुश शर्मा, छजारसी ग्राम समिति के अध्यक्ष सोहन लाल शर्मा, उपाध्यक्ष कुलभूषण, सहसचिव कुलदीप शर्मा, बिसंबर शर्मा, दिनेश शर्मा, गोपाल दत्त, राजेश शर्मा, गौरव शर्मा, अमित शर्मा, जनेश्वर दत्त शर्मा, ललित शर्मा, गुन्नी पंडित, संदीप पाठक, रोहित यादव, पवन मिश्रा, दीपक चौधरी, सौरभ शर्मा, ललित शर्मा सहित अन्य मौजूद रहें।



कल शाम नोएडा के नाम...

## भजन संध्या में सांवरिया के नाम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 11 फरवरी दिन रविवार को सेक्टर 21 स्थित नोएडा स्टेडियम में भगवान खाटू श्याम की भजन संध्या के एक शाम सांवरिया के नाम संकीर्तन महोत्सव की तैयारी को लेकर भारत विकास परिषद नोएडा द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। जिसमें आयोजन के बारे में अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम भव्य और यादगार होगा नोएडा वासी इसे याद रखेंगे। इस महोत्सव को याद ऐतिहासिक बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है। इसका पंडाल वाटरप्रूफ जर्मन टेक्नोलॉजी से बना है। इसमें भजन सम्राट रवि बेरीवाल व कन्हैया मित्तल भगवान खाटू श्याम के भजनों से लोगों को भक्ति में डूबाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में खाटू श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान व सालासर धाम से जयप्रकाश पुजारी भी उपस्थित होंगे जबकि पहाड़गंज से सुरेश चंद्र गुप्ता भी खाटू श्याम जी के भजनों का आनंद लेने यहां उपस्थित होंगे। महासचिव अनुज गुप्ता ने बताया कि यहां पर इतनी भव्य व्यवस्था की गई है कि पूरा नोएडा भी यहां पर एकत्र हो जाए तो कोई कमी नहीं पड़ेगी। सुरक्षा हेतु 100 से ज्यादा सिक्योरिटी गार्ड और तकरीबन 500 वालंटियर के साथ ही भारी मात्रा में पुलिस प्रशासन तैयार है। वहीं कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल ने बताया कि इस कार्यक्रम में पहुंचने वालों के लिए श्याम की रसोई की व्यवस्था की गई है जिसमें लोग भगवान का भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। मीडिया प्रभारी पंकज जिंदल ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जश्न पूरे देश में लगातार जारी है, और यह आयोजन उसी का एक छोटा सा हिस्सा है। कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र गंगल ने कहा कि भारत विकास परिषद नोएडा शाखा 30 वर्षों से सामाज हित में सामाजिक व धार्मिक कार्यों को बढ़-चढ़कर करती आ रही है। जैसे की गौसदन की स्थापना, स्कूल भवन का निर्माण, निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह, डायबिटिक फोरम का गठन आदि। वहीं संयोजक प्रताप मेहता ने बताया कि देश व समाज का विकास ही भारत विकास परिषद का एकमात्र लक्ष्य है और हम इसी लक्ष्य पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, प्रताप मेहता, विपिन मल्हन, राकेश कात्याल, अमरजीत सिंह, अतुल वर्मा, के के बंसल, देवेंद्र गंगल, महासचिव अनुज गुप्ता, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र मित्तल, संजय बाली, अल्पेश गर्ग, राजीव अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, राजीव गर्ग, अजय अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, डॉक्टर एसपी जैन, अनिल गुप्ता, महेंद्र कटारिया, नरेश बंसल, मनीष मित्तल, नितिन बंसल, केशव गंगल, मनीष मित्तल ,अजय सरीन ,अभय अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राजीव अजवानी, आरके शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## तेल की आपूर्ति करने का झांसा देकर 12 लाख ऐंठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधी ने सरसों के तेल की सप्लाई करने का झांसा देकर कंपनी मालिक से 12 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने गूगल से नंबर लेकर तेल के लिए ऑनलाइन ऑर्डर दिया था। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा के जलवायु विहार निवासी प्रथा मोहंती ने पुलिस को बताया कि सरकारी टेंडर पर काम करने वाली उनकी एक कंपनी है। बीते दिनों वह इंडिया मार्ट पर सरसों के तेल की आपूर्ति करने वाले स्टोर और लोगों के बारे में ऑनलाइन सर्च कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें गूगल पर एबी इंटरप्राइजेज के बारे में जानकारी मिली। यहां से जानकारी लेकर उन्होंने सीनियर मैनेजर सेल्स शिवम शर्मा को फोन किया और वार्ता करने के बाद सात लाख 80 हजार रुपये का परचेज ऑर्डर दिया। इसके बाद उनको कुछ और तेल की आवश्यकता महसूस हुई। झांसे में आने के बाद उन्होंने कथित सीनियर मैनेजर के बताए खाते में 12 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। तय समय पर तेल नहीं पहुंचा तो उन्होंने कथित मैनेजर को फोन किया तो उसका नंबर बंद मिला। काफी प्रयास के बाद भी जब उससे संपर्क नहीं हो पाया तो उन्होंने पुलिस से मामले की शिकायत की। जिन खातों में रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उनके बारे में जानकारी जुटा रही है।




## जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुए आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सहायक मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव एवं राजनैतिक दलों/अभ्यर्थियों द्वारा प्रयुक्त प्रचार सामग्री की दरों के निर्धारण के उद्देश्य से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में अवगत कराया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के क्रम में वर्तमान में जिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक है, उन मतदेय स्थलों पर सहायक मतदेय स्थल बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके क्रम में मतदेय स्थलों पर 1525 मतदाताओं का मानक मानते हुए 61 नोएडा विधानसभा क्षेत्र के 07 मतदेय स्थल तथा 62 दादरी विधानसभा क्षेत्र के 15 मतदेय स्थल है, जिसमें 1525 से अधिक मतदाता हो गए हैं, जिनके लिए सहायक मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव संबंधित उप जिलाधिकारी/निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा तैयार कर सूची बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई है। विचार विमर्श उपरांत उक्त सहायक मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधित्व द्वारा सहमति व्यक्त की गई।



बैठक में नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा/वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए राजनैतिक दलों/अभ्यर्थियों द्वारा प्रयुक्त प्रचार सामग्री के दरों के निर्धारण हेतु तैयार की गई अलेख्य सूची बैठक में उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रति. निधियों को उपलब्ध कराई।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई अलेख्य सूची पर बैठक में उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से तीन दिन के अंदर आपत्ति/सुझाव देने की अपेक्षा की गई, ताकि रेट लिस्ट को अंतिम रूप दिया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उक्त रेट लिस्ट में यदि कोई मद छूट गई हो, निर्वाचन में प्रचार प्रसार के दौरान आप द्वारा उपयोग किया जाए, तो उसका विवरण भी उपलब्ध कर दिया जायें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रति. निधिगण उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# हरेंद्र तेवतिया ने सीएम के समक्ष रखा गन्ना किसानों के भुगतान का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ विधानसभा सीट से विधायक हरेंद्र तेवतिया ने गन्ना किसानों के भुगतान का मामला सीएम योगी आदित्यनाथ के सामने रखा और सीएम से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द गन्ना किसानों का भुगतान कराया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य विकास के मुद्दों को भी सीएम के सामने रखा गया। विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया और हापुड़ ब्लॉक प्रमुख ममता तेवतिया ने लखनऊ में सीएम योगी के आवास पर सीएम से शिष्टाचार भेंट की।और उन्हें बताया कि जनपद की चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का करोड़ों रुपए का बकाया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष का तो भुगतान हो गया है। लेकिन इस वर्ष तक भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया भुगतान ना होने के कारण गन्ना किसान काफी परेशान है। और आर्थिक तंगी के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने सीएम से गढ़ और तिगरी के बीच पुल,साकरपुर से नयाबांस तक बांध निर्माण करने की मांग की उन्होंने बताया कि अगर इन दोनों का निर्माण होता है तो क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी। विधायक हरेंद्र सिंह तेवतिया ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया है। कि किसानों के गन्ना भुगतान को लेकर जल्द ही आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। इसके साथ ही अन्य समस्याओं का भी समाधान कराया जाएगा।



# होमगार्ड द्वारा एससी/एसटी के फर्जी मामले में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देकर अवैध उगाही करने का लगाया आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** होमगार्ड द्वारा एससी/एसटी के फर्जी मामले में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी देकर अवैध उगाही करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने जिला कमांडेंट से गुहार लगाई। गढ़ चौपला के स्याना रोड किनारे रहने वाले शमशाद सैफी ने होमगार्ड विभाग के जिला कमांडेंट को शिकायती पत्र भेज है। जिसमें उल्लेख किय है कि होमगार्ड राजकुमार निवासी ग्राम मिश्रीपुर तहसील मवाना थाना किठौर जिला मेरठ हाल निवासी मौहल्ला उपाध्याय नगर गढ़ में रहता है और वर्तमान में यहीं डायल 112 पर तैनात है। पीड़ित का कहना है कि उक्त राजकुमार होमगार्ड अपनी पत्नी कुसुम से संपूर्ण समाधान दिवस एवं थाना दिवस आदि में झूठी मनघड़ंत शिकायत कराकर दबाव बनाता है। जो बाद में फैसला करने के नाम पर अवैध धन की वसूली करता है और विरोध करने वालों पर एससी/एसटी एक्ट का झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकियां देता है। पीडिघ्त का कहना है कि उसके खिलाफ की गई सभी शिकायत सरकारी स्तर से हुई जांच में फर्जी साबित हो चुकी हैं, परंतु इसके बाद भी होमगार्ड द्वारा लगातार धमकी दी जा रही हैं।

# कैंटीन संचालक ने लोहे की रॉड मारकर युवक को किया लहूलुहान



**गढ़मुक्तेश्वर।** शराब ठेके की केंटीन में गिलास को लेकर हुए हंगामे के बीच कैंटीन चालक ने लोहे की रॉड मारकर युवक को लहूलुहान कर दिया। सिंभावली क्षेत्र के गांव बक्सर में अंग्रेजी ठेके पर शराब खरीद कर अंकुर चौधरी निवासी गांव खुड़लिया कैंटीन से पानी और गिलास खरीदने लगा। अधिक पैसे मांगने का आरोप लगाते हुए अंकुर ने हंगामा कर दिया, जिस पर कैंटीन संचालक तुषार निवासी बक्सर के बीच मारपीट हो गई। जिसमें सिर पर लोहे की रॉड लगने से अंकुर लहूलुहान हो गया। जिसने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अधिक पैसे मांगने का विरोध करने पर कैंटीन संचालक ने सिर में लोहे की रॉड मारकर उसे घायल कर दिया है। पुलिस ने घायल को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया, जहां परीक्षण के दौरान गंभीर हालत होती देख चिकित्सक ने घायल को हापुड़ के लिए रेफर कर दिया। एसओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच कर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की कार्य समिति की बैठक हुई संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** चंडी रोड स्थित चौंबर ऑफ कॉमर्स में आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कार्य समिति की बैठक संपन्न हुई है जिसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 19 जिलों के पदाधिकारीयों ने भाग लिया बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ विनीत शारदा ने कहा कि लोकसभा चुनाव आ चुके हैं हमारा व्यापारी वर्ग अधिक से अधिक भारतीय जनता पार्टी से जुड़े इस दिशा में हमें सतत प्रयास करना है केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं व्यापारियों को ध्यान में रखकर के बनाई जाती है जिससे व्यापारी का अधिक से अधिक लाभ हो हमारा व्यापारी वर्ग हमारे देश की और हमारे भारतीय जनता पार्टी की रगों में बसता है बिना व्यापार के किसी भी देश की उन्नति संभव नहीं है आज हमारे देश की जीडीपी आसमान छू रही है तथा नए-नए व्यापारी विदेश विदेश से भारत में आकर व्यापार करना चाहते हैं इसका सीधा-सीधा संदेश ही है कि अब संपूर्ण विश्व का व्यापारी भारत में व्यापार करने के लिए लालायित है सरकार ने व्यापारियों के हित में ध्यान में रखते हुए सड़कों का जाल बिछा दिया जिससे बहुत सुविधा हो रही है माल आने और जाने में, बिजली देकर सरकार ने व्यापारी पर जेनरेटर और डीजल का बोझ पड़ता था वह भी अब लगभग समाप्त हो चुका है आज भारतीय जनता पार्टी की नेतृत्व में व्यापार फल फूल रहा है उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी चौधरी चरण सिंह पी वी नरसिम्हा राव एम एस रामनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करके सभी का मान बढ़ाया है इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल जो कि लंबे समय से व्यापार प्रकोष्ठ से जुड़े हुए उन्होंने कहा कि मैं व्यापार प्रकोष्ठ में रहकर व्यापारी भाइयों की सेवा की है और इसी सेवा के को देखते हुए संगठन ने मुझे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पिलखुवा बनने का सौभाग्य दिया ,पहले भी और आज भी सतत इसी प्रयास में लगा रहता हूं कि किस प्रकार व्यापारी भाई की सेवा कर सकूं इस पूरी पश्चिम क्षेत्र की बैठक का अध्यक्षता क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने की बैठक का संचालन सहारनपुर के अमित गर्ग ने किया इस अवसर पर नोएडा से बलराज मुरादाबाद से अमित गुप्ता रामपुर से आशीष गुप्ता मुजफ्फरनगर से सुनील कुमार हापुड़ से अशोक बबली योगेंद्र मोनू कपिल एस सम अमित शर्मा मोहन सिंह कैलाश वर्मा दीपांशु गर्ग आदि जनपदों से भी व्यापार प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता रहे।




# हापुड़ आसपास

## सड़कों पर उतरे नाराज एसपी ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर को दी कार्यवाही की चेतावनी



**हापुड़।** जनपद में डग्गामार वाहनों के आंतक की सूचना पर शुक्रवार को एसपी ने हापुड़ के चौराहों पर छापेमारी कर सात वाहन सीज करवाएं और नाराजगी जताते हुए ट्रैफिक इंस्पेक्टर को चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार जनपद में सड़कों पर अवैध रूप से चल रहे डग्गामार वाहनों की शिकायत पर एसपी अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार को हापुड़ के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर सात अवैध डग्गामार वाहनों को सीज करवाया। इधर, कार्रवाई के डर से तमाम चालक सवारियां रास्ते में ही उतारकर वाहन लेकर भाग निकले। इस कारण पूरे दिन डग्गामार वाहनों का संचालन बंद रहा। एसपी ने बताया कि जनपद में डग्गामार वाहनों को सीज किया जाएगा। ट्रैफिक इंस्पेक्टर को डग्गामार वाहनों के संचालन पर चेतावनी दी गई है।

# सरकारी व गैर सरकारी संस्था में आन्तरिक निवारण समिति का गठन आवश्यक: छाया शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वाधान में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ मलखान सिंह की अध्यक्षता में छाया शर्मा, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ की देखरेख में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के कार्यान्वयन हेतु अधिनियम के अन्तर्गत आज दिनांक 09.02.2024 को पुलिस कार्यालय स्थित नवीन सभागार, पुलिस कार्यालय, हापुड़ में श्री अभिषेक वर्मा पुलिस अधीक्षक, हापुड़ एवं श्री राजकुमार अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक, हापुड़ की उपस्थिति में महिला पुलिस कर्मचारियों को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के बारे में जागरुक किये जाने हेतु कार्याशाला /जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन तरु त्यागी पराविधिक स्वंयसेवक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा किया गया। छाया शर्मा, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न अधिनियम 2013 के बारे में जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि इसके बारें में सभी को जागरुक होना चाहियें एवं कार्यस्थल पर हो रहे महिलाओं के उत्पीड़न को रो. कने का प्रयास करना चाहिये। आगे बताया गया कि यदि किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की कोई विधिक सहायता की आवश्यकता है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ के कार्यालय में अपना प्रार्थना पत्र दे सकती है, जिसके संबंध में आपकी विधिक सहायता आवश्यक रूप से की जायेगी। आगे यह भी बताया कि आप नालसा द्वारा प्रदान किये गये हेल्पलाइन नं० 15100 पर भी कॉल कर सकते है। इसी क्रम में राज. कुमार अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक, हापुड द्वारा उपस्थित महिला पुलिस कर्मचारियों को कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी क्रम में श्रीमती स्वाति गर्ग, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, हापुड़ द्वारा कार्यस्थल पर हो रहे महिलाओं के उत्पीड़न के बारे में विस्तारपूर्वक देते हुए बताया कि, इसमें शारीरिक संपर्क तथा यौन प्रगति, यौन संबंधों की मांग अथवा अनुरोध, यौन टिप्पणियां करना, अश्लील साहित्य दिखाना एवं यौन संबंध के किसी भी अन्य प्रकृति के अवांछित शारी. रिक, मौखिक या गैर-मौखिक आचरण को शामिल किया गया है। अमित कुमार, संरक्षण अधिकारी, जिला प्रोबेशन कार्यालय, हापुड़ द्वारा एक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिये एक सुरक्षित एवं अनुकूल कार्य वातावरण बनाने के साथ यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद व्यक्त कर पौधा वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुलिस विभाग से महिला पुलिस कर्मचारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ की और से पराविधिक स्वयंसेवक तुलसी शर्मा, गौरव सहगल, आयुषी त्यागी आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत 09.03.2024 को सफल बनाने हेतु आज दिनांक 09. 02.2024 को माननीय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, हापुड़ मलखान सिंह की अध्यक्षता में जनपद के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन नोडल अधिकारी/अपर जिला जज, हापुड़ डॉ० रीमा बंसल की देखरेख में अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ श्रीमती छाया शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में माननीय जनपद न्यायाधीश, हापुड़ श्री मलखान सिंह द्वारा उपस्थित समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को राष्ट्रीयलोक अदलात में प्रशासन से संबंधित वादों का अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण करने हेतु विशेष निर्देश दिये गये एवं समस्त अधिकारियों दों का अधिक से ज्यादा वाद प्री-लिटिगेशन/प्री-ट्रायल के माध्यम से निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में श्री अभिषेक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, हापुड़, श्रीमती ज्योत्सना बन्धु अपर जिलाधिकारी, हापुड़, क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर श्री आशुतोष शिवम, सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्री आशुतोष उपाध्याय, सहायक श्रमायुक्त सर्वेश कुमारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ० शैलेन्द्र कुमार, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री देशराज वत्स एवं अपर जिला सूचना अधिकारी श्री आशीष चन्द्र आदि उपस्थित रहे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं श्री मलखान सिंह जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ की अध्यक्षता में एवं श्रीमती छाया शर्मा, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देख-रेख में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहादुरगढ़ धुम्रपान, एल्कोहल, तम्बाकू आदि के बारे में जागरुक किये जाने हेतु शि. विर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ की ओर से पराविधिक स्वंयसेवकों श्री धीरेन्द्र कुमार, श्री राकेश कुमार, श्री रितेश भाटी, प्रियंका शर्मा एवं पियूष त्यागी द्वारा उपस्थित आमजन को धुम्रपान, एल्कोहल, तम्बाकू आदि के दुष्परिणामों के बारे में जागरुक किया गया एवं इनसे बचाव के उपायों के बारे में भी जागरुक किया गया एवं उपस्थित चिकित्सीय विभाग से डॉक्टरों द्वारा भी धुम्रपान, एल्कोहल, तम्बाकू आदि से कैसे बचा जा सकता है इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



# इंडस्ट्रियल एरिया, न्यायालय स्टेडियम के निर्माण की मांग को लेकर सीएम से मिले विधायक



**हापुड़।** हापुड़ के विभिन्न मामलों में विकास कार्य को लेकर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर हापुड़ में धीरखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया,जिला न्यायालय, स्टेडियम आदि निर्माण की मांग की। लखनऊ स्थित कालिदास मार्ग पर मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हापुड़ विधानसभा व जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं को रखा। उन्होंने कहा कि हापुड़ जिला न्यायालय परिसर का निर्माण, हापुड़ जिला खेल स्टेडियम का निर्माण, किसानों पर गलत दर्शाए गए बकाया बिजली बिल के समाप्ति , मेरठ रोड स्थित धीरखेड़ा इंडस्ट्रियल एरिया को हापुड़ जिले में शामिल किए जाने व हापुड़-श्यामपुर, मलकपुर, कन्या-कल्याणपुर मार्ग को चौड़ीकरण व हापुड़ से सलाई होते हुए ग्राम भटैल तक चौड़ीकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कृषि और सम्बंधित उप विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की

**हापुड़।** जिलाधिकारी ने सोलर पम्प, प्राकृतिक कृषि, नमामि गंगे, बीज वितरण लक्ष्य, मिट्टी परीक्षण, उर्वरक वितरण, फसल बीमा, पोली हाउस, सरकारी और निजी नर्सरी तथा अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा सोलर पम्प से तहत लाभार्थी को समय से उपकरण प्राप्त हो इसके अलावा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानो को अधिक से अधिक बीमा करने के लिया प्रेरित किया जाये जिससे वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके । जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद मे सरकारी नर्सरी ना होने की जानकारी देने पर जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी से धौलाना में उपजिलाधिकारी से मिलकर जमीन प्राप्त करने की निर्देश दिए। जनपद से कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक ब्लॉक मे एक एफपीओ बनाने का लक्ष्य बनाने के निर्देश दिया। जिससे किसानो की आय दोगुनी होने पर बल मिले। इसके अलावा उन्होने किसानो से जैविक खेती का क्षेत्रफल बढाने के लिय जागरूक करने के निर्देश दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, जिला कृषि अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला उद्यान अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी तथा अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नाराज भाकियू संघर्ष के कार्यकर्ता बैठे धरने पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** शुक्रवार को भाकियू संघर्ष के कार्यकर्ता तहसील पर पहुंचे और किसानों की समस्याओं को गम्भीरता से न लेने का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गये। कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्या उठाई और अधिकारी और कर्मचारियों पर मनमानी का आरोप लगाया कई घंटे चले धरने में एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या सुलझाने की मांग की गई।भाकियू संघर्ष के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रधान, युवा प्रदेश अध्यक्ष नितेश पंडित उर्फ नवनीत की अगुवाई में कार्यकर्ता किसान एकता के नारे लगाते हुए तहसील पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करते हुए, जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रधान ने कहा कि हापुड़ जनपद में सिम्भावली व ब्रजनाथपुर चीनी मिलों पर किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान 14 दिनों में नहीं किया जाता है। क्षेत्र में आवारा पशुओं के आतंक से किसान परेशान है। किसान की फसलों को पशु नष्ट करते है। विरोध करने पर हमलावर होकर घायल कर देते है कई किसानों की मौत हो चुकी है। सर्वे बन्दोबस्त विभाग में एआरओ का पद रिक्त चल रहा है।एडवोकेट सुशील प्रधान ने कहा कि नया गांव इनायतपुर के प्राथमिक स्कूल के ऊपर से 11 हजार विद्युत लाईन जा रही है जो घातक है कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कोथला खादर गांव में किसान की जमीन पर अवैध कब्जों को राजस्व विभाग नहीं हटा रहा है। धनपुरा में किसान की जमीन की पैमाईश पारदर्शी नहीं कराई जा रही है। प्रदेश सचिव नितेश पंडित ने संचालन करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धा पेशन के लिए धक्के खाने पड़ रहे है। किसानों की समस्याओं पर अधिकारी और कर्मचारी गम्भीर नहीं है। एसडीएम अंकित कुमार वर्मा को दिये ज्ञापन में समस्याआकें का समाधान ईमानदारी के साथ कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर नीरज गुर्जर सुनील शर्मा, ईश्वर सिंह, रिहान, अजय शर्मा, राजीव चौधरी, मौजूद रहे।



# चौ. चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर नूरपुर के लोगों ने बांटी मिठाईयां



**हापुड़।** किसानों के मसीहा और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार के द्वारा भारत रत्न मिलने पर पैतृक गांव नूरपुर में शुक्रवार को मिठाईया खिलाकर खुशी मनाई है। पौत्र विजेंद्र सिंह ने बताया कि हम तो पहले से इंतजार कर रहे थे। इन्हें पहले ही मिल जाना चाहिए था। अभी मिला हमें बहुत खुशी है और हम आज हम पूरे गांव में दिवाली मनाएंगे शाम को दीपक जलाएं जाएंगे। इतनी बड़ी खुशी है हम सबका धन्यवाद देते हैं। पौत्र महावीर ने बताया कि भारत रत्न मिलने पर गांव व क्षेत्र के लोगों मे काफी उत्साह है बहुत खुशी हुई है शाम को दिवाली का माहौल रहेगा।

# जिलाधिकारी ने आलू उत्पादक किसानों के साथ की बैठक

**हापुड़।** आलू उत्पादकों की समस्याओ के निराकरण के उददेश्य से जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कोल्ड स्टोरेज मालिको और आलू उत्पादकों किसानो के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा की सभी कोल्ड स्टोरेज मलिक अपने कोल्ड स्टोर के सामने फायर विभाग का आपातकालीन नम्बर बड़े बड़े शब्दो मे लिखवा ले साथ ही कोल्ड स्टोर के कार्मिको के अग्नि सुरक्षा की ट्रेनिंग कराने के लिया अग्निशमन अधिकारी से कहा। उन्होने कहा की सभी कोल्ड स्टोरेज और उसमे जमा आलू का बीमा कराया जाना है अत: सभी स्टोरेज मालिक और किसान बीमा अवश्य कर ले। बीमा कराना किसानो और कोल्ड स्टोरेज मालिको हित मे ही होगा। साथ ही कोल्ड स्टोर मालिक किसानो को दी जाने वाली पर्ची पर बीमा होने की जानकारी अवश्य अंकित कर दें। उन्होने कहा की आलू कोल्ड स्टोरेज मे जमा और निकालने के दौरान जाम की समस्या ना आये इसके लिये किसानो को टोकन के माध्यम से शिफ्टवाइज प्री बुकिंग से निकालने और जमा कराने की व्यवस्था की जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, किसान बंधु, कोल्ड स्टोरेज के मालिक उपस्थित रहे।

# क्रेशर पर मजदूरी करने वाले बुजुर्ग की संदिग्ध स्थिति में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गन्ने के क्रेशर पर मजदूरी करने वाले बुजुर्ग की संदिग्ध दशा में मौत हो गई, जिसका पेड़ पर लटक रहा शव पोस्टमार्टम को भेजकर पुलिस जांच में जुटी है। बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव आलमनगर निवासी साठ वर्षीय ऊदल सिंह का शव शुक्रवार की सुबह आम के पेड़ पर लटका हुआ था। जिसे देखते ही खेतों में कामकाज करने गए किसानों ने पुलिस को सूचना कर दी। सीओ आशुतोष शिवम और इंस्पेक्टर सुरेश कुमार कुछ ही देर के भीतर मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने प्रारंभिक तौर पर काफी देर तक जांच पड़ताल की और मृतक की शिनाख्त होने पर शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक क्षेत्र के गांव लहडरा के एक गन्ना क्रेशर पर मजदूरी करता था। सीओ का कहना है कि प्रथमदृष्ट्या की गई जांच में बुजुर्ग मजदूर की मौत आत्महत्या से जुड़ी प्रतीत हो रही है, जिसके शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर पीटा

**गढ़मुक्तेश्वर।** गाली- गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया, जिसमें एक युवक घायल हो गया।

सिंभावली क्षेत्र के गांव सैना में अब्दुल कलाम ने घर के बाहर अपने खाली प्लॉट में गोबर का खाद डाला हुआ है। जिसे हटवाने का प्रयास कर रहे दबंग पड़ौसी घर में घुस गए और गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर कलाम को घायल कर दिया। पीडिघ्त ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शेरअली मुठमर्दी के बल पर उसके खाद को वहां से हटवाना चाहता है। जो अपने बेटे शमशेर अली, पोते नजाकत और बहू अर्शी के साथ लाठी डंडे लेकर घर में घुस आया और हमला कर दिया। एसओ धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर शांतिभंग में कार्रवाई करते हुए अन्य आरोपियों की तलाश कराई जा रही है।

# अधिवक्ता के साथ कोर्ट में अभद्रता से आक्रोश

शाहटाइम्स संवाददाता

खतौली। नगर तहसील के अधिवक्ताओं ने एसडीएम कोर्ट में साथी अधिवक्ता के साथ एक युवक द्वारा अभृता और गाली गलौज करने पर बार संघ में आक्रोश बन गया। शुक्रवार को खतौली तहसील के दर्जनों अधिवक्ताओं ने कोतवाली का घेराव कर पुलिस से आरोपी युवक पर कार्यवाही की मांग की, वही इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने आक्रोशित अधिवक्ताओं को शांत कर उन्हें मामले में कार्यवाही का आश्वासन दिया है। पीड़ित अधिवक्ता ने आरा. पी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

खतौली तहसील बार संघ के दर्जनों अधिवक्ता शुक्रवार को कोतवाली पहुचें जहा अधिवक्ताओं ने हंगामा करते हुए कोतवाली का घेराव किया, इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने अधिावक्ताओं को शांत करते हुए



उनकी समस्या पूछी इस पर तहसील बार संघ के पूर्व महासचिव सुभाष चंद एडवोकेट ने पुलिस को बताया की गुरुवार को वो एसडीएम कोर्ट में एक मामले के सम्बंध में गये थे। जहा पहले से मौजूद रघुवीर निवासी गांव आदमपुर मोचडी निवासी ने उसके साथ किसी बात को लेकर अभृता करते हुए गाली गलौज की, कोर्ट के अंदर कर्मचारियों और साथी अधिावक्ताओं के सामने इस घटना के होने से उसका मानसिक उत्पीड़न हुआ है। और उसके मान सम्मान को ठेस पहुचीं है। पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस को उक्त आरा. पी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित अधिावक्ता से तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस दौरान घेराव करने वालो में सचिन आर्य एडवोकेट, जगदीश आर्य, जितेंद्र त्यागी, नवाब सिंह, राजबीर, सरदार जितेंद्र, बाबूराम, सुमित, प्रताप, योगेश खारी आदि अधिावक्ता मौजूद रहे।

# फिरोजपुर पहुंचा सरकारी अमला, योगी करेंगे किसानों से संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** किसान मोर्चा द्वारा आयोजित ग्राम परिक्रमा यात्रा के अन्तर्गत ग्राम फिरोजपुर में किसानों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा राष्ट्रीय अधयक्ष जे.पी. नड्डा संवाद करेंगे, जिसको लेकर फिरोजपुर गांव में सफाई व्यवस्था बडे स्तर पर जारी है। साथ ही भाजपा नेताओं ने गांव पहुंचकर व्यवस्थाओं के सम्बंध में अधिकारियों से बातचीत की।

आगामी 12 फरवरी को ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारम्भ शुकतीर्थ में किया जाएगा। शुकतीर्थ के निकटवर्ती गांव फिरोजपुर में किसान प्रमोद चौधारी के घर चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राष्ट्रीय अधयक्ष जे.पी. नड्डा किसानों से सीधा संवाद करेंगे। सैकडों किसानों से योगी व नड्डा सीधा संवाद करेंगे। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है। सभी ग्रामीण अपने घरों की साफ सफाई में जुट गये हैं तथा एक दूसरे से कार्यक्रम को लेकर बतिया रहे हैं।

वहीं गांव की गलियों तथा मुख्य मार्ग पर सैकडों कर्मचारी सफाई व्यवस्था में जुटे हुए हैं। शुकतीर्थ से फिरोजपुर जाने वाले मार्ग को चमकाया जा रहा है। फिरोजपुर गांव में पहुंचे जिलाधयक्ष सुधाीर सैनी, जिला पंचायत अधयक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, एडीम वित्त गजेन्द्र सिंह, एसडीएम सुबोध कुमार, एसपी इंटेलिजेंस शैलेन्द्र सिंह राठौर, एसपी क्राईम प्रशांत कुमार ने किसान प्रमोद चौधारी के घर जाकर व्यवस्था बनाने को लेकर तैयारियां शुरू की

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**मीरापुर।** खेतो से चारा लेकर लौट रही महिला बाइक की टक्कर लगने से घायल हो गई क्षेत्र के गांव चुड़ियाला निवासी महिला चंद्रवती पत्नी जयपाल गांव निवासी महिला तिलकवती के साथ शुक्रवार की दोपहर जंगल से पशुओं का चारा लेकर पैदल गांव लौट रही थी। दोनों महिला जैसे ही गांव के समीप पहुची तो पीछे से आए एक अज्ञात बाइक सवार ने चंद्रवती को टक्कर मार दी जिस कारण महिला घायल हो गई। महिला को पुलिस ने जानसठ सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है

### जुमे की नमाज को लेकर पुलिस रही अलर्ट

**मीरापुर/बुढाना।** हल्द्वानी में उपद्रवियों द्वारा अतिक्रमण हटाने गई पुलिस टीम व निगम की टीम पर पथराव हमले व आगजनी की घटना के मद्देनजर शुक्रवार को उच्चाधिकारियों के आदेश पर जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए मीरापुर, रामराज व बुढाना पुलिस अलर्ट मौड़ पर रही। कस्बे व देहात स्थित मस्जिदों पर पुलिस अलर्ट दिखी और सभी स्थानों पर जुमे की नमाज शांतिपूर्ण सम्पन्न कराई।

### उप निरीक्षक पंकज शर्मा को दी भावभीनी विदाई

**शाहपुर।** थाना शाहपुर के उप निरीक्षक पंकज शर्मा को पुलिस कर्मियों व क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने दी भावभीनी विदाई। इस दौरान थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने कहा कि उप निरीक्षक पंकज शर्मा अपने कर्तव्य के लिए हमेशा से ही निष्ठावान रहे हैं। साथ ही उन्होंने कानून का इकबाल बुलंद रखाकर हमेशा ही अपराधियों को कानून का पाठ पढाया है। थाना शाहपुर पर उन्होंने अपनी एक अमिठ छाप छोडघी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पंकज शर्मा के कार्यकाल में आपराधिक घटनाओं में कमी आई। इस दौरान कस्बे के गणमान्य लोगों व पुलिस कर्मियों ने भी उन्हें शाल ओढघकर तथा फूल माला पहनकर सम्मानित किया। पूर्व नगर पंचायत अधयक्ष प्रमेश सैनी ने उप निरीक्षक पंकज शर्मा का जनता के प्रति व्यवहार तथा कार्य कुशलता की सराहना की। पंकज शर्मा ने सभी पुलिस कर्मियों व क्षेत्र के सम्मानित लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बहुत प्यार तथा सम्मान दिया जिसे वह हमेशा याद रखेंगे। साथ ही उन्होंने शाहपुर थाना प्रभारी तथा समस्त स्टाफ की भी जमकर सराहना की।

### एसडीएम ने दिखाई मोबाइल वेन को हरी झंडी

**बुढाना।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत विधाानसभा-11 बुढाना क्षेत्र में मोबाईल वैन प्रर्दशन के माध्यम से जनमानस के बीच ईवीएम एवं वीवीपैट जागरूकता कार्यक्रम आज शुक्रवार के दिन से प्रारम्भ किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में एसडीएम मोनालिसा जौहरी द्वारा प्रातः 10 बजे मोबाईल वैन को हरी झंडी दिखाकर बुढाना विधानसभा क्षेत्र में रवाना किया गया। ईवीएम एवं वीवीपैट जागरूकता कार्यक्रम आज से शुरु होकर आगामी 23 फरवरी तक लगातार गतिमान रहेगा। जिसमें विधाानसभा-11 बुढाना क्षेत्र के समस्त मतदान केन्द्रो पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न कराया जायेगा और सभी मतदाताओं को जागरुक करने का काम किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मतदाताओं को जागरुक करने के लिए प्रशासन ही नहीं बल्कि कालेज की छात्राएं रैली निकालकर और नुक्कड नाटक कर सभी मतदाताओं का जागरुक करने का प्रयास कर रही हैं ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में पहले से भी अधिाक नये मतदाता भी शत प्रतिशत मतदान कर सकें। इसी को लेकर बुढाना कस्बे और क्षेत्र में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### वोटर्स को किया जागरुक

**बुढाना।** सुपर स्वीप अभियान के अंतर्गत आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढाना की सैंकडों छात्राओं द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गों पर उतरकर एक सफल रैली का आयोजन किया गया। जिसमें एक खाली फ्लेक्सी पर छात्राओं द्वारा बनाए गए ए फोर सीट पर मेहंदी के डिजाइन थे। जिसमें मतदाताओं के लिए जागरूकता फैलाने का संदेश दिया जा रहा था और नारों के माध्यम से रैली निकाली जा रही थी। इस रैली का उद्देश्य था कि आगामी लोकसभा के चुनाव में अधिक से अधिाक मतदाता अपनी वोटों का इस्तेमाल अवश्य करें। यहां पर मतदाता को जागरूक करने के लिए छात्राओं ने स्लोगन भी लिखे और रैली में ही आते जाते राहगीरों और दुकानदारों से पेपर पर हस्ताक्षर भी करवाए और कहा गया कि वे अपना वोट अवश्य डालें। यह रैली कालेज के बाहर से शुरू करके मोर वाली प्याऊ से होती हुई छोटा बाजार में से निकालकर वापस कालेज में ही संपन्न कराई गई। रैली को सफल बनाने में सहायक अध्यापिका मुकेश, अर्चना चौधरी, सारिका वर्मा, वंदना राजन, सुधा रानी, आयुषी, वंशिका आदि शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा। कालेज की प्रधानाचार्य परमेश कुमारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने पर सभी का धन्यवाद प्रेषित किया।

### संगठन को हानि पहुंचाने वालों की लेंगे खबर: पंवार

**बुढाना।** कस्बे की मास्टर कालोनी में स्थित भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यालय पर आज शुक्रवार के दिन कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें कुछ पदाधिकारियों द्वारा कहा गया कि कुछ समय से मुजफ्फरनगर जिले के जिम्मेदार पदाधिकारियों द्वारा बुढाना तहसील के प्रति गलत रवै"या एवं संगठन को हानि पहुंचाने के लिए बिना सोचे समझे गलत निर्णय लिये जा रहे हैं ओर जिले के इन जिम्मेदारों ने इसे अपने वर्चस्व की लडघई बना लिया है। इन्हीं के द्वारा पूर्व मे भी बुढाना ब्लाक मे संगठन को हानि पहुंचाने के लिए जो निर्णय लिया गया है। उसका हम कडा विरोधा करते हैं और अगर आने वाले 48 घन्टों मे इसका समाधाान नही होता है तो बुढाना तहसील के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कोई भी बडघ निर्णय लेंगे। जिसकी जिम्मेदारी राष्ट्रीय नेतृत्व की होगी उनकी नहीं होगी। इस बैठक में मुख्य रुप से भाकियूअ के बुढघना तहसील अधयक्ष पहलवान सुधाीर पंवार, प्रवीण पंवार, मुहम्मद यासीन, अमित ठाकुर राजपुर छाजपुर, मुकेश भार्गव, अक्षय ठाकुर, नवाज आलम, सुलेदीन कल्याणपुर, जाबिर नंगला, राशिद रियावली और रहीसु गढघी सखावतपुर सहित अन्य कई कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की उपस्थिति देखने को मिली।

### पिछडा वर्ग भाजपा ने राहुल गांधी का पुतला फूका

**मुजफ्फरनगर।** जिला पिछडा मोर्चा भाजपा के जिला अधयक्ष सुंदरपाल सुनील सिंगल वरिष्ठ भाजपा नेता, राम कुमार कश्यप प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, मनोज पांचाल महामंत्री, जयकरण गुर्जर महामंत्री, विजय वर्मा जिला मंत्री के नेतृत्व में राहुल गांधाी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछडी जाति पर टिप्पणी करने के विरोधा में राहुल गांधाी का एक पुतला शिव चौक पर फूका गया और राहुल गांधाी द्वारा दिए गए विवादित बयान की पूरे पिछडे वर्ग के लोगों ने आला. चना की और कहा राहुल गांधाी ने प्रधानमंत्री मोदी की जाती पर जो बयान दिया है वह हम बिल्कुल भी सहन नहीं करेंगे इसका हम भरपूर विरोध करेंगे और राहुल गांधाी की कांग्रेस पार्टी को आने वाले इलेक्शन में जड से खत्म कर देंगे। राहुल गांधाी पहले भी अनेकों बार प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ विवादित बयान देकर सुर्खियों में रहने का प्रयास करते हैं लेकिन अब इस आने वाले 2024 के इलेक्शन में पिछडा वर्ग संपूर्ण भारत में राहुल गांधाी को उसकी औकात दिखा देगा। इस कार्यक्रम में देवेंद्र, धीर सिंह, अमित उपाध्याय, सुबोध सैनी, विजेंद्र पांचाल, रामपाल सेन, जोनी गुज्जर, निमित सेन, दवेंद्र धीमान, रजनीश, अमित धार्मा, हिमांशु सैनी, परवीन पाल, मांगेराम, रविकांत प्रधाान, नवनीत पाल, कंवरपाल वर्मा, ऋषि राज वालिया, सुनील सैनी, नेत्रपाल कश्यप, राजेश प्रधाान, रामनरेश, हरगोपाल कश्यप, मुकेश धीमन, सोनू सैनी, वीर सेन, नरेंद्र प्रजापति, अजय सेहरावत आदि उपस्थित थे।



# संजय धनगर ने की मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार से मुलाकात



**मुजफ्फरनगर।** जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली जंतर मंतर पर उत्तर प्रदेश के पार्टी पदाधिकारियो के साथ मुख्यमंत्री बिहार व राष्ट्रीय अध्यक्ष जनता दल यू के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई जिसमे मुझे जनता दल यू दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजय धनगर को मुख्यमंत्री को बुक्के देकर बधाई शुभकामनाएं देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ वहीं जनता दल यू के नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्य सभा सांसद वसिष्ठ नारायण सिंह को बुक्के देकर बधाई व शुभकामनाएं भी दी गई।

# मतदान जागरूकता पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर के श्री कुन्द कुन्द जैन इंटर कॉलेज में मतदान के लिए जनजागरण हेतु छात्राओ के लिए मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम संयोजन संधया नागर तथा रसना ने किया। छात्राओ ने अपने हाथों पर कलात्मक ढंग से मेहंदी लगाई। मेहंदी के माध्यम से अनिवार्य मतदान के लिए जागरूक किया। मेहंदी के बीच में सुंदर ढंग से मतदान से संबंधित स्लोगन लिखे। इस मेहंदी प्रतियोगिता में जैनब ने प्रथम, बुशरा ने द्वितीय तथा नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी के साथ विकास मोतला तथा सुरेश यादव के निर्देशन में मतदान जागरूकता के लिए नगर के मुख्य मार्गो से एक रैली निकाली गई। छात्र मतदान जागरूकता के नारे लगा रहे थे। प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने उक्त कार्यक्रमों में छात्र छात्राओं को



बताया आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए हर मतदाता को जागरूक होना है अपने वोट का अवश्य प्रयोग करें। आसपास के लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें। वोट के माधयम से हम राष्ट्र निर्माण में सहयोग करते हैं।

आज के आयोजन में संध्या नागर रसना, अजय जैन, नीतू जैन, मोनिका शर्मा, नूतन देवी, इंदु, रितु जैन, प्रियंका जैन, रजनी जैन, बबीता जैन, नीरज शर्मा, सुमित कुमार, विकास, मोहित, लवी, पारुल, आयशा, आंचल, एकता, मीनाक्षी, प्रमोद मोतला, रूपक, कुलदीप, राजकुमार जैन, पायल, गौरव, मनोज चंदन शर्मा, दलीप सिंह, डा. अमित जैन, जे.पी. गौतम, सचिन, नवीन, हितेश सहित कॉलेज परिवार का सहयोग रहा। मतदान जागरूकता के लिए ड्राइंग शीट पर मेहंदी प्रतियोगिता में सला. नी ने प्रथम अनुष्का ने द्वितीय मनसफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष का सम्मान

खतौली। दूसरी ओर नगर के श्री कुंदकुंद जैन इंटर कॉलेज में शिक्षकों की एक सभा आयोजित की गई। सभा में उत्तर प्रदेश माधयमिक शिक्षक संघ शर्मागुट के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉ अमित जैन का सम्मान कॉलेज परिवार द्वारा किया गया। प्रबंधक राजीव जैन तथा मुकेश जैन ने शुभकामना संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निष्ठा पूर्वक निभाएं।

### अज्ञात कार की टक्कर से अधेड़ ग्रामीण की मौत

**भोपा।** देर शाम जंगल से गाय चराकर लौट रहे अधोड़ को तेजी से आ रही अज्ञात कार ने टक्कर मार दी।टक्कर लगने घायल हुए ग्रामीण की मौके पर मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहमतपुर निवासी इकबाल सिंह पुत्र चौ.भोपाल सिंह 65 वर्ष शुक्रवार को गाय चराने के लिये जंगल गया था।शाम के समय जब वह घर लौट रहा था तभी भोकरहेड़ी -बसेड़ा मार्ग पर सामने से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे इकबाल सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। तथा मौके पर उसकी मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर जताई खुशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** गांव चित्तौडा में अल्पसंख्यक समाज द्वारा किसानों के मसीहा पूर्व प्रधाानमंत्री स्वर्गीय चौधारी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने पर मिठाई बाटकर व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाएं।

गांव चित्तौडा मैं ग्राम प्रधाान सुभानी व अल्पसंख्यक समाज के व्यक्तियों द्वारा किसान मसीहा का पूर्व प्रधाानमंत्री चौधारी चरण सिंह को भारत रत्न की उपाधि मिलने पर मिठाई बाटकर खुशी मनाई।इस दौरान ग्राम प्रधाान पुत्र गुलाम सुबहानी ने कहा,कि किसान मसीहा चौधारी चरण सिंह 36 बिरादरियों के किसान नेता थे। आज हर एक किसान ब कमेरा को बहुत खुशी हैं। क्योकि उन्होंने किसानों के हित के लिए अनेक कार्य किया। जो कभी भुलाए नहीं जा सकते हैं।तो वही उनके द्वारा किसान हित में किए गए कार्यों को किसान कमेरा कभी नहीं भूल सकते हैं। इस दौरान सुभानी प्रधाान, डाक्टर नूर मोहम्मद, प्रधाान नजीर अहमद, अस्मत कुरैशी, इकराम,सरफराज, बाबू अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# पालिका कन्या विद्यालय में पिंक टॉयलेट का लोकार्पण




**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद् के अधीन संचालित पालि. का कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को करीब 80 लाख रुपये की लागत से हुए विकास कार्यों का पालिका अधयक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने सभासद, प्रधानाचार्या एवं पालिका अधिकारियों के साथ लोकार्पण किया। इनमें पिंक टॉयलेट, कक्षा कक्ष का निर्माण और कक्षाओं में टाइल्स एवं पत्थर लगाने का कार्य शामिल है।

इस दौरान उन्होंने भरोसा दिया कि कन्या विद्यालय को आदर्श स्कूल बनाने के लिए पालिका की ओर से भरपूर सहयोग किया जायेगा। आगामी दिनों में विद्यालय के कायाकल्प और शिक्षा की गुणवत्ता के लिए और भी कार्य कराये जायेंगे।

नगरपालिका परिषद् के अधीन चलाये जा रहे पालिका कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को पालिका अधयक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने विकास कार्यों की सौगात देने का काम किया। यहां पर अवस्थापना विकास निधिा के अन्तर्गत करीब 40 लाख रुपये की लागत से छह कक्षा कक्ष का निर्माण कार्य कराया गया है। यह कक्ष भूतल और प्रथम तल पर निर्मित कराये गये हैं। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत प्राप्त ग्रांट से छात्राओं और अधयापिकाओं के लिए यहां पर आधाुनिक व्यवस्थाओं के साथ पिंक टॉयलेट का निर्माण भी हुआ है। इस पर करीब 12 लाख रुपये का बजट खर्च किया गया है। वहीं राज्य वित्त के अन्तर्गत करीब 22 लाख रुपये की लागत से विद्यालय के 31 कक्षा कक्षों और बरामदे में टाइल्स एवं पत्थर लगाने का कार्य किया गया है। पालिका के अवर अभियंता निर्माण कपिल कुमार ने बताया कि पालिकाध्यक्ष ने आज कन्या विद्यालय में करीब 80 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए छात्राओं को समर्पित किया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर कार्यवाहक प्रधाानाचार्या सुमित्रा सिंह ने पालि. काधयक्ष मीनाक्षी स्वरूप, वार्ड सभासद महिका गुप्ता, सभासद पति शोभित गुप्ता व पालिका के अधिाकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया।

# द एसडी स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** द.एस.डी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। आशीर्वाद में वह शक्ति होती है जो तरक्की के सारे रास्ते खोल देती है।

कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। छात्रों ने सर्वप्रथम 12वीं के विद्यार्थियों का टीका लगाकर स्वागत -अभिनंदन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ, छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए,इसी लडघी में कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा अपना अनुभव कथन प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा समय-समय पर दिए गए मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया तथा विद्यालय की शिक्षा प)ति और संस्कार को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि यहां का वातावरण उन्हें सदैव उत्साहित करता रहा, यहां व्यतीत समय काल उनके जीवन की अमूल धारोहर है जिसे वे जीवन भर संजोकर रखेंगे।

विद्यालय निर्देशिका चंचल सक्सेना जी ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उनकी आगामी परीक्षाओं में उत्ख्रष्ट प्रदर्शन करने का आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रतियोगिता के इस दौर में खुद को सफल साबित कर अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कडघी मेहनत, समर्पण और सतत प्रयासों की आवश्यकता है साथ ही उन्होंने छात्रों को जीवन में अनुशासित और संस्कारवान हो आगे बढते रहने के लिए भी प्रोत्साहित किया। आशीर्वाद समारोह की इस श्रृंखला को आगे बढते हुए विद्यालय प्रधाानाचार्या नीलम माहनाने कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए 11वीं के छात्रों की सराहना की। उन्होंने 12वीं के छात्रों को सदैव ऊर्जावान एवं दृढ निश्चयी



बनकर, लक्ष्य केंद्रित कर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने यह भी समझाया कि आज के परिपेक्ष्य में परिपक्व सोच, सही रास्ते और सही दोस्तों का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से प्रधाानाचार्या जी,सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा स्मृति सूचक चिन्ह भेंट कर कक्षा 12वीं के छात्रों की भावपूर्ण विदाई की गई।

### सफरे इमाम हुसैन की याद में हुआ मजलिस का आयोजन

**मोरना।** अरबी माह रजब की 28वीं तिथि को शिया समाज द्वारा सफरे इमाम हुसैन कार्यक्रम के अन्तर्गत मजलिसों का आयोजन किया गया तथा सौजख्वानी व नोहख्वानी की गई। अलम व जुलजना तथा अमारी की जियारत की गई।

ककरौली में सफरे इमाम हुसैन कार्यक्रम के अन्तर्गत अंजुमने असगरिया द्वारा मौहल्ला गढी स्थित इमाम बारगाह बाबे मजाहिर में मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना इकरार आब्दी द्वारा सम्बोधित किया गया, जिसमें करबला के वाक्ये व इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि इमाम हुसैन व उनका परिवार 28 रजब को मदीना से हज की यात्रा के लिए रवाना हुआ था कि बीच में ही उन्हें जालिम राजा यजीद की ओर से हिंसा का संकेत मिला। जिस पर वह करबला नामक स्थान की ओर चल पडे, जहां इमाम हुसैन व उनके जांनिसार व परिवारजन सत्य मार्ग पर चलते शहीद हो गये।

कार्यक्रम के दौरान मौ. अली जौलवी ने सौजख्वानी की तथा समर अब्बास, शब्बन टंढेडा व काशिफ ककरौली नौहाख्वानी की। इस दौरान अलम जुलजना व अमारी की जियारत की गई। वहीं ग्राम जौली, तिस्सा, बेलडा, मोरना, युसुफपुर, बेहडा सादात, रहकडा आदि गांव स्थित इमामबाडों में भी मजलिसों का आयोजन किया गया।

# 271 लीटर गंगाजल लेकर शिव चौक पहुंचे हरियाणा के छोरे



**मुजफ्फरनगर।** हरिद्वार से गंगाजल भरकर जायेंगे अब रोहतक के गांव लाखन माजरा। आगामी फाल्गुन माह में 8 मार्च को महाशिवरात्रि हे जिस दिन मां पार्वती और भगवान शिव जी का विवाह संपन्न हुआ था। इसी खुशी मनाने को लेकर भोले भक्त कावडिए हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने अपने धाार्मिक स्थलों पर भगवान शिव शंकर को गंगाजल अर्पित करते है। इसी कडी में रोहतक के दो भोले भक्त एक 151 लीटर और दूसरा भोला भक्त 121 लीटर गंगाजल भरकर पैदल आज शिव चौक पहुंचकर परिक्रमा करके भगवान शंकर का आशीर्वाद लिया और अपने गंतव्य को निकले।

# चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की बात पर रालोद नेत्री ने बांटी मिठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** भारत सरकार द्वारा अमर किसान मसीहा कहे जाने वाले भारत देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधारी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से बुढाना कस्बे के रालोद नेताओं में खुशी की लहर दौड गयी।

इस खुशी में राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासि. चव अनुपमा चौधरी के आवास पर बधााई देने वालों का तांता लग गया। फिर उसके बाद रालोद नेत्री अनुपमा चौधारी ने कस्बे के कांधाला रोड तिराहे पर स्थापित चौधारी चरण सिंह की मूर्ति पर पहुंचकर उनको तिलक लगाया और गले में फूल मालाएं डालकर खुशी का इजहार किया। रालोद नेत्री ने इसके बाद राजसिंह स्वीट्स पर अपने समर्थकों को ले जाकर मिठाई खिलाई और जयंत चौधरी जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस दौरान रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने यहां पर मीडिया को बताया कि स्वर्गीय चौधरी साहब के समर्थको एवं विभिन्न संगठनों द्वारा उनको भारत रत्न दिए जाने की मांग लंबे समय से लगातार उठाई जा रही थी। केंद्र सरकार की इस घोषणा से



रालोद कार्यकर्ताओं मे त्योहार जैसा माहौल है और सभी इसको लेकर जश्न मना रहे हैं। इस दौरान हर्ष व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से मास्टर नाहर सिंह, ईश्वर सिंह, सत्यपाल सेन, देवेंद्र सिंह और मुहम्मद इस्लामुद्दीन इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले भारत को झटका

# श्रेयस चोट के कारण हो सकते हैं बाहर

**श्रेयस अय्यर पिछले 12 महीनों से पीठ की समस्याओं से जूझ रहे हैं, वह पिछले साल भी इस समस्या से परेशान थे तीसरा मुकाबला 15 फरवरी को राजकोट में खेला जाएगा**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। हैदराबाद में इंग्लैंड ने पहला मुकाबला जीता था। वहीं, भारत ने विशाखापत्तनम में दूसरा टेस्ट जीत लिया था। सीरीज 1-1 की बराबरी पर है और भारत की नजर अगले मैच में बढ़त लेने पर है।

उससे पहले टीम इंडिया को एक बड़ा झटका लगा है। मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोट के कारण तीसरे टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। कहा तो यह भी जा रहा है कि पूरी सीरीज में उनका खेलना संदिग्ध है। पीठ में समस्या के कारण अगले तीन टेस्ट में अय्यर का खेलना मुश्किल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उनकी फिटनेस को लेकर एक पत्र बीसीसीआई को लिखा है। सीरीज के बाकी तीन टेस्ट मैचों के लिए टीम की घोषणा भी नहीं हो पाई है। कई खिलाड़ियों के चोटिल होने और अनुपलब्ध होने के कारण ऐसा हो रहा है। चयनकर्ताओं की बैठक गुरुवार (आठ फरवरी) को होनी थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि शुक्रवार को बैठक होगी और उसके बाद टीम का एलान हो जाएगा। अय्यर पिछले 12 महीनों से पीठ की समस्याओं से जूझ रहे हैं। वह पिछले साल भी इस समस्या से परेशान थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर में अहमदाबाद टेस्ट के दौरान उनकी परेशानी बढ़ गई थी। इसके बाद उन्होंने सर्जरी करवाई थी। इस कारण वह काफी समय तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्होंने एशिया कप से वापसी की थी और विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। श्रेयस अय्यर के अलावा मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा जैसे अनुभवी खिलाड़ी पहले ही चोटिल हैं। इनमें से राहुल की वापसी तीसरे टेस्ट से हो सकती है। वहीं, दिग्गज बल्लेबाज विराट पारिवारिक कारणों से बाहर हैं। उनकी वापसी पर भी संशय है। कहा जा रहा है कि कोहली बाकी मैचों से दूर रह सकते हैं।



भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ सितम्बर में फ्रेंचाइज आधारित लीग लॉन्च करने के लिए तैयार है सहायक स्टाफ और प्रशिक्षकों के साथ भारतीय रग्बी टीम।

## वाटिका ने फिर अंक गंवाया, डीएफसी का वाक ओवर

**नई दिल्ली, वार्ता।** लगातार दूसरे डीएसए प्रीमियर लीग खिताब के करीब पहुंचने के बाद वाटिका दिल्ली एफसी लड़खड़ाने लगी है। पिछले मुकाबले में उसे भारतीय वायुसेना के हाथों दो गोल की हार का सामना करना पड़ा तो आज उसे सीआईएसएफ प्रोटेक्टर ने 2-2 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक छीन लिया। इतना ही नहीं विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए रफ टफ मैच में कुछ खिलाड़ियों के खराब व्यवहार के कारण रेफरी मनीष और मैच कमिश्नर भारत लसह नेगी ने सख्त कदम उठाते हुए वाटिका के एक ऑफ फील्ड खिलाड़ी को गंभीर चेतावनी भी दी है। दिन का दूसरा मैच दिल्ली एफसी और वायुसेना के बीच तय था लेकिन पांच मैचों में सात सात खिलाड़ी उतारने के बाद दिल्ली एफसी ने इस बार टीम फील्ड नहीं की। मामला अब प्रीमियर लीग आयोजन समिति पर छोड़ दिया गया है। बेहद आक्रमक्तता के साथ खेले गए मैच में वाटिका के लिए आयुष बिष्ट और पियूष भंडारी ने गोल जमाए। सीआइएसएफ के गोल भोला सिंह और प्लेयर ऑफ द मैच राजदीप लसह ने उतारे। ड्रॉ मैच में वाटिका एफसी ने रेफरी और उसके सहयोगियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 11 रनों से हराया

**शॉन ऐबट एक ही अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में चार कैच पकड़ ब्रेट ली के तीन कैच का रिकॉर्ड तोड़ा**



**होबार्ट, वार्ता।** डेविड वॉर्नर की 70 रनों की अर्द्धशतकीय पारी और उसके बाद ऐडम जम्पा के तीन विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पहले टी-20 के रोमांचक मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 रनों से हरा दिया है।

इस जीत के साथ ही इस मैच में दो रिकार्ड भी बने। शॉन ऐबट एक ही अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मुक. ाबले में चार कैच पकड़ कर ब्रेट ली के तीन कैच के रिकार्ड को तोड़ा। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच टी-20 में संयुक्त स्कोर 415 का रिकार्ड बना। 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की अच्छी रही और उसने सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 89 रनों की साझेदारी की। ब्रैंडन किंग ने 37 गें. दों में 53 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 25 गेंदों में 42 रन बनाए। निकोलस पूरन 18 रन, कप्तान रोवमन पॉवेल 14 रन, शे होप 16 रन, आंद्रे रसल एक रन, शरफेन रदरफोर्ड सात रन और रोमारियो शेफर्ड दो रन बनाकर आउट हुए। जेसन होल्डर 34 और अकील हुसैन सात रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की टीम निर्द्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऐडम जम्पा ने तीन विकेट लिए। मार्कस स्टॉयनिस को दो विकेट मिले। शॉन ऐबट, ग्लेन मैक्सवेल और जेसन बेहरनडॉर्फ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले डेविड वॉर्नर के 36 गेदों में 70 रनों की अर्द्धशतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 214 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की डेविड वार्नर और जोश इंग्लिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 93 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलिया का पहला विकेट जोश इंग्लिस के रूप में गिरा। उन्होंने 25 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाए। उन्हें होल्डर ने पॉवेल के हाथों कैच आउट कराया। 13वें ओवर में वार्नर 36 गेंदों मे 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 70 रन जोसफ का शिकार बने। कप्तान मिचेल मार्श 16 रन, ग्लेन मैक्सवेल 10 रन, मार्कस स्टॉयनिस नौ रन और मैथ्यू वेड 21 रन बनाकर आउट हुए। टिम डेविड 37 रन और ऐडम जम्पा चार रन पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 213 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से आंद्रे रसल ने तीन विकेट लिए। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले।

## माइकल नेसर की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी



**सिडनी, वार्ता।** न्यूजीलैंड में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए तेज गेंदबाज माइकल नेसर की ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में वापसी हुई है। चयनकर्ता नेसर को न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में आदर्श गेंदबाज मानते हुए उनका टीम में चयन किया है।

नेसर ने वर्ष 2021-22 सत्र में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेले है। इस साल शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन गिरावट देखी गई और उन्होंने 50-33 की औसत से केवल नौ विकेट मिले। ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि माइकल नेसर के पिछले कुछ सालों के प्रदर्शन और न्यूजीलैंड की परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें एक और अवसर दिया जा रहा है। नेसर के साथ स्कॉट बोलंड भी टीम के साथ बने हुए हैं। अगर उन्हें दोनों टेस्ट मैचों की एकादश में शामिल किया जाता है तो वह पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड ही नेथन लायन के साथ ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। ऐसा हुआ तो यह लगातार सातवां टेस्ट मैच होगा जब ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की यह चौकड़ी एक साथ मैदान पर उतरेगी। उल्लेखनीय है कि नेसर पिछले दो वर्षो से ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के साथ हैं और वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम का हिस्सा थे। हालांकि अंतिम एकादश में उन्हें बहुत ही कम अवसर मिले। सलामी बल्लेबाज मैट रेनशॉ टीम में अतिरिक्त बल्लेबाज के रूप में बने हुए हैं, हालांकि उन्हें अवसर मिलना मुश्किल है। इस श्रृंखला के बाद ऑस्ट्रेलिया को अगले सत्र में ही टेस्ट मैच खेलना है। इस वर्ष के आखिर में ऑस्ट्रेलिया को भारत में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी। पहला मैच 29 फरवरी से वेलिंग्टन और दूसरा मैच आठ मार्च से क्राइस्टचर्च में खेला जायेगा।

# रणजी ट्रॉफी में पृथ्वी शॉ ने बनाया रिकॉर्ड

**भारत के दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और देवदत्त पडिक्कल ने भी जड़ा शतक**

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई के स्टार ओपनर पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी में शुक्रवार (नौ फरवरी) को विस्फोटक बल्लेबाजी की। पृथ्वी ने एलीट ग्रुप-बी में छत्तीसगढ़ के खिलाफ शानदार शतक लगाया। उन्होंने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की और 102 गेंद पर ही सैकड़ा पूरा कर लिया। पृथ्वी 185 गेंद पर 159 रन बनाकर आउट हुए। उनके अलावा भारत के दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने भी शतक जड़ा। उन्होंने सौराष्ट्र के लिए खेलते हुए राजस्थान के खिलाफ सैकड़ा लगाया। पृथ्वी ने लंच से पहले ही शतक पूरा कर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भारत के लिए मैच के पहले सत्र (लंच तक) में ही दो बार शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले उन्होंने जनवरी 2023 में असम के खिलाफ मैच के पहले ही सत्र शतक लगा दिया था। पृथ्वी लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हैं। फिटनेस और प्रदर्शन में निरंतरता की कमी के कारण उन्हें टीम में नहीं लिया जा रहा है। पृथ्वी ने भारत के लिए पिछला टेस्ट मैच दिसम्बर 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। पृथ्वी की पारी की मदद से मुंबई ने पहले दिन छत्तीसगढ़ के खिलाफ चार विकेट पर 310 रन बना लिए। खेल समाप्ति के समय सूर्यांश शेडगे 17 और हार्दिक तमोरे एक रन बनाकर नाबाद थे। पृथ्वी के अलावा भूपने लालवानी ने भी शतक लगाया। उन्होंने 102 रन बनाए। अमोल भटकल 16 और कप्तान अजिंक्य रहाणे एक रन बनाकर आउट हुए। रहाणे के लिए यह सीजन अब तक अच्छा नहीं रहा है। वह लगातार फेल हो रहे हैं। सौराष्ट्र के लिए राजस्थान के खिलाफ शतक लगाकर चेतेश्वर पुजारा ने वापसी का दावा ठोक दिया है। उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर का 62वां शतक लगाया। पुजारा इस सीजन में एक दोहरा शतक भी लगा चुके हैं। उन्हें पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के बाद भारतीय टीम से बाहर कर दिया था। अब लगातार अच्छी बल्लेबाजी कर वापसी की राह आसान बना रहे हैं। पुजारा के शतक की मदद से सौराष्ट्र ने पहले दिन चार विकेट पर 242 रन बना लिए। शेल्डन जैक्सन 78 रन बनाकर नाबाद हैं। पुजारा 110 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विश्वराज जडेजा 22 और हार्विक देसाई 21 रन बनाकर आउट हुए। केविन जिवराजानी खाता नहीं खोल सके। कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल भी इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने तमिलनाडु के खिलाफ शतक लगाया। यह सीजन में उनका तीसरा शतक है। इससे पहले देवदत्त ने पंजाब के खिलाफ 193 और गोवा के खिलाफ 105 रन बनाए थे। उन्हें भारत ए की ओर से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी एक शतक लगाया था। देवदत्त ने 105 रन बनाए थे। कर्नाटक ने पहले दिन पांच विकेट पर 288 रन बनाए। पडिक्कल 151 और हार्दिक राज 35 रन बनाकर नाबाद हैं। रविकुमार समर्थ ने 57, मयंक अग्रवाल ने 20 और निकिन जोस ने 13 रन बनाए। किशन बेदरे तीन और मनीष पांडे एक रन बनाकर आउट हुए।

## भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत जुलाई में डूरंड कप से होगी

**वर्ष 1888 में शुरू हुआ डूरंड कप भारत और एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है इसके साथ ही यह दुनिया में तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट भी है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 11के सत्र का आगाज सितंबर महीने में होगा। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अनुसार 2024-25 भारतीय फुटबॉल सत्र की शुरुआत 26 जुलाई से डूरंड कप होगी। तथा सितंबतर महीने में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का आयोजन किया जायेगा। एआईएफएफ ने बताया कि इस बीच, आई-ली भारतीय महिला लीग (आईडब्ल्यूएल) और कलिंगा सुपर कप अक्टूबर में शुरू होंगे। आगामी सत्र में आईडब्ल्यूएल विंडो को पिछले सत्र के चार महीने से बढ़ाकर छह महीने कर दिया गया है। पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी नवंबर-दिसंबर महीने में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर खेल को विकसित करने के उद्देश्य से तीन आयु वर्गो के तहत आयोजित होने वाली एआईएफएफ यूथ लीग सितंबर से अगले नौ महीने तक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम मार्च और जून महीने में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर खेलेगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1888 में शुरू हुआ डूरंड कप भारत और एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है। इसके साथ ही यह दुनिया में तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट भी है।

## निसंका ने लगाया नाबाद दोहरा शतक

**● श्रीलंका ने अफगानिस्तान को दिया 382 रन का लक्ष्य**

**पल्लेकेले, वार्ता।** पथुम निसंका के तूफानी दोहरे शतक और अविष्का फर्नांडो की 88 रनों की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय मैच में अफगानिस्तान को जीत के लिए 382 रनों का लक्ष्य दिया है।

यहां टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की पथुम निसंका और अविष्का फर्नांडो की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए रिकार्ड 182 रनों की साझेदारी की। निसंका ने तूफानी अंदाज में 138 गेंदों में 19 चौके और आठ छक्को की मदद से नाबाद 210 रन बनाये। 27वें ओवर में अविष्का फर्नांडो को फरीद ने जदरान के हाथों कैच आउट कराकर अफगानिस्तान को पहली सफलता दिलाई। फर्नांडो ने 88 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 88 रन बनाये। इसके बाद नबी ने कप्तान कुसल मेंडिस 16 रन को पवेलियन भेज दिया। फरीद ने ही सदीरा समराविक्रमा 44 रन को आउट किया। चरिथ असलंका सात रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवर में तीन विकेट पर 381 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान की ओर से फरीद अहमद को दो विकेट मिले।

# कोहली वाले बयान से पलटे एबी डिविलियर्स



कहा : उनके द्वारा गलत जानकारी दी गई और उनसे बहुत बड़ी गलती हो गई

नई दिल्ली, वार्ता। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती मुकाबलों में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शामिल नहीं हुए। उन्होंने निजी कारणों के चलते बीसीसीआई से छुट्टी ली थी, लेकिन उनके खास दोस्त एबी डिविलियर्स ने किंग कोहली के दूसरे बार पिता बनने को लेकर एक बयान दिया जिससे तहलका मच गया। हालांकि, अब पूर्व खिलाड़ी ने अपने बयान से पलटी मार ली है और उन्होंने माफी मांगी है। इंग्लैंड के खिलाफ जारी इस सीरीज के पहले और दूसरे टेस्ट मैच में कोहली शामिल नहीं हुए। बताया गया कि निजी कारणों के चलते उन्होंने बोर्ड से छुट्टी मांगी थी। 22 जनवरी को वह हैदराबाद टेस्ट से पहले टीम से जुड़े थे लेकिन बाद में वह लौट गए। बीसीसीआई की तरफ से इस संबंध में बयान भी जारी किया गया था। वहीं, स्टार बल्लेबाज की बाकी बचे तीन मुक. ाबलों में उपलब्धता पर भी संशय बरक. रार है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने दो दिन पहले अपने यूटयूब चैनल पर विराट को. हली के दूसरे बार पिता बनने को लेकर बात की थी। डिविलियर्स ने विराट के साथ मैसेज पर हुई चर्चा का जिक्र किया था। उन्होंने कहा, 'हां, उनका दूसरा बच्चा आने वाला है। हां, यह परिवार का समय है और चीजें उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। यदि आप खुद के प्रति सच्चे और सच्चे नहीं हैं, तो आप इस बात का ध्यान नहीं रखते कि आप यहां किस लिए हैं। मुझे लगता है कि ज्यादातर लोगों की प्राथमिकता परिवार है आप इसके लिए विराट को जज नहीं कर सकते। हालांकि, विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा की प्रेग्नेंसी को लेकर दिए गए बयान से अब एबी डिविलियर्स ने पलटी मारी है। उन्होंने कहा है कि उनके द्वारा गलत जानकारी दी गई है और उनसे बहुत बड़ी गलती हो गई। रॉयल चौलेंजर्स बैंग्लोर (आरस. ीबी) के पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि क्रिकेट बाद में आता है, सबसे पहले परिवार आता है। मुझसे बहुत बड़ी गलती हो गई, मैंने जो जानकारी दी, वह गलत थी। विराट कोहली को देश के लिए खेलते हुए बीच में ब्रेक लेने का पूरा अधिकार है। परिवार सबसे पहले आता है और उसके बाद क्रिकेट। विराट को. हली फैमिली इमरजेंसी के चलते बाहर हैं। वह इस समय कहां हैं किसी को भी नहीं पता है। विराट कोहली के दुनियाभर में जितने भी फैन्स हैं, वह बस उनके लिए बेस्ट विश करें। विराट कोहली के

शुगर को करें हमेशा के लिये कंट्रोल
हजारों मरीजों पर आजमाया हुआ
डायबा क्योर पाउडर
जबरदस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें
गदर फोर्ट कैप्सूल
बचपन की गलतियां के कारण आई नसों में कमजोरी छोटापन, पतलापन दूर करें
एस.एस. पाउडर व तेल
9837023223

# सम्पादकीय

शनिवार, 10 फरवरी 2024

## दिल के रास्ते दल

2024 का लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे मुकाबला भी रोचक होता जा रहा है। पीएम मोदी को सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए एकजुट होकर विपक्षी गठबंधन का हिस्सा रहे दल के दिल अब अचानक से हट गए हैं। गठबंधन के साथ ब्रेकअप करके ये दल तेजी से पाला बदल रहे हैं। पहले नीतीश कुमार का दिल बीजेपी के साथ मिला और अब जयंत चौधरी के दिल को बीजेपी ने जीत लिया। दोनों का दिल पीएम मोदी ने भारत रत्न के जरिए जीता है। मोदी सरकार ने पहले कर्पूरी ठाकुर और अब चौधरी चरण सिंह को देश के सबसे सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया। अब समझना होगा कि दिल के रास्ते दल जीतकर बीजेपी ने चुनाव जीतने की कैसी रणनीति बनाई है? इसके लिए सबसे पहले चलते हैं बिहार। इंडिया गठबंधन की नींव जिस बिहार में पड़ी थी, वहां पर बीजेपी ने जनता दल (यूनाइटेड) का दिल जीतने का काम किया। इंडिया गठबंधन के सृजनकर्ता नीतीश कुमार को ही अपने पाले में लाकर बीजेपी ने पूरे विपक्षी गठबंधन को ही बैकफुट पर ला दिया और अब आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी को एनडीए का हिस्सा बनाकर इंडिया गठबंधन की नींव ही हिला दी है। इतना ही नहीं आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और पंजाब में सियासी आधार रखने वाली शिरोमणि अकाली दल का मन बदल रहा है, तो उद्धव ठाकरे के दिल में पीएम मोदी के लिए जगह अभी भी है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में जयंत चौधरी एनडीए का हिस्सा नहीं बने, लेकिन बीजेपी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का ऐलान किया, तो जयंत चौधरी का दिल बदल गया। जयंत चौधरी के जरिए बीजेपी एक साथ कई मैसेज देना चाहती है। पहला उन किसानों को जो अलग-अलग मांगों को लेकर दिल्ली कूच करने निकल पड़ रहे हैं। अब बीजेपी की ओर से किसानों को जयंत चौधरी ही डील करेंगे। दूसरा उन जाटों को, जो अलग-अलग मुद्दों को लेकर नाराज बताए जा रहे हैं। चाहे वो महिला रेसलर विवाद हो या फिर हरियाणा की राजनीति में जाटों का हक न मिलने का मुद्दा हो। इसके साथ ही बीजेपी ने जयंत को अपने पाले में लाकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की लोकसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारी को भी बिखेर कर रख दिया है, क्योंकि पश्चिमी यूपी में बीजेपी को रो. कने की कमान जयंत चौधरी के हाथ में थी और अब वह बीज. ेपी के सारथी बन जाएंगे। जयंत के एनडीए में साथ आने से बीजेपी को पश्चिमी यूपी के साथ-साथ हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में भी सियासी फायदा मिल सकता है। बीजेपी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपना सियासी कुनबा बढ़ाने में जुटी है, क्योंकि लक्ष्य पीएम मोदी ने एनडीए का 400 पार का तय किया है। बीजेपी जानती है कि अकेले दल पर पहाड़ जैसा लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है। ऐसे में बीजेपी अपने सियासी कुनबे के दायरे को बढ़ाने में जुटी है, जिसके लिए हर एक दांव खेल रही है। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्वोत्तर से लेकर पश्चिम तक के राज्यों में बीजेपी नए साथी के साथ एनडीए के पुराने सहयोगियों को भी मिलने में लगी है।

### बिना संघर्ष के ओबीसी बने प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री मोदी बिना संघर्ष के अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में आ गए, लेकिन वर्षों से इस सूची में शामिल होने के लिए संघर्ष कर रहे लोगों की उन्हें चिंता नहीं है, आजकल पूरे देश को मोदी जी सामाजिक न्याय का पाठ पढ़ा रहें हैं, उनकी कास्ट को, तो ओबीसी का दर्जा मिल गया, वो अपने आप को सबसे बड़ा ओबीसी भी कहने लगे हैं, मोदी जी को, तो बिना सड़कों पर आंदोलन करे ओबीसी वर्ग का दर्जा मिल गया, पर देश में करोड़ों लोग ओबीसी लिस्ट में अपने आप को शामिल कराने के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं, देश की कई सारी ऐसी पिछड़ी जातियां हैं, जो मोदी जी के हठ के कारण गणना के विरोध के चलते ओबीसी श्रेणी का दर्जा नहीं ले पाएंगी, महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात में लाखों लोग कई वर्षों से अपनी जाति को ओबीसी का दर्जा दिलवाने के लिए सड़कों पर उतरें हैं, ओबीसी में विश्वगुरु तो मोदी जी बन गए, पर ये नहीं बता रहे कि जातिगत जनगणना कब होगी।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# वोट रत्न समझने की भूल न करिये यह भारत रत्न है जनाब!



यशोदा श्रीवास्तव

लोकसभा चुनाव के एन वक्त ताबड़तोड़ भारत रत्न सम्मान से पूर्व राजनेताओं को नवाजा जाना वोट बटोरने की दृष्टि से देखा जा रहा है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर हों या साउथ के पूर्व प्रधानमंत्री पीबी नरसिम्हा राव, यूपी के पूर्व पीएम रहे चौधरी चरण सिंह या फिर किसानों के हित चिंतक रहे एस एम स्वामीनाथन। इन सभी महानुभावों को भारत रत्न सम्मान से नवाजा जाना भला किसे नहीं भाएगा लेकिन कुछ लोग हैं जो अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे। वे इस घोषणा के टाइमिंग पर एतराज जताते हुए इसे वोट रत्न कह रहे हैं? बिहार के मुख्यमंत्री रहे स्व. कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत गठबंधन के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने दिल की गहराइयों से इस हद तक किया कि वे सरकार ही बदल कर फिर एनडीए की गोद में जा बैठे। अपने दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान से नवाजे जाने पर उनके पोते राज्य सभा सांसद और आरएलडी चीफ जयंत चौधरी भी गंद गंद हैं। उन्होंने कहा मोदी ने दिल जीत लिया। दिल जीतने के बाद जयंत चौधरी के दल पर भाजपा के विजय की घोषणा कभी भी हो सकती है। चौधरी चरण सिंह राजनीति के बड़े चतुर खिलाड़ी रहे हैं। 1977 में उन्होंने तीन प्रदेशों में जनसंघ घटक दलों से साठगांठ कर अपनी सरकार बनवा ली थी। मोरारजी देसाई सरकार में उनकी नजर प्रधानमंत्री की कुर्सी पर थी, लेकिन जब बात नहीं बनी तब उन्होंने आरएसएस को सांप्रदायिक करार कर सरकार गिरा दी। इधर मोरारजी की सरकार गिरी नहीं कि कांग्रेस ने अपना समर्थन देकर उन्हें प्रधानमंत्री बना दिया। आरएसएस का विरोध करने वाले चौधरी चरण सिंह को फिर भी यदि भारत रत्न सम्मान से नवाजा गया, तो निश्चित ही इसे प्रधानमंत्री मोदी की दरिया दिली कही जाएगी। अब कोई इसे उत्तर प्रदेश में 80 के 80 भाजपा के दावे के अनुकूल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट वोटों के साधने की रणनीति मानें तो मानता रहे। इस सबके बावजूद चौधरी चरण सिंह असल किसान नेता थे। वे अंग्रेजी के अच्छे जानकार थे लेकिन कभी भी अंग्रेजियत नहीं बघारे। वे देश विदेश के कृषि आधारित पुस्तकें पढ़ते थे। उन्हें कृषि अर्थव्यवस्था पर चुनौती देना आसान नहीं था। बतौर प्रधानमंत्री वे भले वे ही संसद नहीं जा पाए लेकिन वे सचमुच किसान नेता थे। कितने अचरज की बात है कि भाजपा एक ओर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल पर श्वेत पत्र जारी कर रही है वहीं उसी सरकार के एक प्रधानमंत्री को भारत रत्न सम्मान भी दे रही है। यह क्या है,जले पर नमक छिड़कना ही तो है। नरसिम्हा राव को इस सर्वोच्च सम्मान से नवाजा जाना निश्चित ही स्वागत योग्य है। अब कोई यह कहे कि भाजपा का इसके पीछे साउथ में अपनी



जमीन तलाशने की रणनीति है तो कहता रहे। वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल सराहनीय रहा। देश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के उनके प्रयास की चर्चा विश्व पटल पर होती रही है।

हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले एस एस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न सम्मान से नवाजा गया है। किसानों को उनके खेती किसानी से ही कैसे समृद्ध किया जाय इस पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में 18 नवंबर 2004 को एक आयोग का गठन किया गया था। इसे बाद में स्वामीनाथन आयोग के नाम से जाना गया। इस आयोग ने दो साल के अपने अध्ययन के बाद इस रिपोर्ट को सरकार को सौंप दी। इसमें किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने को 201 सिफारिशें की गई थी, जिसमें सबसे प्रभावी बिंदु न्यूनतम समर्थन मूल्य था। इसी एक मांग को लेकर किसानों ने कई बार धरना प्रदर्शन किया है। दो साल पहले किसानों के उस विशाल आंदोलन को कौन भुला पाया होगा जिसमें सात सौ से ज्यादा किसानों की मौत हो गई थी और इनके आंदोलन को रोकने के लिए बीच रास्ते मोटी मोटी कीलें ठोंक दी गई थी। भाजपा एक व्यापक अध्ययन करने वाली पार्टी है। उसके अध्ययन में जरूर लगा होगा कि किसानों के फायदे के लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने से बेहतर है कि क्यों न इस आयोग के जन्म दाता को ही साध लिया जाए लिहाजा भाजपा ने एम एस स्वामीनाथन को इस सम्मान से नवाजा दिया। फिलहाल हमें, आपको और हम सबको राजनीति की ओर बिना झांके यूपी, बिहार से लगायत उत्तर भारत तक के स्वर्ग सिधारे एक से एक बड़ी हस्तियों को भारत रत्न सम्मान से नवाजे जाने का मोदी सरकार का जयकारा करते हुए स्वागत किया जाना चाहिए।

**हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले एस एस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न सम्मान से नवाजा गया है। किसानों को उनके खेती किसानी से ही कैसे समृद्ध किया जाय इस पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में 18 नवंबर 2004 को एक आयोग का गठन किया गया था। इसे बाद में स्वामीनाथन आयोग के नाम से जाना गया। इस आयोग ने दो साल के अपने अध्ययन के बाद इस रिपोर्ट को सरकार को सौंप दी। इसमें किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने को 201 सिफारिशें की गई थी, जिसमें सबसे प्रभावी बिंदु न्यूनतम समर्थन मूल्य था। इसी एक मांग को लेकर किसानों ने कई बार धरना प्रदर्शन किया है। दो साल पहले किसानों के उस विशाल आंदोलन को कौन भुला पाया होगा जिसमें सात सौ से ज्यादा किसानों की मौत हो गई थी और इनके आंदोलन को रोकने के लिए बीच रास्ते मोटी मोटी कीलें ठोंक दी गई थी। भाजपा एक व्यापक अध्ययन करने वाली पार्टी है। उसके अध्ययन में जरूर लगा होगा कि किसानों के फायदे के लिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने से बेहतर है कि क्यों न इस आयोग के जन्म दाता को ही साध लिया जाए लिहाजा भाजपा ने एम एस स्वामीनाथन को इस सम्मान से नवाजा दिया।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मध्य प्रदेश के इस शहर को मिला बटरफ्लाई पार्क

**खंडवा में स्थित बटरफ्लाई पार्क काफी ज्यादा खास है। इस पार्क को 14 हेक्टेयर में तैयार किया जा रहा है। इस पार्क में तितलियों को देखने के साथ ही मौज-मस्ती कर सकते हैं। पार्क में फव्वारे का भी निर्माण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडवा में इंदिरा सागर बांध की झील के किनारे पर इस खूबसूरत पार्क का निर्माण प्राकृतिक सौंदर्य के बीच किया जा रहा है। इसके अलावा पार्क में पर्यटकों के बैठने व आराम करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी।**

रंग-बिरंगे पक्षियों को देखकर भला किसका मन खुशी से नहीं झूम उठता होगा। शायद आप भी हजारों की संख्या में पक्षियों को देखकर खुश हो जाते होंगे। वहीं वर्तमान समय में तितलियों की प्रजातियां विलुप्त सी हो गई हैं। कई लोग तितलियों को देखना काफी ज्यादा पसंद करते हैं। देश के कई अलग-अलग हिस्सों में तितली पार्क मौजूद हैं। जहां पर आप एक साथ दर्जनों की संख्या से भी अधिक तितलियां देख सकते हैं। ऐसे में अगर आपको भी तितलियां देखना व उनके बीच घूमना काफी अच्छा लगता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मध्यप्रदेश में स्थित बटरफ्लाई पार्क के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि यह पार्क मध्यप्रदेश के किस शहर में स्थित है।

**एमपी के किस शहर में है यह पार्क**

आपको बता दें कि मध्य प्रदेश के खंडवा शहर में बटरफ्लाई पार्ट खोला गया है। एमपी का खंडवा शहर एक लोकप्रिय ट्रेवल डेस्टिनेशन के रूप में भी जाना जाता है। इस शहर की खूबसूरती को एक्सप्लोर करने के लिए यहां पर रोजाना हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।

**बेहद खास है तितली पार्क**

खंडवा में स्थित बटरफ्लाई पार्क काफी ज्यादा खास है। इस पार्क को 14 हेक्टेयर में तैयार किया जा रहा है। इस पार्क में तितलियों को देखने के साथ ही मौज-मस्ती कर सकते हैं। पार्क में फव्वारे का भी निर्माण किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडवा में इंदिरा सागर बांध की झील के किनारे पर इस



खूबसूरत पार्क का निर्माण प्राकृतिक सौंदर्य के बीच किया जा रहा है। इसके अलावा पार्क में पर्यटकों के बैठने व आराम करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

**दिखेंगी तितलियों की कई प्रजातियां**

खंडवा में स्थित बटरफ्लाई पार्क में आपको एक या दो नहीं बल्कि 150 से भी ज्यादा प्रजाति की तितलियां देखने को मिलेंगी। तितलियों की प्रजातियों के लिए विशेष तरह के फूल व पौधे भी लगाए जाएंगे। इस पार्क में लाइन ब्लू, बलका पेरट, स्पॉटेड पैरट, कॉमन कैस्टर, कॉमन जे, प्लेन टाइगर, कॉमन ग्लास यलो, डिंगी स्विफ्ट आदि कई तितलियों की प्रजातियों को देख सकते हैं।

**टिकट और घूमने का समय**

हांलाकि बटरफ्लाई पार्क को अभी पूर्ण रूप से सैलानियों के लिए नहीं खोला गया है। क्योंकि अभी पार्क के निर्माण का कार्य चल रहा है। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक यहां पर घूमने के लिए जा सकते हैं। वहीं पार्क का टिकट कितना है, इसके बारे में अभी तक कोई जानक. ारी उपलब्ध नहीं है।

**खंडवा में एक्सप्लोर करें ये जगहें**

मध्यप्रदेश का खंडवा शहर घूमने के लिहाज से काफी ज्यादा अच्छा है। यहां पर आप पदम कुंड, रामेश्वर कुण्ड, सूरजकुंड और प्रसिद्ध भीमकुण्ड जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप दादा दरबार , इंदिरा सागर बांध, खंडवा किला और नागचुन बांध जैसी अन्य कई जगहों को भी देख सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# गुमशुदा जलमग्न महाद्वीप का मानचित्र

एक हालिया खोज में, शोधकर्ताओं ने दक्षिण प्रशांत महा. सागर में जलमग्न महाद्वीप जीलैंडिया के रहस्यों का खुलासा किया है। यह खोज पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देती है और न्यूजीलैंड को देखने के हमारे तरीके को बदलने के साथ पृथ्वी के भूवैज्ञानिक अतीत की नई समझ प्रदान करती है। वैज्ञानिकों ने यह खुलासा चट्टानों के नमूनों, और चुंबकीय मानचित्रण से जुड़ी एक जटिल प्रक्रिया के माध्यम से किया है।

जीलैंडिया या स्थानीय माओरी भाषा में ते रिउ-ए-माउई नामक इस भूखंड को सात वर्ष पूर्व एक भूविज्ञानी निक मॉर्टिमर द्वारा प्रकाश में लाया गया था। हाल ही में टेक्टोनिक्स जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में, मॉर्टिमर और उनकी टीम ने इस जलमग्न महाद्वीप के करीब 50 लाख वर्ग किलोमीटर का मानचित्रण कर लिया है। वर्तमान में कुछ द्वीपों के समूह के रूप में न्यूजीलैंड की आम धारणा के विपरीत, जीलैंडिया एक विशाल महाद्वीप के रूप में उभरता है, जो ऑस्ट्रेलिया के आकार का लगभग आधा है और समुद्र में डूबा हुआ है। इस खोज से भूवैज्ञानिक इतिहास और पृथ्वी के महाद्वीपीय विकास की महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।

इस अध्ययन के लिए 2016 में मॉर्टिमर ने जीलैंडिया के उत्तरी क्षेत्र से ग्रेनाइट चट्टानें और तलछटी नमूने लिए थे। ग्रेनाइट के इन टुकड़ों का विश्लेषण कई चरणों में किया गयारू उन्हें कूटकर छाना गया और टुकड़ों को भारी द्रव में डाला गया। कुछ टुकड़े तैरने लगे जबकि अन्य डूब गए। डूबी सामग्री से चुंबकीय खनिजों को अलग करने के लिए चुंबकीय पृथक्करण किया गया। इसके बाद, वैज्ञानिकों ने बची हुई सामग्री का सूक्ष्मदर्शी से सावधानीपूर्वक निरीक्षण किया और जरकॉन रवों को अलग किया। इन एक-तिहाई मिलीमीटर के जरकॉन ने जीलैंडिया के भूवैज्ञानिक इतिहास को जानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ज्वालामुखी मैग्मा के ठंडा होने के दौरान बने इन क्रिस्टलों में रेडियोधर्मी तत्व युरेनियम होता है जो समय के साथ क्षय होते हुए सीसे में परिवर्तित होता है। वैज्ञानिक उनकी उम्र का पता लगाने के लिए जरकॉन में इन तत्वों के अनुपात को मापते हैं। जीलैंडिया के ग्रेनाइट में मैग्मा की डेटिंग से पता चलता है कि यह लगभग 10 करोड़ वर्ष पुराना है जो पूर्ववर्ती सुपरमहाद्वीप के टूटने के समय से मेल खाता है। ये जानकारियां केवल आंशिक समझ प्रदान कर रही थीं। इसको अधिक गहराई से समझने के लिए टीम ने चुंबकीय क्षेत्र की विसंगतियों का पता लगाने का निर्णय लिया और जहाजों, अंतरिक्ष में और जमीन पर लगे सेंसरों के माध्यम से चुंबकीय मानचित्रण किया। पता चला कि अधिकतर चट्टानें अतीत की ज्वालामुखी गति. विधि से निर्मित बेसाल्ट के बनी थीं। इस तरह बने चुंबकीय मानचित्रों से जीलैंडिया की संरचना का पता चला। वैज्ञानिकों ने यह भी पाया कि पूर्व में पाए गए ज्वालामुखीय क्षेत्रों में यह चुंबकीय चट्टानें बेतरतीब बिखरी नहीं थी बल्कि समुद्र में डूबी पर्पटी के दरार क्षेत्र के समांतर या लंबवत थीं जहां से ए महाद्वीप अलग-अलग हुए थे। मॉर्टिमर के अनुसार ऐसा लगता है कि ए क्षेत्र जीलैंडिया और अंटर्कटिका के अलग होने से ठीक पहले सुपरमहाद्वीप गोंडवाना में तनाव से सम्बंधित हैं। गौरतलब है कि पृथ्वी की महाद्वीपीय परत चक्रीय विकास से गुजरती हैरू सबसे पहले एक सुपरमहाद्वीप के रूप में विशाल भूखंड होता है, फिर उसके छोटे-छोटे टुकड़ होते हैं और अंततः यह फिर से जुड़ जाते हैं। लगभग 30 से 25 करोड़ वर्ष पूर्व सुपरमहाद्वीप पैंजिया के दक्षिण में गोंडवाना और उत्तर में लॉरेशिया शामिल थे, जो अंततः अलग हो गए थे। इस अलगाव के दौरान, महाद्वीपीय पर्पटी के खिंचने से नई प्लेट सीमाओं का निर्माण हुआ। लगभग 10 करोड़ वर्ष पूर्व गोंडवाना के भीतर एक दरार ने ज्वालामुखीय गतिविधि को जन्म दिया, जिससे लगभग 6 करोड़ वर्ष पहले तक यह परत पिज्ज़ा के आटे की तरह खिंचती गई। इसके बाद जैसे-जैसे यह क्षेत्र ठंडा हुआ, जीलैंडिया घना होता गया और लगभग 2।5 करोड़ वर्ष पहले पूरा का पूरा समुद्र में डूब चुका था। आज, जीलैंडिया का केवल पांच प्रतिशत हिस्सा पानी के ऊपर उभरा हुआ है जिसे हम न्यूजीलैंड, न्यू कैलेडोनिया और कुछ ऑस्ट्रेलियाई द्वीपों के रूप में देख सकते हैं। वर्तमान में जलमग्न जीलैंडिया महाद्वीप का उत्तरी भाग तो ऑस्ट्रेलिया से जुड़ा हुआ है, जबकि दक्षिणी भाग अंटार्कटिका से सटा है। आगे की खोज में 2019 में प्राप्त 50 से अधिक नमूनों को शामिल किया जाएगा जो जीलैंडिया के भूगर्भीय इतिहास को जानने के लिए आवश्यक है। बहरहाल इस खुलासे के बाद भी शोधकर्ता जीलैंडिया की वर्तमान समझ को एक धुंधली तस्वीर के रूप में देखते हैं और अतिरिक्त नमूनों और विश्लेषण की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**...स्रोत फीचर्स**



**जीलैंडिया के ग्रेनाइट में मैग्मा की डेटिंग से पता चलता है कि यह लगभग 10 करोड़ वर्ष पुराना है जो पूर्ववर्ती सुपरमहाद्वीप के टूटने के समय से मेल खाता है। ये जानकारियां केवल आंशिक समझ प्रदान कर रही थीं। इसको अधिक गहराई से समझने के लिए टीम ने चुंबकीय क्षेत्र की विसंगतियों का पता लगाने का निर्णय लिया और जहाजों, अंतरिक्ष में और जमीन पर लगे सेंसरों के माध्यम से चुंबकीय मानचित्रण किया। पता चला कि अधिकतर चट्टानें अतीत की ज्वालामुखी गतिविधि से निर्मित बेसाल्ट के बनी थीं। इस तरह बने चुंबकीय मानचित्रों से जीलैंडिया की संरचना का पता चला। वैज्ञानिकों ने यह भी पाया कि पूर्व में पाए गए ज्वालामुखीय क्षेत्रों में यह चुंबकीय चट्टानें बेतरतीब बिखरी नहीं थी बल्कि समुद्र में डूबी पर्पटी के दरार क्षेत्र के समांतर या लंबवत थीं जहां से ए महाद्वीप अलग-अलग हुए थे। मॉर्टिमर के अनुसार ऐसा लगता है कि ए क्षेत्र जीलैंडिया और अंटर्कटिका के अलग होने से ठीक पहले सुप. रमहाद्वीप गोंडवाना में तनाव से सम्बंधित हैं।**




कोलकाता। ज्ञानवापी मस्जिद मुद्दे पर एक रैली में भाग लेते जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सदस्य।

## जुमे की नमाज से पहले मीरवाइज नजरबंद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रमुख मौलवी एवं हुर्रियत कॉन्फ्रेंस (उदारवादी गुट) के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को जुम्मे की सामूहिक नमाज से पहले घर में नजर. बंद कर दिया गया। श्रीनगर की भव्य एवं ऐतिहासिक जामिया मस्जिद के प्रबंध निकाय अंजुमन औकाफ ने इस आशय की पुष्टि की है।

अंजुमन औकाफ ने एक बयान में कहा कि मीरवाइज को जामिया मस्जिद में शब-ए-मेहराज (चढ़ाई की रात) के अवसर पर एक विशेष उपदेश देना था, जैसा कि औकाफ ने घोषणा की थी। अंजुमन ने कहा कि शुक्रवार को मस्जिद में मीरवाइज का संबोधन सुनने और मंडली में भाग लेने के लिए लोगों के एक बड़े जमावड़े की उम्मीद थी, लेकिन सुबह-सुबह पुलिस वाहनों की एक टुकड़ी उनके आवास के बाहर तैनात कर दी गई और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। अंजुमन ने मीरवाइज की बार-बार नजरबंदी की कड़ी निंदा की है, खासकर शुक्रवार को, जिससे उन्हें शुक्रवार को लोगों को संबोधित करने और अनिवार्य शुक्रवार की नमाज में भाग लेने के लिए जामिया मस्जिद जाने से रोक दिया जाता है। मस्जिद के प्रबंध निकाय ने कहा कि पिछले साल सितम्बर में नजरबंदी से रिहाई के बाद से मीरवाइज को केवल तीन शुक्रवार को शुक्रवार का संबोधन करने की अनुमति दी गई है। पिछले महीने मीरवाइज को पहली बार नई दिल्ली की यात्रा करने की अनुमति दी गई थी।

## काल्पनिक रूसी खतरा पैदा कर रहा है नाटोः पुतिन



■ रूस केवल तभी पोलैंड में सेना भेज सकता है, जब पोलैंड पहले रूस पर हमला करें

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) अपनी ही आबादी को डराने के लिए एक काल्पनिक रूसी खतरा पैदा कर रहा है। पुतिन ने यहां जारी बयान में कहा कि 'वे एक काल्पनिक रूसी खतरे से अपनी ही आबादी को डराने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक स्पष्ट तथ्य है।' उन्होंने कहा कि रूस को पोलैंड और लातविया समेत अन्य देशों में कोई दिलचस्पी नहीं है। पुतिन ने कहा कि रूस केवल तभी पोलैंड में सेना भेज सकता है जब पोलैंड पहले रूस पर हमला करें।

### रूसः इमारत में लगी आग, 400 से अधिक को सुरक्षित निकाला

**मॉस्को।** रूस के मॉस्को में एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन के पास एक छह मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से 400 से अधिक लोगों को निकाला गया है। आपातकालीन सेवाओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मॉस्को में रूसी आपातकालीन मंत्रालय के प्रेस कार्यालय ने पहले दिन में कहा था कि आग का क्षेत्र पहले दो हजार वर्ग मीटर तक था और बाद में आग चार हजार वर्ग मीटर तक फैल गई। एक अधिकारी ने बताया कि 'मॉस्को में चेर्न्याखोव्स्की स्ट्रीट पर आग लगने वाली छह मंजिला इमारत से 400 से अधिक लोगों को निकाला गया है।' कार्यालय ने कहा कि आग पहले ही बुझा दी गई थी, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## पाक चुनाव आयोग ने 265 में से 200 सीटों के नजीते घोषित किए

# इमरान समर्थक 86 सीटों के साथ सबसे आगे

### पीटीआई कार्यकर्ताओं का 19 शहरों में प्रदर्शन, आरोप-जनादेश चोरी किए जा रहे

इस्लामाबाद, वार्ता



■ पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की लाहौर सीट पर चुनाव आयोग ने अब तक नहीं दिया रिजल्ट

■ 24 घंटे बाद बलूचिस्तान की पहली सीट पर नतीजा घोषित, पूर्व गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह हारे

■ पीटीआई कार्यकर्ताओं ने शांगला में सरकारी गाड़ी में आग लगाई, दो हजार पॉइंट गिरा स्टॉक मार्केट

**पाकिस्तान** में चुनाव आयोग ने 265 में से 200 सीटों के नतीजे घोषित किए हैं। नतीजों के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसफ (पीटीई) 86, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन)59, , और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 44 सीटें जीत चुकी है। पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के बाद काउंटिंग जारी है। मतदान गुरुवार सुबह 8:30 बजे शुरू हुआ और शाम 5:30 बजे तक चला। चुनाव आयोग ने 18 घंटे की देरी के बाद आधिकारिक नतीजे घोषित करना शुरू कर दिए हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। बाकी सीटें रिजर्व हैं। सरकार बनाने के लिए 133 सीटें का बहुमत होना जरूरी है।

पाकिस्तान में मुख्य रूप से 3 पार्टियों के बीच मुकाबला है। इनमें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) शामिल हैं। पीएमएलएन लाहौर की एनए 130 सीट पर नवाज शरीफ की जीत का दावा कर रही है। हालांकि, चुनाव आयोग ने अब तक यहां से आधिकारिक नतीजा घोषित नहीं किया है। पीएमएलएन ने इससे पहले मनसेहर सीट एनए-15 से भी जीत का दावा किया था। लेकिन जब चुनाव आयोग ने नतीजे घोषित किए, तो नवाज यहां से हार गए। पाकिस्तान में 8 फरवरी को वोटिंग खत्म होने के बाद शाम 5:30 बजे से ही गिनती शुरू हो गई थी। थोड़ी देर बाद ही रुझान और परिणाम भी घोषित होने लगे। हालांकि, इस दौरान बलूचिस्तान की 16 संसदीय सीटों में से एक पर भी नतीजा सामने नहीं आया। वोट काउंटिंग शुरू होने के 24 घंटे बाद आज शाम 5:30 बजे करीब पहली सीट एनए-265 पर नतीजा घोषित हुआ। यहां पश्तूनख्वा मिली अवामी पार्टी के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। पीएमएलएन के पूर्व गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह फैसलाबाद सीट (एनए-100) से हार गए हैं। उन्हें पीटीआई समर्थक उम्मीदवार निसार जट ने 19 हजार से ज्यादा वोटों से हराया। खैबर पखतूनख्वा के शांगला जिले में पीएमएल-एन के आमेर मुकाम के जीतने के बाद वहां इमरान के समर्थक हिंसा कर रहे हैं। इस दौरान पीटीआई के कार्यकर्ताओं ने एक सरकारी गाड़ी को आग के हवाले कर दिया। पीटीआई ने नतीजे स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। पीटीआई ने दावा किया है कि पुलिस ने लोगों पर फायरिंग की। इसमें 3 घायल हुए हैं। पीटीआई ने सोशल मीडिया पर यह वीडियो शेयर किया। पार्टी के कार्यकर्ता जनादेश चोरी होने के विरोध 19 शहरों के रिटर्निंग ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। इमरान की पार्टी पीटीआई ने दावा किया है कि पंजाब के प्रांतीय चुनाव में उन्हें दो-तिहाई सीटों पर बहुमत मिल गया है। पीटीआई ने कहा- हमारे पास नतीजे आ चुके हैं। हम वहां सरकार जरूर बनाएंगे। हालांकि, पाकिस्तान के चुनाव आयोग की वेबसाइट पर पंजाब के नतीजे दिखाई नहीं दे रहे हैं। पीटीआई समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार ने कहा-मैं चुनाव जीता, लेकिन नतीजा घोषित नहीं किया गया। पंजाब के बहावलपुर में पीटीआई कार्यकर्ता चुनाव आयोग के रिटर्निंग ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। दरअसल, पीटीआई समर्थक नेता समीउल्लाह चौधरी ने दावा किया है कि वो चुनाव जीत गए थे, लेकिन फिर भी नतीजा घोषित नहीं किया गया। इसी के विरोध में पीटीआई कार्यकर्ता श्मरियम के पापा चोर हैंश, के नारे लगा रहे हैं। पाकिस्तान में अब तक आए नतीजों में किसी भी पार्टी को बहुमत मिलता दिखाई नहीं दे रहा है।

इस सियासी उठा-पटक बीच पाकिस्तान का स्टॉक एक्सचेंज शुक्रवार को 2 हजार पॉइंट नीचे गिर गया। एक दिन में स्टॉक मार्केट में 3.34 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। अवाम को नहीं पता है कि इस वक्त मुल्क और हमारी खुफिया एजेंसी किन खतरों से निपट रहे हैं। आम नागरिकों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। अगर एक भी घटना होती है, तो हजारों जान चली जाती हैं। इससे बचने के लिए हम 12 घंटे की परेशानी झेल सकते हैं। चुनाव आयोग, पुलिस और सुरक्षाकर्मी अपना काम कर रहे हैं। पाकिस्तान में केयरटेकर सरकार के इंटीरियर मिनिस्टर (गृह मंत्री) गौहर ऐजाज और सूचना मंत्री मुर्तजा सोलंगी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। सूचना मंत्री ने कहा- वोटिंग के दौरान मुल्क में कहीं भी इंटरनेट या सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स बंद नहीं थे।

भारत का नाम लिए बिना सोलंगी ने कहा-इंटरनेट सेवा हमारे पड़ोसी देश, अमेरिका और ब्रिटेन में बंद हो चुकी है, लेकिन यहां नहीं। किसी ने भी आतंकवाद से उतनी लड़ाई नहीं लड़ी, जितनी हम लड़ रहे हैं। वोटिंग के 22 घंटे बाद भी बलूचिस्तान की एक भी संसदीय सीट का नतीजा घोषित नहीं। बलूचिस्तान में नेशनल असेंबली की 16 सीटें हैं। यहां 8 फरवरी को हुई वोटिंग के दौरान कई धमाके हुए थे। 2 बच्चों की मौत हुई थी। इमरान की पार्टी पीटीआई के कार्यकर्ताओं के अलावा नवाज की पार्टी पीएमएल-एन के कार्यकर्ताओं ने भी जल्द नतीजे घोषित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पाकिस्तान में चुनाव नतीजों के बीच राजधानी धारा 144 लागू हो गई है। दरअसल, देशभर के कई शहरों में पीटीआई कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं। वो जल्द नतीजे घोषित करने की मांग कर रहे हैं। पीटीआई के चेयरमैन गौहर अली खान ने कहा है कि वो किसी पार्टी से गठबंधन के लिए संपर्क में नहीं हैं।

### पीपीपी नेता जरदारी को चुनाव में मिली जीत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति एवं पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) नेता आसिफ अली जरदारी ने शहीद बेनजीराबाद निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत गये हैं। जरदारी ने पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार सरदार शेर मुहम्मद रिंद बलूच को पराजित किया। पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा घोषित परिणाम के अनुसार जरदारी ने 146,989 मतों के अंतर से जीत हासिल की है।

## पाक चुनाव प्रक्रिया से संतुष्ट नजर आए राष्ट्रमंडल पर्यवेक्षक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करने के लिए इस्लामाबाद पहुंचे राष्ट्रमंडल के अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों के एक दल ने मतदान पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि देश में मतदान के दौरान मोबाइल सेल्यूलर सेवाओं को तवज्जो नहीं दी। यह जानकारी डॉन समाचारपत्र ने शुक्रवार को दी। इस्लामाबाद मॉडल कॉलेज फॉर बॉयज एफ-8/4 के दौरे के दौरान राष्ट्रमंडल पर्यवेक्षकों ने देखा कि मतदाताओं ने मोबाइल सेल्यूलर सेवाओं के बिना अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राष्ट्रमंडल पर्यवेक्षक समूह की टीम का नेतृत्व कर रहे नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. गुडलक जोनाथन ने कहा कि मोबाइल सेल्यूलर सेवाओं पर रोक लगाना सरकार का फैसला है। बाद में डॉ. जोनाथन ने कहा कि पाकिस्तान राष्ट्रमंडल देशों का एक अहम सदस्य है। उन्होंने कहा कि तकनीकी विशेषज्ञ पाकिस्तान चुनाव आयोग और अन्य हितधारकों के साथ काम करने के लिए दिसम्बर 2023 से पाकिस्तान में हैं। पर्यवेक्षकों की टीम में सेवानिवृत्त नौकरशाह, न्यायाधीश और चुनावी निकायों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## पीटीआई के 30 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पुलिस ने भारा काहू में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की एक सार्वजनिक बैठक की तैयारी में जुटे 30 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि गुरुवार को दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक पुलिस टीम को सूचना मिली कि 25 से 30 लोग ढोके जिलानी ग्राउंड में मौजूद है, जिनमें से 10 से 15 लोग हथियारों से लैस है और पीटीआई की एक सार्वजनिक बैठक करने की तैयारी कर रहे है। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची, जहां पुलिस ने 14 पहचान की और 22 अन्य अज्ञात लोगों को पीटीआई नेता शोएब शाहीन के पक्ष में नारे लगाते हुए देखा गया। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों को एक साथ इकठ्ठा न होने के लिए कहा और चेतावनी दी। गत 18 जनवरी को जारी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुसार रैलियां और सार्वजनिक समारोह आयोजित करने पर पूर्ण प्रतिबंध था।

## पाकिस्तान में चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने के लिए 51 आतंकवादी हमले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने के लिए देश के के विभिन्न हिस्सों में 51 आतंकवादी हमले हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी बयान के मुताबिक पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा और दक्षिण-पश्चिम प्रांत बलूचिस्तान में आतंकवादियों के हमलों में 10 सुरक्षा बलों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों सहित 12 लोग मारे गये तथा 39 अन्य घायल हुए हैं। बयान में कहा गया कि लगभग 6,000 चयनित सबसे संवेदनशील मतदान केंद्रों और 7,800 से अधिक त्वरित प्रतिक्रिया बल टीमों पर 137,000 सेना कर्मियों और नागरिक सशस्त्र बलों की तैनाती के साथ जनता के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया। बयान के अनुसार विभिन्न अभियानों के दौरान पांच आतंकवादी भी मारे गये हैं।

## मालदीव में सैनिकों की जगह टेक्निकल स्टाफ लेगा

### विदेश मंत्रालय ने कहाः तीसरे दौर की बातचीत जल्द, माले को मदद घटाने से भी इन्कार



■ मालदीव को भारत से मिलने वाली मदद में कटौती की बात को भी गलत बताया कहाः इसमें कमी नहीं की गई हैः रणधीर जैसवाल

**नई दिल्ली/माले।** मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिकों की जगह अब भारत का टेक्निकल स्टाफ लेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने गुरुवार को मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी दी।

जैसवाल ने मालदीव को भारत से मिलने वाली मदद में कटौती की बात को भी गलत बताया। कहा-इसमें कमी नहीं की गई है। दोनों देशों के बीच तीसरे दौर की बातचीत जल्द होगी। मालदीव और भारत के बीच जारी डिप्लोमैटिक टेंशन और वहां मौजूद करीब 80 सैनिकों की वापसी के मुद्दे पर जैसवाल ने कहा-फिलहाल, वहां जो पर्सनल (सैनिक शब्द का इस्तेमाल नहीं किया) मौजूद हैं, उनकी जगह भारत का टेक्निकल स्टाफ तैनात किया जाएगा। उन्होंने इस मुद्दे पर तफ्सील से कुछ नहीं कहा। मालदीव को भारत की तरफ से दी जाने वाली मदद के सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा-इस बार के बजट में मालदीव के लिए 770.9 करोड़ रुपए रखे गए हैं। हमने मालदीव के लिए बजट बढ़ाया है। इस बजट अलॉटमेंट को आने वाले वक्त में होने वाली चीजों के लिहाज से रिवाइज भी किया जा सकता है। इसके लिए इंतजार करना होगा। भारत आज भी मालदीव के विकास का अहम साझेदार है। मालद. ीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु ने अपने देश में मौजूद भारतीय सैनिकों के लौटने के लिए 15 मार्च तारीख तय की थी। 2 फरवरी को दोनों देशों के बीच नई दिल्ली में तमाम मुद्दों पर दूसरे दौर की बातचीत हुई। इसमें तय किया गया कि भारतीय सैनिक अब 15 मार्च 2024 की बजाए 10 मई 2024 तक लौट सकेंगे। इस मामले में नई बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह बताई कि सैनिकों की जगह 'टेक्निकल स्टाफ' लेगा। उन्होंने इस मुद्दे पर कहीं भी मिलिट्री या सैनिक शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। जैसवाल से अमेरिका में भारतीय और भारतीय मूल के छात्रों के बारे में सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा-वहां 5 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। इनमें 2 भारतीय जबकि 3 भारतीय मूल के छात्र थे। एक स्टूडेंट विवेक सैनी की हत्या की गई थी।

# इजरायल-हमास सीजफायर के लिए नई पहल

### सऊदी अरब में चार देशों के फॉरेन मिनिस्टर मिले, हमास बोलाः जंग जल्द रोकी जाए

**रियाद/दोहा।** इजरायल और हमास के बीच नवम्बर के बाद एक और सीजफायर की उम्मीद जिंदा है। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में गुरुवार रात यूएई, कतर और जॉर्डन के फॉरेन मिनिस्टर्स की मीटिंग हुई।

इसका एक और दौर होना है। दूसरी तरफ, हमास ने एक बार फिर कहा है कि वो जल्द से जल्द सीजफायर चाहता है, क्योंकि गाजा में हालात बदतर हो चुके हैं और इसके बावजूद इजरायली हमले बंद नहीं हो रहे हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायली शहरों पर हमला करके 1200 लोगों को मार डाला था। 234 लोगों को बंधक बना लिया था। 130 अब भी उसके कब्जे में हैं। इसके बाद इजरायल ने जवाबी हमला किया था और ये अब भी जारी हैं। सऊदी अरब में यह मीटिंग बहुत जल्दबाजी में बुलाई गई है। इसके पहले पिछले हफ्ते पेरिस में अमेरिका और इजरायल भी इन देशों के साथ मीटिंग में शामिल हुए थे। इसमें हमास का पक्ष कतर के डिप्लोमैट्स ने रखा था। पेरिस मीटिंग के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजरायल पहुंचे और वहां प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और डिफेंस मिनिस्टर से मुलाकात की। इसके बाद सऊदी अरब ने अरब देशों के विदेश मंत्रियों की यह मीटिंग बुलाई है। इस मीटिंग का सिर्फ एक एजेंडा है कि किसी भी तरह पहले इजरायल और हमास को सीजफायर के लिए तैयार किया जाए। इसके बाद बाकी मामलों खासकर होस्टेज डील पर बातचीत की जाए। मीटिंग के बाद मीडिया से बातचीत में सऊदी फॉरेन मिनिस्टर फैसल ने कहा- गाजा में आम फिलिस्तीनी इजरायली हमलों में मारे जा रहे हैं। इसे फौरन रोका जाना चाहिए और हमारी पहली कोशिश इजरायली हमलों को रोकना है। कोई ऐसा रास्ता निकाला जाना चाहिए जिससे गाजा में बहुत जरूरी चीजों की सप्लाई बहाल हो और लोगों को इलाज मिल सके। अगर ये जंग जल्द नहीं रोकी गई तो हजारों लोग सिर्फ भूख से मर जाएंगे। फैसल ने न्छ की रिलीफ एंड वर्क्स एजेंसी फॉर फिलिस्तीन रिफ्यूजी (यूएनआरडब्ल्यूए) के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा- हम चाहते हैं कि इस एजेंसी को गाजा में काम करने देना चाहिए। इस पर लगी तमाम पाबंदियां हटा ली जानी चाहिए। हमास ने सीजफायर प्रपोजल के लिए जो ड्राफ्ट तैयार किया है, उसमें एक मांग यह भी है कि गाजा में फूड और मेडिसिन समेत तमाम सप्लाई बहाल की जाएंगी। (फाइल) हमास ने सीजफायर प्रपोजल के लिए जो ड्राफ्ट तैयार किया है, उसमें एक मांग यह भी है कि गाजा में फूड और मेडिसिन समेत तमाम सप्लाई बहाल की जाएंगी। 'टाइम्स ऑफ इजरायल' की एक रिपोर्ट के मुताबिक- रिपोर्ट के मुताबिक-हमास ने तीन फेज में कुल 135 दिन का सीजफायर मांगा है। उसने कहा है कि इसके बाद पूरी तरह जंग खत्म करने का प्लान तैयार किया जाएगा।



■ सऊदी अरब में यह मीटिंग बहुत जल्दबाजी में बुलाई गई

### लेबनान से इजरायल पर दागे गए करीब 30 रॉकेट

**येरूशलम।** लेबनान से गुरुवार रात उत्तरी इजरायल पर करीब 30 रॉकेट दागे गये। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। आईडीएफ ने कहा कि उत्तरी इज़रायल के ऊपरी गलील में सायरन बजाने वाले रॉकेट खुले मैदान में गिरे। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार की एक रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने रॉकेट के स्रोत पर गोलीबारी करके और दक्षिणी लेबनान के मीस अल जबल में एक घर पर हवाई हमले करके जवाबी कार्रवाई की।

## एक नजर

### जॉर्जिया में गोलीबारी, चार की मौत, एक घायल

**तबलिसी।** जॉर्जिया की राजधानी तबलिसी के पास दक्षिण पूर्वी शहर रुस्तवी के एक बाजार में गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति घायल हो गया है। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह पता चला है कि 1988 में पैदा हुए हमलावर ने रुस्तवी में बाजार के क्षेत्र में कई गोलियां चलाईं, जिसमें बाजार में काम करने वाले आरोपी के चाचा सहित चार लोग मारे गये। हमले में आरोपी के रिश्ते का भाई घायल हो गया।

### कांगो में सड़क दुर्घटना में 18 लोगों की मौत

**किशासा।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) की राजधानी किशासा में स्थित एक परिधीय कम्यून किबनसेके में गुरुवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी है। किबनसेके के मेयर जीनोट कैनन के अनुसार, एन' डिजिली हवाई अड्डे से आ रहे एक ट्रक ने एक मिनी-बस को टक्कर मार दी। बस शहर के केंद्र की ओर लुमुंबा के मुख्य बुलेवार्ड में प्रवेश करने की कोशिश कर रही थी।

### फिलीपींस में भूस्खलन के मलबे से दो बच्चों को निकाला

**मनीला।** फिलीपींस में दावाओ डी ओरो प्रांत के कई गांवों में हुए भूस्खलन के दो दिन बाद एक तीन साल की लड़की और दो महीने के लड़के को मलबे से बाहर निकाला गया। फिलीपीन रेड क्रॉस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

## गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शांति के लिए एकजुट होने के प्रयासों का आह्वान किया है। गुटेरेस ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अपनी 2024 प्राथमिकताओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 'यह आवश्यक है कि हम न्यायसंगत और शांति के लिए काम करें, लेकिन संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप शांति के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि 'कल, मैंने इस वर्ष और उससे आगे की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महासभा को संबोधित किया। यह एक लंबा और विस्तृत एजेंडा है, लेकिन विभिन्न चुनौतियां एक समान धागे से जुड़ी हुई हैं। शांति। इसके सभी आयामों में शांति की आवश्यकता है क्योंकि शांति वह बंधन है जो बांधता है।

## गुलमर्ग और पहलगाम सबसे ठंडे क्षेत्र रहे

■ न्यूनतम तापमान शून्य से 10.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज हुआ

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और पहलगाम पर्यटन स्थल लगातार तीसरे दिन घाटी के सबसे ठंडा स्थल रहे। श्रीनगर मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में कल रात न्यूनतम तापमान शून्य से 10.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले शून्य से काम 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पहलगाम में न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब 6.2 डिग्री नीचे रहा।

बारामूला जिले के गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान शून्य से नौ डिग्री सेल्सियस नीचे था, जो सामान्य से लगभग 6.7 डिग्री कम था। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को गुलमर्ग का न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया और दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। सीमांत जिले कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। जम्मू संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहा और बीती रात का तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के श्रीनगर केंद्र के निदेशक मुख्तार अहमद ने कहा कि 17 फरवरी तक मौसम शुष्क रहेगा।

## भारत-रवांडा संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक

■ प्रशिक्षण सहयोग को बढ़ाने में भी गहरी रुचि दिखाई

**नई दिल्ली।** भारत और रवांडा के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने तथा प्रशिक्षण सहयोग, संयुक्त सैन्य अभ्यास और रक्षा औद्योगिक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा के लिए भारत-रवांडा संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की पहली बैठक हुई। दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों के बीच रवांडा की राजधानी किगाली में गुरुवार को हुई बैठक में प्रशिक्षण सहयोग, संयुक्त सैन्य अभ्यास, रक्षा औद्योगिक सहयोग आदि क्षेत्रों पर विस्तृत चर्चा हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने मित्र देशों को निर्यात के लिए भारतीय रक्षा निर्माताओं की बढ़ती क्षमता पर प्रकाश डाला। रवांडा पक्ष ने भारतीय रक्षा उद्योग की बढ़ती क्षमताओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण सहयोग बढ़ाने में गहरी रुचि दिखाई।

आवश्यकता है

मंगलौर (रूड़की) स्थित एक फर्निस यूनिट को अनुभवी सीनियर केमिस्ट की आवश्यकता है, जिसको स्पेक्ट्रोमीटर का भी पूर्ण ज्ञान हो। वेतन योग्यता अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी बायोडाटा सहित

सम्पर्क करें

9210707194, 9720007290

आवश्यकता है

घरेलू खाना बनाने के लिए एक अच्छे बावर्ची (कुक) की आवश्यकता है। महिला हो या पुरुष (महिला को प्राथमिकता दी जायेगी)। मांसाहारी व शाकाहारी हर तरह का खाना बनाने में निपुण हो। परिवार के लिए सुबह-शाम उत्तम भोजन बना सके।



सम्पर्क करें :- 9720007290